रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72900 10 ग्राम
₹92000 01 किलो
सेंसेक्स 77,964.99 -1,258.12
डॉलर 85.735 -0.032

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 07 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 333, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 रोहित को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी...

### रांची में मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# हमने पूरा किया अपना वादा : हेमंत

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में सोमवार को आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमने आपसे वादा किया था कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए की सम्मान राशि को दिसंबर माह से 25 सौ रुपए करेंगे। हम इसे आज पूरा कर रहे हैं। सीएम सोरेन ने कहा, आज आप सभी के बैंक खाते में बढ़ी हुई राशि की पहली किस्त के रूप में 25 सौ रुपए का हस्तांतरण हो चुका है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अब आप सभी अपनी पूरी क्षमता और ताकत के साथ इस राज्य के विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगी।

समारोह में मुख्यमंत्री ने 56 लाख 61 हजार 791 बहन-बेटियों के बैंक खाते में 1,415 करोड़ 44 लाख 77 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की परिकल्पना को जिस मजबूती के साथ धरातल पर उतारा है, उसकी चर्चा पूरे देश मे हो रही है। हमारी इस महत्वाकांक्षी योजना को कई अन्य राज्य रोल मॉडल के रूप में देखते हुए उसे अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मैं पूरे यकीन के साथ कह सकता हूं कि महिलाओं को आगे ले जाने में यह योजना निर्णायक साबित होगी। सीएम ने कहा, आपने हमें जो आशीर्वाद और सम्मान दिया है, उससे हमें एक नई ऊर्जा और ताकत मिली है। हमारी सरकार महिलाओं के मान-सम्मान, स्वाभिमान और हक अधिकार देने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपने आगे बढ़ने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने के मकसद से हमने इस योजना को लागू किया है। हमारे इस कदम से आप अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश को मजबूती देंगे।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि जब तक महिला- पुरुष कदम से कदम मिलाकर नहीं चलेंगे, यह राज्य और देश आगे नहीं बढ़ेगा। लेकिन, अफसोस इस बात का है कि इस देश में कई नीतियां, कार्यक्रम और योजनाएं बनीं, फिर भी आधी आबादी आज भी विकास से कोसों दूर है। उन्होंने कहा, महिलाओं को वह ताकत नहीं मिली, जिसके माध्यम से वे खुद और अपने घर परिवार के साथ राज्य और देश के विकास का हिस्सा बन सकें। इसी बात को ध्यान में रखकर हमने महिलाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दिशा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से कदम बढ़ाने का काम किया है।

सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से हमारी सरकार ने एक ऐसी व्यवस्था आपको दी है, जिसमें आपके सपनों को पूरा करने की पूरी क्षमता होगी। आप इस पैसे से ना सिर्फ अपनी जरूर को पूरा कर सकेंगी, बल्कि उसके माध्यम से अपने बच्चों के बेहतर पठन-पाठन के साथ आपको अपनी शेष पेज 11 पर

**सीएम ने कहा**

1. आपके आशीर्वाद से हमें मिली है एक नई ऊर्जा और ताकत
2. महिलाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी योजना
3. राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध



**प्रमंडल वार हस्तांतरित राशि**

| प्रमंडल | राशि |
|---|---|
| उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल | 500.81 करोड़ |
| दक्षिणी छोटानागुर प्रमंडल | 230.35 करोड़ |
| पलामू प्रमंडल | 190.01 करोड़ |
| संथाल परगना प्रमंडल | 320.87 करोड़ |
| कोल्हान प्रमंडल | 173.08 करोड़ |

## महिलाओं से बेहतर पैसे का महत्व कोई नहीं समझ सकता

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि महिलाएं घर परिवार भी चलाती हैं और कामकाज भी करती हैं। ऐसे में पैसे का महत्व उनसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता है। उन्होंने कहा, यही वजह है कि हमारी सरकार घर-परिवार चलाने वाली महिलाओं पर राज्य को आगे ले जाने का जिम्मा भी सौंप रही है। अब महिलाओं के जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था का पहिया घुमाने का प्रयास हो रहा है, क्योंकि इस राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने में आधी आबादी की अहम भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य की बहन-बेटियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने बहुत बड़ा कदम उठाया है। हमारी सरकार समय-समय पर गांव और देहातों का भ्रमण भी करेगी और यह जानने की कोशिश करेगी कि आर्थिक समृद्धि के लिए आपके द्वारा किन-किन गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इस दिशा में सरकार के द्वारा आपको आगे भी पूरा सहयोग मिलेगा।




### बैंकों को अपना नजरिया बदलना होगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के प्रति बैंकों का रुख बहुत अच्छा नहीं है। यहां के गरीब लोग बैंकों में जो पैसा जमा करते हैं, उसका इस्तेमाल कहीं और होता है। यहां के लोगों को बैंकों से जो मदद मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलती है। लेकिन, अब बैंकों को अपना रुख बदलना होगा।

### अभाव की जिंदगी जीने को हैं मजबूर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस राज्य के संसाधनों के जरिए दूसरे राज्य रोशन हो रहे हैं। लेकिन, वर्षों से यहां के लोग अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। पिछड़ापन,गरीबी, बेरोजगारी, शोषण कुपोषण और पलायन जैसी समस्याएं आज भी इस राज्य के विकास में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनते बनते रह गया रांची एयरपोर्ट

**मनोज मिश्रा**


सांकेतिक चित्र

- लो विजिबिलिटि में लैंडिंग और टेक ऑफ सुविधा के उपकरण देवघर भेजे गए
- प्रतिदिन विलंब से उड़ान भर रही हैं दर्जन भर फ्लाइट
- धुंध के कारण फ्लाइट कैंसिल होने से यात्री परेशान

**रांची।** कुछ समय तक रांची हवाई अड्डा हज यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तरह काम कर चुका है और उससे यह उम्मीद जगी थी कि राजधानी रांची भी औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख हवाई अड्डा होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपना स्थान सुरक्षित कर लेगा। इसको ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर एडवांस कैट-2 एप्रोच लाइटिंग उपकरण रांची आ भी गए थे, लेकिन अज्ञात कारणों से सारे उपकरण देवघर हवाई अड्डे को स्थानांतरित कर दिए गए। ज्ञात हो कि एडवांस कैट-2 एप्रोच लाइटिंग उपकरण किसी भी मौसम में 750 मीटर विजिबिलिटि में भी दिन-रात हवाई जहाज को लैंडिंग और टेक ऑफ की सुविधा प्रदान करता है।

इधर, एडवांस कैट-2 एप्रोच लाइटिंग उपकरण को देवघर हवाई अड्डे पर स्थानांतरित करने का नतीजा यह हुआ कि इस धुंध भरे मौसम में रांची एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन प्रभावित हो गया है। आगामी 31 जनवरी तक 27 जहाजों की समय सारणी में परिवर्तन करना पड़ा है। साथ ही, लगभग एक दर्जन फ्लाइट विलंब से चल रहे हैं। गत रविवार को एक फ्लाइट रद्द भी कर दिया गया था।

फ्लाइट रद्द होने वाले यात्री अक्सर हंगामा करते हैं और इससे झारखंड की छवि भी खराब होती है। इससे पर्यटन, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश पर गंभीर असर पड़ सकता है। समस्या बड़ी है, लेकिन बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन इस विषय पर कुछ भी बोलने से बचता रहा।

## प्रतिबंधित सूची से भारतीय परमाणु संस्थाओं को हटाएगा अमेरिका

- अमेरिकी एनएसए ने भारत दौरे पर की घोषणा

**नई दिल्ली (हि.स.)**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को नई दिल्ली में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान एनएसए सुलिवन ने घोषणा की कि अमेरिका भारतीय परमाणु संस्थाओं को सूची से हटाने जा रहा है, जिससे असैन्य परमाणु सहयोग और लचीली स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा। एनएसए सुलिवन के साथ अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी था। विदेश मंत्रालय के अनुसार अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन ने अमेरिकी मिसाइल निर्यात नियंत्रण नीतियों में बदलाव के बारे में बताया जिससे भारत-अमेरिकी वाणिज्यिक अंतरिक्ष सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान दोनों एनएसए ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, रक्षा और अंतरिक्ष सहित कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच ठोस पहल पर विचार किया।

उल्लेखनीय है कि दोनों एनएसए एक व्यापक द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक एजेंडे पर व्यापक चर्चा के माध्यम से नियमित रूप से उच्च स्तरीय वार्ता में शामिल रहे हैं। 24 मई 2022 को टोक्यो में क्वॉड शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जोसेफ बिडेन ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) के शुभारंभ की घोषणा की थी। शेष पेज 11 पर

### नक्सलियों ने जवानों को उड़ाया

# दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवान हुए शहीद



- एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी हुई मौत

**बीजापुर (हि.स.)**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंतर्गत बेदरे मार्ग पर ग्राम अंबेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कॉर्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार को दोपहर आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया। इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 8 जवान और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की मौत हो गई। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।

बताया गया कि रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद जवान सोमवार को वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने दिन में 02:15 बजे आईईडी (परिष्कृत विस्फोटक उपकरण) से विस्फोट कर जवानों को लेकर जा रहे स्कॉर्पियो वाहन को उड़ाकर वारदात को अंजाम दिया। इसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के 8 जवान और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी मौत हो गई। वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन चालक के भी चिथड़े उड़ गए।

नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कॉर्पियो वाहन सीजी 17 केडब्ल्यू 7937 में सवार हो गए थे। इस वाहन को उड़ाने के लिए बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया गया था। शेष पेज 11 पर

> बीजापुर, छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों पर हुआ नक्सली हमला निंदनीय है। देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों के शोक-संतप्त परिवारजनों के प्रति मैं गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। हमारा देश नक्सलवाद को समूल समाप्त करने के लिए संकल्पबद्ध है।
> - **द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति, सोशल मीडिया 'एक्स' पर।

> बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दु:खी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दु:ख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।
> - **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री, सोशल मीडिया 'एक्स' पर।

## खूंटी में पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के दो सक्रिय सदस्यों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी रायफल और 11 कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों में विकास गोप और निमेश गोप शामिल हैं। दोनों कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे गांव के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से हुई है। ये जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देसी रायफल के अलावा आठ एमएम का शेष पेज 11 पर

### भारत में मिला एचएमपीवी वायरस का तीसरा केस

# अहमदाबाद में 2 महीने का बच्चा मिला पॉजिटिव

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- बेंगलुरु में तीन महीने की बच्ची और 8 महीने के लड़के में भी मिला संक्रमण

चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। भारत में भी एचएमपीवी वायरस के मामले सामने आने लगे हैं। बेंगलुरु के बाद गुजरात के अहमदाबाद में दो महीने के बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारत में अब तक एचएमपीवी वायरस के तीन मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से दो कर्नाटक में और अब एक मामला गुजरात के अहमदाबाद से सामने आया है। बच्चे में सर्दी और बुखार के लक्षण हैं। अहमदाबाद के निजी अस्पताल की एक लैब के अनुसार, बच्चे की एचएमवीपी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चा मोडासा के नजदीक एक गांव का रहने वाला है। बच्चे की तबीयत सामान्य बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने वायरस की गंभीरता को देखते हुए लोगों को सलाह दी है कि यदि आप खांसते या छींकते हैं, तो अपने मुंह और नाक को रुमाल से ढके रहें। बीमार हैं, तो सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। यदि सांस संबंधी समस्या होने पर तुरंत डॉक्टरों को दिखाएं।

इधर, बेंगलुरु में तीन महीने की बच्ची और आठ महीने के लड़के में नियमित निगरानी के जरिए एचएमपीवी संक्रमण का पता चला। शेष पेज 11 पर

### सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है : नड्डा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश में ह्यूमन मेटान्योमो वायरस (एचएमपीवी) के तीन मामलों की पुष्टि हो चुकी है। सोमवार को कर्नाटक से एक तीन महीने की बच्ची व एक 8 महीने के बच्चे तथा अहमदाबाद में दो महीने के बच्चे को एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाए जाने की पुष्टि हुई है। इन खबरों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक एचएमवीपी कोई नया वायरस नहीं है। यह भारत में 2001 में पहली बार पहचाना गया था। एचएमपीवी हवा के माध्यम से फैलता है। यह ज्यादा सर्दी के मौसम में फैलता है। चीन और आसपास के देशों में फैले एचएमवीपी की स्थिति पर नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# तेज होने वाली है आदिवासी का दर्जा पाने और हटाने की लड़ाई


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के कई राज्यों में अनुसूचित जनजातियों के कुछ लोग धर्म के आधार पर आरक्षण के मुद्दे को लेकर एक दूसरे के सामने खड़े हो गए हैं। आदिवासी या अनुसूचित जनजाति के लोग धार्मिक विश्वास के आधार पर तो बंटे हुए हैं ही लेकिन डीलिस्टिंग की मांग ने उनके बीच इस अविश्वास को और बढ़ा दिया है। डीलिस्टिंग इस पर आधारित है कि कुछ लोग मांग कर रहे हैं कि जिन आदिवासियों ने ईसाई या अन्य धर्म को स्वीकार कर लिया है उन्हें अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाए। इसे डीलिस्टिंग कहा जा रहा है। इस मांग से आदिवासी समुदाय में दरार पैदा हो रही है। इस डीलिस्टिंग बहस के पीछे तो असल मुद्दा आरक्षण है लेकिन इसका एक धार्मिक पहलू पिछले कुछ सालों में इस बहस के साथ धर्म परिवर्तन और घर वापसी जैसे मुद्दे भी जुड़ गए हैं। जनजाति सुरक्षा मंच ने ईसाई और इस्लाम जैसे अन्य धर्मों को अपनाने वाले अनुसूचित जनजाति (एसटी) के हिंदुओ से आरक्षण का अधिकार छीनने (आरक्षण कोटे से बाहर करने) की मांग को लेकर रांची के मोरहाबादी मैदान में एक विशाल रैली का आयोजन किया था । कई आदिवासी नेताओं और नागरिक समाज के सदस्यों का कहना है कि ऐसी रैलियों का उद्देश्य राजनीतिक लाभ के लिए आदिवासी समुदाय को विभाजित करना है जिससे उनके बीच विद्वेष बढ़ सकता है। उरांव जनजाति धर्म संस्कृति रक्षा मंच झारखंड प्रदेश के बैनर तले एचईसी सेक्टर तीन सरना सरहुल पूजा स्थल के समीप एक बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव ने कहा था कि बाबा कार्तिक उरांव ने संसद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समय धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण के लाभ से वंचित करने की मांग की थी। 348 सांसदों की सहमति से संसद में चर्चा की मांग थी, वह मांग आज भी कायम है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने 2004 केरल राज्य बनाम चंद्रमोहन निर्णय के आलोक में कहा था कि जो जनजाति आदिवासी अपने पूर्वजों का रूढि. प्रथा संस्कार सांस्कृतिक विवाह, विरासत इत्यादि को त्याग कर दिया हो और अनुसरण नहीं कर रहा हो, वैसे जनजाति को सदस्य स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस विषय पर विचार करते हुए सरकार को कानून बनाने की जरूरत है। जो आदिवासी धर्मातरित होकर ईसाई बन जाते हैं वे जनजाति समाज के लोगों का हक तो मारते हीं हैं अल्पसंख्यक का भी लाभ लेते हैं। इस विषय को पूरे देश में प्रमुखता से उठाया जाएगा और सरकार से कानून बनाने की मांग की जाएगी। इससे पहले सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी संग्राम बेसरा ने जनजाति समाज के लिए संविधान में उल्लेखित बातों को विस्तार से बताया। इधर एसटी आरक्षण पर छिड़ी जंग में आदिवासी समुदाय से आने वाले डूंगरपुर-बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत ने एक बड़ा बयान देकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। उन्होंने एसटी आरक्षण को 4 हिस्सों में बांटे जाने की मांग की है। जिसमें अनुसूचित क्षेत्र, डीटीएस, हाड़ौती क्षेत्र और गैर अनुसूचित क्षेत्र शामिल है। इनका कहना है कि राजस्थान में एसटी आरक्षण को 4 सब कैटेगिरी में क्षेत्रीय आधार पर हो ना कि जातीय आधार पर। जातीय आधार पर भील मीणा, सहरिया, गरासिया, दामोर, दामरिया, धनका, मीना, नायक, पटेलिया सहित 12 सब कैटेगिरी हैं।



इससे एसटी वर्ग ही आपस में लड़ेगा, वहीं क्षेत्रीय आधार सिर्फ 4 श्रेणी में ही विभाजित करना होगा। इस मांग के बढ़ने पर एक नए प्रकार की समस्या खड़ी हो सकती है ।झारखंड में भी आदिवासियों को जनगणना में सरना कोड देने की मांग को लेकर अनेक संगठन बहुत मुखर हैं। सरना वैसे जनजातीय समुदाय को कहा जाता है जो मूल रूप में आदिवासी रीति रिवाज का पालन करते हैं यानी प्रकृति पूजक हैं । यदि इसे मान लिया जाए तो क्या धर्मांतरित आदिवासी इस लिस्ट से बाहर होंगे ? नवंबर 2020 में झारखंड सरकार ने एक विशेष एक दिवसीय विधानसभा सत्र में जनगणना 2021 में 'सरना' को एक अलग धर्म के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया था । यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ और विपक्षी भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था हालांकि उसने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया। झारखंड में एक अलग संहिता की मांग करने वाले आदिवासी समूहों ने तर्क दिया कि 1941 तक जनगणना में आदिवासियों के लिए एक अलग कॉलम था। इसे 1951 की जनगणना में हटा दिया गया था। इसमें एक बड़ा पेंच यह है कि अनेक राज्यों में लोग सरना शब्द से अनजान हैं और आदि धर्म को मानते हैं दूसरे झारखंड में बड़ी संख्या में कुड़मी हैं जो सबूत दिखाते हैं कि पहले वे आदिवासी की श्रेणी में थे उनका क्या होगा ? इनका कहना है कि 1872 से 1931 तक कुड़मी जनजाति को जनगणना में एनीमिस्ट, अबोर्जिनल, ट्राइब और प्रीमिटिव ट्राइब कहा गया।1950 में जब अनुसूचित जनजाति की सूची 1931 के जनगणना के आधार पर बनी तो कुड़मी को बिना कोई कारण बताए अन्य जनजातियों के साथ शामिल नहीं किया गया।

# कर्ज की जंजीरें तोड़, वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करना, महिलाओं को सशक्त बनाना उद्देश्य









हेमंत सोरेन

झारखंड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। आज से पांच महीने पहले शुरू हुई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आर्थिक पुनरुद्धार एवं राज्य के सर्वांगीण विकास यात्रा में मिल का पत्थर साबित हो रही है। आज का यह दिन इसलिए अभूतपूर्व है क्यूंकि आज से राज्य की सभी बहनों (18-50 वर्ष) के खातों में मेरे वादे के अनुसार 2500 रुपये की सम्मान राशि पहुँचनी शुरू हो जाएगी। यह उनकी आर्थिक स्वतंत्रता का प्रथम कदम अवश्य है। आज मैं आपसे मंईयां सम्मान योजना सृजन के पीछे के उद्देश्य को साझा करना चाहता हूं कि आखिर क्यों झारखंड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान जैसी योजना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। पर इस क्रांतिकारी योजना के महत्व को समझने के लिए झारखंड के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य की पृष्ठभूमि को समझा जाना नितांत आवश्यक है। दशकों से, हमारे राज्य ने ग्रामीण परिवारों पर शोषक साहूकारों के विनाशकारी प्रभाव को देखा है, जिसमें महिलाएं कर्ज से उत्पन गरीबी का असहनीय बोझ उठाती रही हैं। मैंने खुद महसूस किया है कि हमारे राज्य की करीब झ करीब हर महिला अपने बच्चों की पढ़ाई या दवाई के लिए महाजनों से कर्ज लेती थीं और बाद में ब्याज के दलदल में फंस कर मजदूरी या हड़िया दारू बेचने में ही अपने जीवन का स्वर्णिम समय बिता दिया।

मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में 1970 के दशक में महाजनों के विरोध में चलाए गए आंदोलन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कर्ज ने पीढ़ियों को गरीबी के चक्र में फंसा दिया। कर्ज के कारण बंधुआ मजदूरी करनी पड़ी और पैतृक भूमि तक छिनी गई। यह मेरे लिए गौरव की बात है कि मंईयां सम्मान योजना शोषक साहूकारी प्रथाओं के खिलाफ मेरे पिता आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के ऐतिहासिक संघर्ष की विरासत को जारी रखने में एक साहसिक कदम है।

जैसा की मैंने ऊपर बताया - आज इस सार्वभौमिक योजना के पांचवें महीने में, 18-50 वर्ष की आयु की 56 लाख से अधिक महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक प्रदान की जाएगी। यानि वर्ष में 30,000 रुपये, बिना किसी देरी और बिना किसी को खुशामद किए हुए। मंईयां सम्मान के माध्यम से हम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को लक्षित कर उनके वित्तीय स्वतंत्रता के इस संघर्ष में एक नया अध्याय लिख रहे हैं। तस्वीर बदल रही है। मेरी बहनों, दीदियों के चेहरे पर मंईयां सम्मान की राशि से खुशी की गारंटी बन रही है। गांवों की अर्थव्यवस्था पुनः चल पड़ी है।

सार्वभौमिकता ना सिर्फ इस योजना की प्रकृति है बल्कि इसकी आधार शक्ति भी है। यही वजह है कि किसी महिला की आर्थिक स्थिति को इस योजना के योग्यता के मानक में शामिल किए बिना, बिना जटिल कागजी प्रक्रिया के - 18 से 50 आयु वर्ग की सभी महिलाओं को मंईयां योजना का हकदार बनाकर आपकी अबुआ सरकार ने उन त्रुटियों को समाप्त कर दिया है जो पूर्व में कल्याण कार्यक्रमों के लक्ष्य को हासिल करने में बाधक बनती थी।

यह सार्वभौमिक योजना महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करती है। मेरा अटूट विश्वास है कि एक परिवार की 18-50 वर्ष की हर बहन को 2,500 रुपये मासिक और 30,000 रुपये सालाना उपलब्ध कराने से परिवार की आय में परिवर्तनकारी वृद्धि होगी, विशेष रूप से झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं की वित्तीय स्वायत्तता पारंपरिक रूप से बहुत सीमित रही है। वैश्विक आर्थिक अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं के आर्थिक सुदृढ़ीकरण से परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में बेहतर परिणाम सामने आते हैं। महिलाएं आमतौर पर पुरुषों की तुलना में परिवार के कल्याण में अपनी आय का अधिक हिस्सा निवेश करती हैं। महिलाओं का यह गुण मंईयां सम्मान को एक साधारण कल्याण योजना की बजाय झारखंड की भावी पीढ़ियों के लिए एक रणनीतिक निवेश साबित होगी। निश्चित रूप से यह योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है।

इस योजना का वित्तीय समावेशन का पहलू विशेष ध्यान देने योग्य है। महिलाओं के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरण से हम पहली बार लाखों महिलाओं को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में ला रहे हैं। इस समावेशन के कई लाभ हैं - बैंकिंग क्रेडिट हिस्ट्री बनने से उचित दरों पर ऋण की उपलब्धता हो पाएगी। इसका प्रभाव व्यक्तिगत लाभ से परे है, यह ग्रामीण झारखंड के पूरे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, जबकि शोषक साहूकारों की पकड़ को व्यवस्थित रूप से कमजोर करता है।

मेरा मानना है कि महामारी के बाद मंईयां सम्मान योजना लागू होने का यह समय ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोविड-19 का आर्थिक प्रभाव विशेष रूप से लिंग आधारित रहा है। महिलाओं को नौकरी छूटने और आय के अवसरों में कमी का अनावश्यक बोझ उठाना पड़ा है। आर्थिक सुरक्षा के साथ साथ यह योजना उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करती है। जब महिलाओं के पास क्रय शक्ति होती है, तो स्थानीय बाजार फलते-फूलते हैं, जिससे आर्थिक विकास का एक अच्छा चक्र बनता है। इसकी मजबूत नींव आपकी अबुआ सरकार ने रख दी है।

सरकार के इस तरह के सार्वभौमिक कार्यक्रम के राजकोषीय निहितार्थों पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को इसे केवल व्यय की बजाय, एक निवेश के रूप में जानना समझना चाहिए। इस योजना पर खर्च की जा रही राशि हमें कई रूपों में वापस मिलेगी कई - जैसे आकस्मिक स्वास्थ्य समस्त पर कम खर्च, परिवार में बेहतर शिक्षा एवं बेहतर पोषण को बढ़ावा एवं इसके कारण कम सामाजिक कल्याण खर्च के रूप में। इसके अलावा, बढ़ी हुई खपत के माध्यम से उत्पन्न आर्थिक गतिविधि कर राजस्व को बढ़ावा देगी। यह एक वाइब्रेंट स्थानीय अर्थव्यवस्था की नींव को और मजबूती देगी जिसका खाका मेरी सरकार ने खींच लिया है।

योजनाओं को लेकर हमारा यह दृष्टिकोण कल्याणकारी राज्य की सोच में एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। किसी भी समाज के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए यह अनिवार्य है की लोगों की जरूरत को समझा जाए, और यह तय करने के पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के बजाय, हम महिलाओं पर अपने परिवारों के लिए सर्वोत्तम निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करने पर भरोसा करते हैं। नियमित आय का प्रवाह महिलाओं को उनकी अपनी परिस्थितियों के अनुकूल योजना बनाने, बचत करने और निवेश करने में सक्षम बनाता है। जिससे वित्तीय साक्षरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलता है।

इस योजना का 'मंईयां सम्मान' नाम आर्थिक तौर पर मजबूत नींव प्रदान करते हुए, हमारी झारखंडी विरासत में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। हमारे देश के अन्य हिस्सों में और साथ ही झारखंड में, महिलाएं घरेलू काम, बच्चों की देखभाल और कृषि गतिविधियों में अनगिनत घंटे बिताती हैं - ऐसे योगदान को ऐतिहासिक रूप से स्वीकारा नहीं गया, ना ही इसके लाभ दिए गए। यह मासिक भुगतान इस तरह की केयर इकोनॉमी में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनके काम के लिए कुछ हद तक आर्थिक मान्यता प्रदान करता है।

मैं मंईयां सम्मान का समर्थन करने वाले डिजिटल बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय भी करना चाहता हूं। प्रत्यक्ष हस्तांतरण के लिए आज के सूचना तकनीक का लाभ उठाकर, हम पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं, साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में पहले हुए कमियों को दूर करने का प्रयास भी कर रहे हैं। डिजिटल माध्यमों की पहुंच महिलाओं के बीच वित्तीय और तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देती है, उन्हें तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करती है। वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण का संयोजन हमारी महिलाओं को वित्तीय अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए तैयार करता है। ऐसे ही तो बनेगा सोना झारखंड।

**इस योजना के पर्यावरणीय निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं :** शोध से पता चलता है कि जब महिलाओं के पास अधिक आर्थिक तंत्र होती है, तो वे संसाधन प्रबंधन में अधिक टिकाऊ विकल्प चुनती हैं। झारखंड के संदर्भ में, जहां महिलाएं पारंपरिक रूप से महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं, वहां बेहतर वन संरक्षण, अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियां और बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हो सकता है। श्रम बाजार के परिणाम भी यहां उतने ही महत्वपूर्ण हैं। बुनियादी आय की गारंटी के साथ महिलाएं अपनी रोजगार वार्ता में मजबूत सौदेबाजी की शक्ति प्राप्त करती हैं। वे शोषणकारी कार्य स्थितियों को अस्वीकार कर सकती हैं। साथ ही बेहतर काम के अवसरों की तलाश में समय लगा सकती हैं। इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने की स्थिति और मजदूरी में धीरे-धीरे सुधार हो सकता है, जहां हमारी कई महिलाएं कार्यरत हैं।

साथ ही मैं सबको आश्वस्त करना चाहूंगा कि इस अभूतपूर्व पहल को लागू करते समय, हम आगे आने वाली चुनौतियों के प्रति सचेत हैं। योजना का सुचारू रूप से जारी रखना, साथ ही पूरी पारदर्शिता बनाए रखना एवं राज्य के खजाने को बिना किसी पर भार दिए भरना और इस योजना की सार्थकता को लगातार मापने हमारी प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित करते हुए कि योजना अपने उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो, हम फीडबैक और परिणामों के आधार पर नियमित मूल्यांकन और समायोजन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**मंईयां सम्मान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं है :** यह झारखंड के भविष्य के लिए हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण का एक आईना है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर, हम सिर्फ शोषक साहूकारों से मुक्ति के आंदोलन के अगुवा आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने को ही पूरा नहीं कर रहे हैं, हम एक ज्यादा न्यायसंगत, समृद्ध और न्यायपूर्ण समाज की नींव रख रहे हैं। यह पहल दूसरे राज्यों के लिए एक मिसाल कायम करती है और संभावित रूप से सार्वभौमिक बुनियादी आय और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय विमर्श को आकार देती है।

झारखंड की महिलाएं सच्ची आर्थिक आजादी और सामाजिक न्याय की दिशा में इस साहसिक कदम से कम की हकदार नहीं हैं।

**जय हिंद, जय झारखंड।**

## झामुमो ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति द्वारा पिछले दिनों नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य पर रांची रिंग रोड, सेंबो स्थित रेनबो रिवर वॉटरपार्क में पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने की। कार्यक्रम काफी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय नेता, विधायक, जिला के पदाधिकारी और प्रखंड व पंचायत स्तर के कार्यकतागण शामिल हुए। इस दौरान 200 लोगों ने झामुमो की सदस्यता ली। सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा, सचिन सिंह, रौनक कुशवाहा एवं जिला के पदाधिकारीयों और विभिन्न वर्ग संगठन के पदाधिकारीयों ने महत्वपूर्ण योगदान देकर सफल बनाया। झामुमो रांची जिला का ये अबतक का सबसे सफल वनभोज कार्यक्रम रहा। इसको लेकर जिला समिति ने सभी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### बजट की निर्धारित राशि कैसे खर्च हो इस पर मंथन करे सरकार : विजय शंकर नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने आम जनता से बजट के लिए सुझाव आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनता से सुझाव लेना अच्छी बात है मगर सुझाव को ज्यादा से ज्यादा बजट मे सम्मलित करना बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले वितिय वर्ष 2024-2025 मे सरकार को जनता की ओर से से 721 सुझाव प्राप्त हुए थे जिसमें मात्र 21 सुझाव को ही बजट मे शामिल किए गए थे। नायक ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने बजट की निर्धारित राशि को खर्च नही कर केंद्र सरकार को सरेंडर करने की नीति अब झारखंड की परम्परा बन गई है। हेमंत सरकार भी उसी नीति पर चलने का कार्य कर रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन से इस नीति और परम्परा से हट कर कार्य करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कार्य संस्कृति को डेवलप करें जिसमे 100 प्रतिशत बजट की राशि खर्च हो।

11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाएगी भाजपा

## कांग्रेस ने संविधान निर्माता भीम राव अंबेडकर का हमेशा किया अपमान : बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा द्वारा आगामी 11से 25जनवरी तक चलने वाले संविधान गौरव अभियान की जानकारी दी। श्री बाउरी को पार्टी ने अभियान का प्रदेश संयोजक बनाया है। साथ ही प्रदेश मंत्री नन्द जी प्रसाद एवं वरिष्ठ नेता राकेश भास्कर इस अभियान के सह संयोजक बनाए गए हैं। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री बाउरी ने कहा कि देश के आम जनता तक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संघर्ष संविधान निर्माण और कांग्रेस के द्वारा किए गए उनके साथ छल को लेकर जिला मंडल तक आम जनता को जागरूक करने का काम भाजपा 11 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक करेगी इस अभियान को भारतीय जनता पार्टी ने संविधान गौरव अभियान का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान का ही यह फल है कि आज सर्वोच्च पायदान पर देश की एक आदिवासी महिला विराजमान है वही चाय बेचने वाले एक व्यक्ति प्रधानमंत्री के रूप में जन सेवा कर रहे हैं। भारत को महान बनाने में संविधान का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन आज भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचार समाज के बीच नही गया है। भाजपा बाबा साहब के लक्ष्य को देश के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का काम इस अभियान के माध्यम से करेगी।

कहा कि संविधान निर्माण के समय की सभी घटनाओं की जानकारी देश की जनता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण के समय कांग्रेस ने धर्म आधारित आरक्षण पर जोर दिया था लेकिन बाबा साहब देश के हर नागरिक को, प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार दिया। कहा कि आज बाबा साहब के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू , इंदिरा गांधी को उनके जीवित समय में ही भारत रत्न की उपाधि दे दी लेकिन बाबा साहब को इस उपाधि से वंचित रखा वही मरणोपरांत उन्हें नई दिल्ली में दो गज जमीन में नसीब नहीं होने दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब कश्मीर में धारा 370 का भी विरोध किया था। ऐसी कई घटनाएं हैं जो आम जनता के बीच जानी चाहिए इसलिए भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में मंडल स्तर तक जाकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के उन सभी अनुच्छेद उनके लक्ष्य और उनके नीति सिद्धांतों को बताने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के नाम उन्हें सम्मान देना और सम्मान देने का दिखावा करना में जमीन आसमान का अंतर होता है भारतीय जनता पार्टी में बाबा साहब को अपने कार्यकाल में भारत रत्न देकर उन्हें सम्मान दिया है।

भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार, कहा

## भाजपा का गौरव अभियान चलाने की बात करना चुटकुले से कम नहीं

*देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा भाजपा के फरमान से नहीं : सोनल शांति*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान दिए गए बयान का कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि संविधान को मजाक बनाने वाले और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को भरी संसद में अपमानित करने वाली भाजपा के नेता संविधान गौरव अभियान चलाने की बात करते हैं। यह किसी सस्ते चुटकुले से कम नहीं।

सोनल शांति ने कहा कि भाजपा का अभियान संविधान बचाने का नहीं बल्कि संविधान बदलने के लिए जनमत संग्रह के लिए चलाया जाएगा। संविधान बदलने की बात करने के कारण ही 2014 में अकेले बहुमत प्राप्त करने वाली भाजपा आज बैसाखी पर सरकार चला रही है। बाबा साहब के आदर्शों की बात भाजपा नेता के मुंह से अच्छी नहीं लगती। भाजपा धार्मिक आधार पर देश में विभाजन की नीति अपना रही है। आरक्षण को समाप्त कर पिछड़ों,अनुसूचित जाति,जनजाति को समाज की मुख्य धारा से हटाना चाहती है। महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने वाली कांग्रेस को गोडसे के अनुयायी आईना दिखाने की कोशिश कर रहे हैं,जबकि जनता ने केंद्र से लेकर झारखंड तक उन्हें उनका असली चेहरा दिखा दिया है। हताश-निराश भाजपा अपने प्रमुख एजेंडे धर्म के रास्ते मजबूत होना चाहती है लेकिन देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा भाजपा के फरमान से नहीं।

महागठबंधन द्वारा जारी 7 गारंटी में से पहली गारंटी के रूप में 56 लाख महिलाओं के खाते में ₹2500 का लाभ दिया गया जिससे भाजपा औंधे मुंह गिर पड़ी है, उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है इसलिए मदहोशी के आलम में कुछ भी बोल रहे हैं। अमर बाउरी खुद अपनी पार्टी की नीतियों के चलते हार का मुंह देख चुके हैं, उन्हें चिंतन की जरूरत है। सरकार की तमाम योजनाएं सुचारू रूप से चल रही है। महागठबंधन सरकार कर्ज लेने की बजाय कर्ज चुका रही है। किसी भी विभाग के बजट में कटौती की बजाय अनुपूरक बजट में पैसे दिए गए।राजस्व के नए स्त्रोत की तलाश की जा रही है। लगभग पांच माह तक झारखंड पूरी तरह आचार संहिता के दायरे में था जिसके चलते कार्यों में शिथिलता आई थी, अब सारे विभागों में कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।सरकार की कार्य संस्कृति के कारण ही केंद्र द्वारा पूंजीगत व्यय पर झारखंड को बोनस दिया जा रहा है। विकसित झारखंड का लक्ष्य हमारी सरकार का है।

### व्यवसायी महेंद्र ठक्कर का निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष प्रतुल शाह देव ने व्यावसायी, समाजसेवी एवं रघुवंशी स्टोर के संचालक महेंद्र ठक्कर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि महेंद्र ठक्कर ने फर्श से अर्श तक की अपनी सफलता की कहानी खुद लिखी। उनका प्रतिष्ठान विश्वसनीयता के लिए दशकों से जाना जाता रहा है। शहर के व्यावसायिक गतिविधियों और समाज सेवा में भी उनके उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनका जाना पूरे समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। प्रतुल ने ठक्कर के पीपी कंपाउंड में स्थित उनके घर जाकर दिवंगत की आत्मा की शांति की कामना की एवं परिजनों को सांत्वना दी।

मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने कांग्रेस भवन में सुनी जनता की समस्याएं, कहा

## आम लोगों के हित में काम कर रही है सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जन समस्याओं के समाधान की सीधी पहल कांग्रेस द्वारा शुरू कर दी गई है। इस क्रम में कांग्रेस भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आम लोगों की समस्याओं को सुना।



**मंत्री दीपिका ने सुनी जनता की परेशानी :** जनता दरबार के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि यह सरकार आम लोगों के हित की सरकार है। आज के जनता दरबार में मुख्य शिकायत अंचल और प्रखंड ऑफिस का है। आसानी से और समय सीमा में होने वाली शिकायतों को अधिकारियों को अविलंब दूर करना चाहिए। जब कोई बड़ी योजना चलती है तो कुछ शिकायत आती है अबुआ आवास बिल्कुल नई योजना थी शायद यही वजह है कि इसके कार्यान्वन में कुछ शिकायतें आती हैं,जिसे दूर किया जा रहा है। अबुआ आवास के मामले में अधिकांश शिकायतकर्ता है ऐसे हैं जिन्हें पहले किसी अन्य आवास योजना से आवास आवंटित हो गया है, लेकिन तीन कमरों का आवास शौचालय एवं किचन के साथ होने के कारण अबुआ आवास लोकप्रिय योजना है अतः लोग चाहते हैं कि उन्हें अबुआ आवास मिले लेकिन पहले से लाभुक व्यक्तियों को यह नहीं मिल पा रहा है।

### पीएम आवास की संख्या बढ़ाए केंद्र : दीपिका

झारखंड सरकार के सर्वे के अनुसार अभी झारखंड में 24 लाख आवास की आवश्यकता है। केंद्र सरकार के सर्वे के अनुसार 16 लाख आवास की आवश्यकता है। हमने मांग की है कि झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवश्यक आवासों का आवंटन केंद्र सरकार करे। झारखंड सरकार द्वारा अभी 6.50 लाख आवास का आवंटन किया गया है जो बनने तथा आवंटन की प्रक्रिया में है।

केंद्र झारखंड की योजना को मॉडल बनाकर तीन कमरों का शौचालय किचन सहित आवास बनाएं ताकि महिलाओं और अन्य लोगों को बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### मंत्री इरफान आज सुनेंगे जनता की बात

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सोमवार को मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष 20 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा। मौके पर ही उन्होंने अधिकारियों से बात कर समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित और तीव्र गति से कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में आए कुल 20 मामलों में अबुआ आवास के किस्त भुगतान हेतु तीन आवास आवंटन के दो जमीन संबंधित 6 मामले नामांकन हेतु दो सड़क नाली के पांच आपदा के तहत मुआवजा भुगतान के संबंध में एक तथा गुमशुदगी का एक मामला आया। इसके लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। इस क्रम में आज 11:00 से 12:00 बजे तक कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी जन समस्याओं को सुनेंगे। स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग की समस्याओं को भी मंत्री के समक्ष आम लोगों के द्वारा रखा जा सकता है।

## 450 रुपए में सिलिंडर देने का वादा सत्ता प्राप्ति का प्रपंच था : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा। सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से पोस्ट करते हुए श्री मरांडी ने लिखा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे केवल सत्ता हासिल करने का साधन बनकर रह जाएं, तो यह न केवल जनादेश का अपमान है बल्कि जनता के भरोसे के साथ छल भी। कहा कि जब इंडी गठबंधन ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर और 3200 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, तब जनता ने इसे अपने भविष्य की उम्मीद के तौर पर देखा था। कहा कि अब जब हेमंत सरकार से इन वादों को पूरा करने की मांग की जा रही है, तो मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री गण बहाने गढ़ने में व्यस्त हैं। कहा कि हेमंत सरकार का रवैया यह केवल जनादेश का अपमान नहीं है, बल्कि नव निर्वाचित विधायकों को भी उपहास का पात्र बना रहा है। श्री मरांडी ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि 5 लाख सालाना नौकरी के जुमले की तरह 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भी केवल सत्ता प्राप्ति के लिए एक प्रपंच था। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में इस ठगबंधन सरकार के झूठ परत दर परत और उजागर होंगे।

# डीजीपी के उपस्थित नहीं होने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची



● होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन का मामला

● गृह सचिव वंदना दादेल कोर्ट में हाजिर हुई
● डीजीपी होमगार्ड को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश
● मामले में अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की पीठ में होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन का बकाया एरियर नहीं देने के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान डीजीपी के उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि अदालत के आदेश को हल्के में नहीं लिया जाए। अदालत ने मामले में अब डीजीपी होमगार्ड को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। हाईकोर्ट के आदेश पर गृह सचिव वंदना दादेल कोर्ट में हाजिर हुईं। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार को 25 अगस्त 2017 से होमगार्ड जवानों को बढ़े वेतन का लाभ देने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने पुलिसकर्मियों के समान होमगार्ड जवानों को समान काम के लिए समान वेतन का लाभ देते हुए दो माह में एरियर का भुगतान करने का निर्देश दिया था। आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कोर्ट ने गृह सचिव और डीजीपी को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया था। इस संबंध में प्रार्थी झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने अवमानना याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से कोर्ट से आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को सही मानते हुए सरकार की अपील खारिज कर चुकी है। प्रार्थियों का कहना था कि होमगार्ड भी पुलिसकर्मियों की तरह सेवा देते हैं, इसलिए उन्हें भी नियमित पुलिसकर्मियों की तरह लाभ दिया जाए।

# आज खादी एवं सरस महोत्सव का होगा समापन


● राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ,उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव के समापन समारोह के परिवर्तित तिथि के कारण रांची की जनता को एक दिन और महोत्सव घूमने का अवसर प्रदान हुआ है। छह जनवरी के स्थान पर अब सात जनवरी अपराहन 12:30 मंत्री, सांसद, विधायक आदि की उपस्थिति में राज्यपाल के कर कमलों द्वारा समापन किया जाना है। महोत्सव के अंतिम दिन सुबह से ही लोगों का आगमन शुरू हो गया था। सभी स्टॉलों में लोगों ने जमकर खरीदारी की। 20000 लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया गया। अंतिम दिन लोगों ने महोत्सव में बहुत ही आनंद उठाया। फूड स्टॉल में भी लोगों की भारी भीड़ देखी गई। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बनारसी दल द्वारा हिंदी गायन एवं मेरी आवाज मेरी पहचान द्वारा नागपुरी हिंदी गायन की प्रस्तुति की गई। समापन को लेकर खादी बोर्ड, उद्योग विभाग एवं ग्रामीण विभाग द्वारा विशेष तौर पर तैयारी की गई है।

## न्यूज बॉक्स

### अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का आदेश निरस्त

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की पीठ में रेंजर पद से अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने वेतन के मामले पर राज्य सरकार को विधि सम्मत निर्णय लेने का आदेश दिया है। रेंजर अनिल कुमार सिंह ने सरकार के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। राज्य सरकार ने उन्हें सात जुलाई 2021 को रेंजर पद से अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान कर दी थी। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि सरकार का आदेश बिल्कुल गलत है। उन पर झूठा आरोप लगाकर उक्त आदेश जारी किया गया है, जिसे निरस्त किया जाए।

### एक शिक्षा, एक सिलेबस लागू करने की मांग




**रांची।** एआईपीए का दो दिवसीय अधिवेशन पुरी में अध्यक्ष अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। उक्त अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों के अभिभावक प्रतिनिधि के साथ-साथ झारखंड से झारखण्ड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय व महासचिव मनोज कुमार मिश्रा शामिल हुए। अजय राय ने बताया कि दो दिवसीय अधिवेशन इशोपंथी आश्रम में चला जिसमें कई अलग अलग प्रदेशों के डेलीगेट शामिल हुए। अधिवेशन में एक राष्ट्र एक शिक्षा एक सिलेबस लागू करने, सभी राज्यों के निजी एवं सरकारी विद्यालयों में आरटीई का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने, सभी राज्यों में निजी एवं सरकारी विद्यालयों को नियंत्रित करने के लिये कानून बनाने सहित अन्य प्रस्ताव को रखा गया।

### पुलिस मुख्यालय समेत सभी जिलों में परेड का आयोजन



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय और राज्य के सभी जिले और पुलिस इकाईयों में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। सोमवार को सुबह नौ बजे पुलिस मुख्यालय और राज्य के सभी जिले और इकाईयों में पदस्थापित और प्रतिनियुक्ति पुलिस पदधिकारी और कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए साप्ताहिक परेड का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस परेड में आरक्षी से पुलिस निरीक्षक संवर्ग के पदाधिकारी और कर्मी भाग लिए। यह परेड नियमित रूप से अगले आदेश तक आयोजित किया जायेगा।

### ज्योतिष पंडित विष्णु शर्मा को भृगु ज्योतिष संस्थान ने दिया डॉक्टरेट की उपाधि



**रांची।** भुवनेश्वर में आयोजित भृगु ज्योतिष संस्थान ने बुंडू के ज्योतिष पंडित विष्णु शर्मा को उनके द्वारा किये गये शोध पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। गौरतलब है कि पंडित विष्णु शर्मा के शोध का विषय रहा 'विवाह बाधा, कारण, एवं निवारण', जिसे ज्योतिष क्षेत्र में अद्वितीय विषय माना गया। जमशेदपुर स्थित सेंट्रल एस्ट्रोलॉजिकल स्टडी एंड रिसर्च सेंटर से ज्योतिष विधा में प्रशिक्षण के बाद पंडित विष्णु शर्मा पिछले 26 वर्षों से इस क्षेत्र में अभ्यासरत हैं, जिसके तहत कई ऑनलाइन ज्योतिष वेबसाइट से भी जुड़े हुए हैं। जहां देश विदेश के जरूरतमंदों की समस्याओं का निवारण करते हैं। पंडित विष्णु शर्मा के मुताबिक डॉक्टरेट की उपाधि मिलना उनके लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसे वह अपनी माता और अपने बड़े बुजुर्गों को समर्पित करते हैं जिनके आशीर्वाद से ही उन्हें यह सम्मान मिला है।

# खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार हुआ

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में सोमवार को खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। अमावस्या के दिन खाटूनरेश का महास्नान के बाद लगातार 7 दिनों तक खाटूनरेश अपने मूल श्यामल रुप में भक्तजनों को दर्शन देकर आशीष दे रहे थे।श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूनरेश कथा कलर का जारीयुक्त नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से सजाया गया। लाल गुलाब फूल, पीला गुलाब फूल, आरकेड बुलु, मुरगन, गेंदा, पीला स्टार, भवरास्टार, सफेद स्टार, रजनीगंधा, पीला गेंदा, तुलसीदल की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। पंचमेवा का भोग चढ़ाया गया। मंदिर के आचार्यों ने केशर चंदन तिलक व श्रृंगार का कार्य सम्पदित किया।प्रभात खेमका -सरिता खेमका, विक्रम -अंशु, सिद्धार्थ - अनिशा खेमका ने अपने परिजनों के साथ केशर चंदन तिलक श्रृंगार की समस्त सेवा निवेदित व अर्पित की। केशर चंदन युक्त, फूलों से सजा श्रीश्याम दरबार के पट जब खोले गए तो भक्तजन खाटूनरेश का दर्शन कर निहाल हो उठे। खाटूनरेश के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।इस अवसर पर सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, संजय सराफ अंकित सिंह, हर्ष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### आज 135 वां श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ

श्रीश्याम मित्र मण्डल आज मंगलवार को सायं 4.30 बजे से 135 वां श्रीसुन्दरकाण्ड -श्रीहनुमान का संगीतमय सामुहिक पाठ का आयोजन होगा। मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर कार्यकर्तागण यथा अंकित सिंह, संकेत चौधरी, सिद्धार्थ, हर्ष मिश्रा, कृष्णा, राधिका,रेखा, कृष्णा अग्रवाल,ईशिका रानी गुप्ता, रीतेश जोशी व मृणाल शर्म संयुक्त रूप से श्रीहनुमान जी महाराज की पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे।

# जप मन मेरे गोबिंद की वाणी, साधु जन राम रस बखानी...

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जप मन मेरे गोविंद की वाणी, साधु जन राम रस बखानी..., राजधानी में सोमवार को सिख समाज की ओर से दशमेश गुरु गोविंद सिंह महाराज का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के दो गुरुद्वारा में इस मौके पर विशेष दीवान सजाया गया। दीवान के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से पीपी कम्पाउंड, गुरुनानक स्कूल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के समापन पर दीवान सजाया गया। हुजूरी रागी भाई प्रदीप सिंह ने शबद गायन कर दीवान की शुरूआत की। इसके बाद जसलीन कौर, रसमीत कौर व राजवीर सिंह ने शबद गायन किया। रसमीत कौर के नेतृत्व में रणवीर सिंह, हरजस सिंह, अवीर सिंह, सोहन सिंह, निरवैर सिंह, हरजप सिंह ने भाई नंदलाल रचित वाणी का गायन किया। श्री दरबार साहिब के हुजूरी रागी भाई बलराज सिंह ने वाणी तही प्रकाश हमारा भयो पटना शहर विखै मन लयो..., जाप साहिब की वाणी राजान राज भानन भान देवान देव..., का गायन कर उपस्थित साध संगत को निहाल किया।

### रातू रोड गुरुद्वारा में खास शबद गायन

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से रातू रोड के केएन कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत रात आठ बजे स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ द्वारा के जिथे बाबा पैर धरे पूजा आसन थापन होआ..., शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने जिऊ पारब्रह्म चित आइया सो घर दय वसाइया..., और तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो..., शबद गायन किया। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने गुरमत विचार साझा किया। दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी जत्था भाई बलराज सिंह ने सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत...., और वाहो वाहो गोविंद सिंह जी, कलगियां वाले गोविंद सिंह जीड़्घ..., समेत कई शबद प्रस्तुत किए। प्रकाश पर्व पर रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रात 12 बजे हुआ। आरती साहिब पाठ एवं बधाई का शबद भाई महिपाल सिंह द्वारा पढ़ा गया। श्री अनंद साहब के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कड़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान का समापन हुआ। सत्संग सभा द्वारा रागी जत्था को गुरु घर का सरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। दीवान के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरता।

### आज / कल




# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में खिचड़ी महाभोग का वितरण भक्तों के बीच हुआ

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी)मंदिर को प्रतिष्ठित हुए साढ़े सतरह वर्ष से ऊपर होने को है। जून 2007 में श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर भगवान का रांची नगर के धराधाम पर पधारने के समय से सप्ताह के सातों दिन भिन्न -भिन्न सात प्रकार के भोग निवेदन किये जाते हैं। इस तरह प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी महाभोग का प्रसाद नैवेद्य करके भक्तों में बांटा जाता है। कोरोना काल के लॉकडाउन को छोड़कर 04 जनवरी को 860 वां खिचड़ी भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में 1,470 लोगों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया। आज के खिचड़ी महाप्रसाद शशिभूषण सिंह पत्नी वीणा सिंह ने निवेदन किया। समस्त चराचर प्राणियों के रक्षक और पालनहार भगवान श्रीमन्नारायण को अन्नों से परिपक्व खिचड़ी सर्वाधिक रुचिकर हैं। अन्न (अनाज) प्राणियों का प्राण, ओज, बल और सुख रूप है। इसीलिए सज्जनों का कहना है कि अन्न का दाता प्राण का प्रदाता है। अनाज से बढ़कर और कोई शरीर को आरोग्य बनाने वाला नहीं है। वहीं अनाज से परिपक्व खिचड़ी या अन्य प्रसाद भगवान को भोग लग जाता है तब वह संजीवनी औषध का रूप ले लेता है।

# गर्भवती की हत्या मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पलामू के हुसैनाबाद में दहेज के लिए गर्भवती महिला की हत्या मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं किए जाने पर स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने सरकार से पूछा है कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है। अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि महिला के पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी सास एवं देवर के खिलाफ संबंधित कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। मामले में जांच पूरी कर जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी। बता दें कि नौ अक्टूबर 2024 को अखबार में छपी खबर पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। पलामू के हुसैनाबाद के नवी नगर थाना क्षेत्र के दूधेश्वर प्रसाद गुप्ता ने पलामू एसपी को पत्र लिखा था कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री की दहेज के लिए हत्या कर दी गई। लेकिन, पुलिस अब तक कार्रवाई नहीं कर रही है। पत्र में कहा गया था कि सूर्यदेव साव के पुत्र सौरभ कुमार गुप्ता से उनकी बेटी मिकी कुमारी की शादी 20 अप्रैल 2024 को हुई थी। शादी के बाद से उनकी बेटी को दहेज के लिए उसके ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। एक अक्तूबर 2024 को उनके दामाद ने मिकी के भाई को फोनकर बताया कि वह डेहरी से मिकी कुमारी का इलाज कराकर लौट रहे हैं।

## डॉक्टर अर्चना ने बताए व्हाइट डिस्चार्ज से राहत के लिए टिप्स

# भूरा डिस्चार्ज अधिक हो तो तुरंत डॉक्टर से मिलें

● बीमारी नहीं पर लापरवाही हो सकती है जानलेवा

काजल मेहता

व्हाइट डिस्चार्ज को लेकर कई महिलाओं के मन में भ्रम हैं। व्हाइट डिस्चार्ज का होने को बीमारी समझ लिया जाता है लेकिन ऐसा नहीं है। जिस तरह पीरियड्स का होना जरूरी है, वैसे ही व्हाइट डिस्चार्ज का होना भी। पीरियड्स शुरू होने का मतलब शरीर खुद को गर्भधारण करने के लिए तैयार कर रहा है। व्हाइट डिस्चार्ज भी महिला स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। वजाइना से बहने वाले डिस्चार्ज को श्वेत प्रदर और सफेद पानी भी कहते है। व्हाइट डिस्चार्ज प्रेग्नेंसी के लिए स्वस्थ शरीर होने की ओर संकेत करता है। व्हाइट डिस्चार्ज के बारे में और इसके प्रकार, लक्षण और बीमारियों पर डॉक्टर अर्चना ने कई जरूरी बातें बताई ये बातें महिलाओं के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकती हैं।

### कई प्रकार के होते हैं व्हाइट डिस्चार्ज

डॉक्टर अर्चना ने बताया व्हाइट डिस्चार्ज कई प्रकार के होते हैं जिसमे सफेद और गाढ़ा डिस्चार्ज- नॉर्मली महिलाओं को सफेद और गाढ़ा डिस्चार्ज होना शामिल है। उन्होंने कहा ऐसा होने पर घबराने की जरूरत नहीं है। अगर इस तरह के व्हाइट डिस्चार्ज होने से जलन, बदबू या खुजली हो तब यीस्ट इंफेक्शन हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर को जरूर दिखाएं। वहीं पीला वैजाइनल डिस्चार्ज अगर पीले रंग का डिस्चार्ज हो रहा है तो यह बिल्कुल सामान्य नहीं है। यह किसी तरह का इंफेक्शन भी हो सकता है। पीला डिस्चार्ज यौन संबंध से होने वाले इंफेक्शन की ओर इशारा करता है। ऐसा होने पर डॉक्टर से सलाह जरुर लें। भूरा वैजाइनल डिस्चार्ज भूरा डिस्चार्ज असमय पीरियड्स की ओर इशारा करता है। डॉक्टर ने बताया ज्यादा उम्र की महिलाओं को मेनोपॉज के कारण भी भूरे रंग का डिस्चार्ज होता हैं। अगर भूरे रंग का डिस्चार्ज बहुत ज्यादा हो रहा है तो किसी अच्छे गायनेकोलॉजिस्ट को दिखाना बहुत जरूरी है। यह सर्वाइकल कैंसर का लक्षण भी हो सकता है। हरा वैजाइनल डिस्चार्ज हरे रंग का डिस्चार्ज बैक्टीरियल और सेक्सुअल इंफेक्शन का संकेत देता है। अगर हरा डिस्चार्ज हो रहा है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। हरे रंग का डिस्चार्ज ट्रिचोमोनिएसिस इंफेक्शन की वजह से भी होता है।

### डॉक्टर अर्चना का सन्देश



डॉक्टर अर्चना ने कहा महिलाएं मानसिक रूप से काफी मजबूत होती हैं। कुदरत ने महिलाओं की संरचना को घर से लेकर बहार तक की दुनियां संभालने की क्षमता दी है। इन्ही क्षमताओं के साथ शारीरिक परेशानियां भी दी है लेकिन सबसे लड़ना मुश्किल नहीं। इसलिए महिलाएं अपने परिवार के साथ-साथ अपना भी विशेष ख्याल रखें।

### व्हाइट डिस्चार्ज के लक्षण

डॉक्टर अर्चना ने बताया व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी बीमारियों के अलग अलग लक्षण हैं लेकिन ज्यादातर डिस्चार्ज होने पर ये लक्षण दिखाई देते हैं, ज्यादा काम न करने पर भी बहुत थकान होना। ज्यादा समय तक गीला समय महसूस करना और खुजली होना। अगर ये सभी लक्षण दिखाई दें तो डॉक्टर को तुरंत दिखाएं और इसका पूरी तरह से इलाज करवाएं। उन्होंने कहा वजाइना में यीस्ट इंफेक्शन होने पर खुजली के साथ सूजन, सेक्स के दौरान जलन और दर्द होना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गोनोरिया होने पर पेट और पेल्विक में दर्द, हैवी पीरियड्स, बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

### व्हाइट डिस्चार्ज के मुख्य कारण

व्हाइट डिस्चार्ज होने के अलग अलग कारण हो सकते हैं। सामान्य तौर पर होने वाले व्हाइट डिस्चार्ज फर्टिलिटी होने के कारण होता है। लेकिन जब व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी दूसरी कोई बीमारी है तब कई कारण हो सकते हैं। जिसमे बैक्टीरियल इंफेक्शन, असुरक्षित सेक्स, शामिल है। बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण महिलाओं में व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़े बैक्टीरियल इंफेक्शन होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे असुरक्षित सेक्स यूरिन करने के लिए गंदे पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल, साफ-सफाई की कमी, एनल इंफेक्शन। असुरक्षित सेक्स के कारण व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी बीमारी गोनोरिया होती है। वहीं कई अलग तरह के एंटीबायोटिक्स खाने के कारण भी हार्मोन पर गलत असर पड़ता है, जिससे वजाइनल डिस्चार्ज से जुड़ी समस्याएं हो जाती है। अनचाही प्रेग्नेंसी से बचने के लिए रोज बर्थ कंट्रोल पिल्स खाने से भी हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। इससे भी व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी समस्या होती है। कुछ महिलाएं साबुन से वजाइना साफ करती हैं। वजाइना स्किन बहुत सॉफ्ट होती है। साबुन में मौजूद केमिकल स्किन को नुकसान पहुंचा देते हैं। मल्टीपल पार्टनर से भी व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं।

### व्हाइट डिस्चार्ज का घरेलू इलाज

डॉक्टर ने कहा- हाइजीन का ध्यान न रखने और लापरवाहियां करने से भी व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी बीमारियां होती हैं, इसलिए हाइजीन का ध्यान जरूर रखें। उन्होंने कहा व्हाइट डिस्चार्ज से राहत के लिए कई तरह के घरेलु नुस्खे भी है जिसमे, रोजाना अंडरगार्मेंट्स बदलना, यूरिन के बाद वजाइना को साफ करना, खट्टे पदार्थ जैसे अचार नहीं का परहेज करना, केला और दही खाना, गूलर के फूल को पीसकर उसमें शहद और मिश्री मिलकर पीना, थोड़ा गुड़ और उसी मात्रा में कच्चे केले को सुखाकर चूर्ण बनाकर इन दोनों को मिलाकर दिन में तीन बार सेवन करना इत्यादि शामिल है।

### व्हाइट डिस्चार्ज से जुड़ी बीमारियां

व्हाइट डिस्चार्ज होना सामान्य है। ये क्यों और किस लिए होता है, ये जानना जरूरी है। सामान्य तौर पर व्हाइट डिस्चार्ज फर्टिलिटी का सूचक है। यह पीरियड्स शुरू होने के कुछ दिन पहले यानी ओव्यूलेशन के समय होता है। अब अगर डिस्चार्ज बहुत ज्यादा हो रहा है तो शरीर पर इसका बुरा असर दिख सकता है। अगर व्हाइट डिस्चार्ज सही तरीके से न हो तो ल्यूकोरिया, यीस्ट इंफेक्शन, गोनोरिया, ट्रिचोमोनिएसिस जैसे रोग हो सकते हैं।

## श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का दूसरा दिन

# जिसमें भक्ति पूर्ण रूप से आती है वह ईश्वर बन जाता है : सदानंद जी महाराज

नवीन मेल संवाददाता। रांची


● श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर मे श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

राज्य के सबसे बड़ा राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा- धाम मंदिर मे उद्घाटन के दूसरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर एवं शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा- कृष्ण का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजित चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन यजमान सुनीता अग्रवाल- राजू अग्रवाल एवं परिवार के सभी सदस्यों तथा संस्था के सदस्यों ने श्रीमद्भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद जी महाराज, टहल किशोर महाराज, स्वामी श्यामानंद महाराज, जगत राज महाराज, मोहन प्रियाचार्य जी महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालु श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा, वाणी चर्चा, बीतक कथा, की गई। सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने कथा का श्रवण किया। श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे दूसरे दिन श्री कृष्ण कथा के व्यास पीठ पर विराजमान संत शिरोमणि श्री स्वामी सदानंद महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं उनकी इंद्रिय विषयों में फंस जाती है। उनको उन्हीं की ओर खींच लेती है जैसे जलाशय के तीर पर उगे पेड़ आदि खेल खेलते हैं। उसी प्रकार इंद्रियां शक्ति मन बुद्धि विचार शक्ति को हर लेती है अतः सकारात्मक सोच के साथ चिंतन करें। महापुरुषों के संग प्राप्त ज्ञान रुप खड़क के द्वारा इस लोक में ही अपने मोह बंधन कार्ड डालना चाहिए। फिर भी श्री हरि की लीलाओं कथन और श्रवण से भगवती स्मृति बने रहने के कारण सुगमता से भगवत प्राप्ति कर सकते हैं। महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के प्रति गोपियों के हृदय में प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि उधर जैसे ज्ञानी को भी कहना पड़ा है गोपियों तो धन्य हो तुम्हारा जीवन सफल है तुम सारे संसार के लिए पूजनीय हो क्योंकि तुम लोगों के इस प्रकार भगवान श्री कृष्ण को अपना हृदय अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया है नंद बाबा के ब्रज में रहने वाले गोपाल मनाओ की चरण धूलि को मैं बार-बार प्रणाम करता हूं।भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण को जिस भाव से याद किया है वे उसी भाव में आकर गोप गोपियों को आनंद प्रदान किया भगवान तो अंतयार्मी है वह भक्तवत्सल यहां भक्तों की भावना समझते हैं वह भक्तों के बस में अनेक लीला करते हुए भक्तों का आनंदित किया दोस्तों को संसार करके धन की स्थापना की गिराज पर्वत उठाकर ब्रिज बुलाओ की इच्छा पूरी की कंस का उद्धार करके मथुरा से द्वारका वास किया। संत श्री सदानंद जी महाराज ने प्रवचन में भजनों के माध्यम से श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताएं भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद आज की कथा को विश्राम दिया गया। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी। मौके पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष नवल अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सराफ, अनिल कुमार अग्रवाल, विशाल जालान, अजय खेतान, मनीष जालान, वेंकट गाड़ोदिया, निर्मल छावनिका, चिरंजी लाल खंडेलवाल, पूनम अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, विष्णु सोनी, अशोक लाठ, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, मनीष सोनी, ओम सरावगी, गोविंद अग्रवाल, सुरेश भगत, नितिन मोदी, दीपक चौधरी, नंदू चौधरी, जयप्रकाश मित्तल, मोहनलाल खंडेलवाल,शिव भगवान अग्रवाल, शिव पोद्दार, शोभा अग्रवाल, संजय सर्राफ, के अलावे बड़ी संख्या मे भक्तगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### ग्राम विकास विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह आयोजित

**सिल्ली।** सिल्ली रामडेरा स्थित मृग पुनर्वास केंद्र के समीप ग्राम विकास उच्च विद्यालय के 1984 बैच के मैट्रिक पास करने वाले पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा मिलन समारोह सह पिकनिक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पटना, रांची एवं सिल्ली आसपास से छात्र सुबह में ही कार्यक्रम स्थल में पहुंचे। इन छात्रों में व्यवसायी, कृषक, शिक्षक, उषा मार्टिन, रेलवे आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत पूर्ववर्ती छात्र शामिल है। इस दौरान आपस में मिलते ही सभी ने एक दुसरे का स्वागत कर हालचाल पूछा तो कई लोग भावुक भी हुए। सभी ने अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा करते हुए कुछ मस्ती व हंसी ठिठोली भी किए।

### छिनतई का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** छिनतई के आरोप में जिले के मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित का नाम अनुप यादव उर्फ विशाल यादव है। वह रामपुर गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार पुलिस नगर थाना क्षेत्र के शिवमंदिर, हिजला रोड़ निवासी आलोक कुमार पाल के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजी है। लिखित शिकायत में आवेदक आलोक कुमार पाल ने बताया कि 05 जनवरी को रिंग रोड़ रामपुर में आरोपित रोक कर मोबाईल और पॉकेट से 7500 रुपए निकाल लिया। उसके बाद धमकी देते हुए पे-फोन के यूपीआई नंबर की जबरन जानकारी लेकर 3500 रुपए ट्रांसफर कर लिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।

### सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**मांडर।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर स्थित मांडर शिव मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में रंजीत मुंडा, रीना देवी और कनिका देवी शामिल हैं। घटना सोमवार की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे की है। बताया जाता है कि पिठोरिया के बाढ़ू बरवाटोली का रंजीत मुंडा बाइक से अपनी दो बहनों रीना देवी और कनिका देवी को लेकर चान्हो जा रहा था रास्ते में पीछे से आ रही दूसरे बाइक सवार कठचांचो निवासी राहुल एक्का ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गये। तीनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि रफ्तार काफी तेज होने के कारण इस तरह का मामला सामने आया है।

68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल अंतर्गत अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में झारखंड के साकेत मिंज ने दर्ज की जीत

- *बालिका वर्ग लॉन्ग जंप में झारखंड की प्रीती लकड़ा को मिला स्वर्ण पदक*
- *दूसरे दिन तमिलनाडु के खिलाड़ियों का रहा बेहतर प्रदर्शन, तमिलनाडु के एथलीट जिथीन अर्जुनन ने बालक वर्ग में जीते सर्वाधिक पदक*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी स्थित भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 अंतर्गत अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज तमिलनाडु के खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला। झारखंड के साकेत मिंज ने बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में झारखंड को जीत दिलाई तो बालिका वर्ग के लॉन्ग जंप में झारखंड की प्रीती लकड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया। आज हुई प्रतियोगिताओ में 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में तमिलनाडु के जिथीन अर्जुनन को स्वर्ण पदक मिला, इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के रूद्र शिंदे को रजत और महाराष्ट्र के ही आदि पुजारी को कांस्य पदक मिला। 400 मीटर बालक वर्ग प्रतियोगिता में पंजाब के हरजोत सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किया। सईद सबीर को रजत और केरल के मोहम्मद अशफाक को कांस्य पदक मिला। 500 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश के शाहरुख खान को स्वर्ण पदक मिला, हरियाणा के लक्ष्य कुमार को रजत पदक और उत्तर प्रदेश के अर्जुन मौर्य को कांस्य पदक मिला। 110 मीटर हर्डल रेस बालक वर्ग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के सैफ को स्वर्ण पदक, केंद्रीय विद्यालय के पी सूर्या को रजत पदक और तमिलनाडु के जिथीन अर्जुनन को कांस्य पदक मिला। बालक वर्ग लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में तमिलनाडु के जिथीन अर्जुनन को स्वर्ण पदक, सीबीएससी के मो. अट्टा साजिद को रजत पदक और उत्तर प्रदेश के शेख जीशान को कांस्य पदक मिला। इस प्रतियोगिता में झारखंड के दीपक मुंडा चौथे स्थान पर रहे। हाई जंप बालक वर्ग प्रतियोगिता में कर्णाटक के सिनन को स्वर्ण पदक मिला, दिल्ली के विकास यादव को रजत पदक और हरियाणा के विनीत कुमार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। शॉट पुट पांच किलो बालक वर्ग प्रतियोगिता में ओडिशा के ओमकार प्रसाद को स्वर्ण पदक मिला, महाराष्ट्र के आर्यन को रजत पदक और पश्चिम बंगाल के मनोज रॉय को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में तमिलनाडु की थिया एके को स्वर्ण पदक मिला, गुजरात के वजा काजल को रजत और तमिलनाडु के नेदरार को कांस्य पदक मिला है। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड प्रतियोगिता में सीबीएससी की वंशिका को स्वर्ण पदक, केरल की ज्योतिका को रजत और कर्णाटक की अभिज्ञाना को कांस्य पदक मिला। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में झारखंड की पूनम कुमारी चौथे स्थान पर रही। 150 मीटर बालिका वर्ग रेस प्रतियोगिता में राजस्थान की मुस्कान को स्वर्ण पदक मिला, महाराष्ट्र की प्रणाली को रजत पदक और कर्णाटक की प्रणति को कांस्य पदक मिला।

### सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

आयोजन में भाग लेने के लिए देशभर से आये खिलाड़ियों और टीम के अन्य सदस्यों के लिए भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से खिलाड़ियों को झारखंड की लोक संस्कृति से परिचित कराया गया। स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियों एवं लोक नृत्यों ने माहौल में उमंग भर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या का खिलाड़ियों और अन्य राज्यों से आये अतिथियों ने जमकर आनंद लिया।

## न्यूज बॉक्स

### 38वीं राष्ट्रीय खेल एथलेटिक्स के लिए झारखंड टीम का चयन 10 को



**रांची।** 28 जनवरी से 12 फरवरी 2025 तक उत्तराखण्ड में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेल , एथलेटिक्स स्पर्धा आयोजित की गयी है। झारखंड टीम की भागेदारी को लेकर 4 गुणा 100 मीटर रिले पुरुष टीम के चयन को लेकर 10 जनवरी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होगी। पूर्वाहन 11:00 बजे से 100 मीटर स्पर्धा का ट्रायल आयोजित किया जाएगा। राज्य के वैसे एथलीट जिनकी आयु 18 वर्ष से ऊपर हो एवं विगत दो वर्षों में झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर स्पर्धा में पदक विजेता एथलीट रहे हो, भाग ले सकते हैं। मोरहाबादी स्टेडियम में कोच बिनोद कुमार सिंह व योगेश प्रसाद को रिपोर्ट करेंगें।

### डायन प्रथा और बच्चों के अधिकार पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**खूंटी।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में सोमवार को नालसा के जरिये संचालित 90 दिवसीय आउटरीच अभियान पर जुरदाग पंचायत, सीलादोन पंचायत और आवासीय बालिका उच्च विद्यालय कुंदी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लगातार 90 दिनों तक लगातार चलता रहेगा। इस अभियान में बच्चों के शिक्षा से जुड़े अधिकार, डायन प्रथा, वृद्धा, विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की जानकारी दी गई। डालसा के पीएलवी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए डायन प्रथा से संबंधित जुड़े अधिकार और इससे पीड़ित परिवार को सूचित करने का सही तरीका एवं जगह के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि डायन शब्द कहकर किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है। इससे पीड़ित परिवार यदि थाने में सूचित करता है, तो उस व्यक्ति को सजा एवं जुमार्ना दोनों हो सकता है। साथ ही वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजना के बारे में और विद्यालय के बच्चों को उनके शिक्षा के अधिकार तथा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर द्वारा दी गई।

### अनगड़ा में मुंडारी भाषा प्रशिक्षण का आयोजन

**अनगड़ा।** भारत मुंडा समाज अनगड़ा की ओर से रविवार को सामुदायिक भवन जानुम में मुंडारी भाषा सीखने को लेकर प्रशिक्षण शुरू किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्रोफेसर सत्यदेव मुंडा, सिरका मुखिया रोशनलाल मुंडा, चतरा के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, पाहन सेवाराम पाहन और गोवर्धन मुंडा ने पूजा-अर्चना कर की। प्रो सत्यदेव मुंडा ने कहा कि भाषा से ही आदिवासी मुंडा समाज की दशा में सुधार हो सकता है। भाषा से ही अपने धर्म संस्कृति परंपरा की रक्षा की जा सकती है। समाज के प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष रोशन लाल मुंडा ने कहा कि भाषा हमारी पहचान है और इसे बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। आनेवाली पीढ़ी को भाषा के ज्ञान से ही संस्कृति का ज्ञान मिलेगा। प्रशिक्षक के रूप में रामलखन महाविद्यालय कोकर के प्रोफेसर डॉ अजीत मुंडा, भोलानाथ मुंडा और रेखा मुंडा प्रशिक्षण देंगे। मौके पर मनोज मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, रतिलाल मुंडा, संजय मुंडा, शिवलाल, सोहन मुंडा, झल्लू मुंडा, सनी मुंडा, समर मुंडा और प्रदीप मुंडा आदि मौजूद थे।

### ठाकुरगांव में किसान मेला का आयोजन आज

**ठाकुरगांव।** रामकृष्ण मिशन मोरहाबादी द्वारा थाना क्षेत्र के बगदा गांव में मंगलवार को एकदिनी किसान मेला लगाया जाएगा। मेला में बतौर अतिथि विधायक सुरेश कुमार बैठा,उपायुक्त, उपविकास आयुक्त, आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज समेत अन्य अतिथि शामिल होंगे। मेला में बेहतर फसल के नमूनों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेंद्र महतो ने दी है।

माओवादी साजिश रचने के मामले में हुई थी गिरफ्तारी

## बच्चा सिंह 7 दिनों के एनआईए रिमांड पर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीपीआई माओवादी षड्यंत्र मामले में गिरफ्तार बच्चा सिंह उर्फ मुकेश उर्फ बच्चा बाबू (52 वर्ष) को एनआईए ने पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ 13 जनवरी की सुबह तक की जाएगी। इसके बाद आरोपी को एनआईए कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पूर्व मामले के जांच अधिकारी ने कोर्ट में आवेदन देकर 15 दिनों की पुलिस कस्टडी में लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी। अदालत ने आवेदन पर सुनवाई के पश्चात 7 दिनों की पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की। अनुमति मिलने के बाद आरोपी से एनआईए ने पूछताछ शुरू कर दी है। बोकारो के थर्मल गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह को एनआईए टीम ने 3 जनवरी को गिरफ्तार किया है। बच्चा सिंह प्रतिबंधित मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का प्रदेश सचिव रह चुका है। वह सीपीआई (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा से जुड़े मामले में नामजद है। एनआईए अगस्त 2023 में यूए(पी) एक्ट और सीएलए एक्ट से संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर (चाईबासा) थाना में दर्ज मामलों को अपने हाथ में लेकर जांच कर रही है। आरोप है कि बच्चा सिंह प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) और उसके शीर्ष नेताओं से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था और संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था। जुलाई 2022 में झारखंड के चाईबासा जिले में तीन सीपीआई माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस ने उस पर मामला दर्ज किया था।

## मैकलुस्कीगंज में घने कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। मैकलुस्कीगंज**
कांके का न्यूनतम तापमान चार डिग्री और अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं हवा की गति 3.3 किमी प्रति घंटे रही। हालांकि मैकलुस्कीगंज में लोगों को आज ठंड से थोड़ी राहत दी, परंतु सुबह छह बजे से छाए कोहरे ने वाहनों की रफ्तार रोक दी। सुबह छह बजे से आठ बजे तक कोहरा छाया रहा। इसके चलते सड़कों पर गुजरने वाले वाहनों को दिन में हेड लाइट जलाकर चलना पड़ा। कोहरे का असर रेल यातायात पर भी देखने को मिला। रेलवे ट्रैक पर ट्रेनें रेंगती दिखी। गोर्डन गेस्ट हाउस में लगे तापमान मापक यंत्र से गेस्टहाउस के निदेशक नेशनल पॉल गोर्डन ने सोमवार को मैकलुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

## विधायक सहित कई लोगों ने दी सरदार गया मुंडा को भावभीनी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
अमर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के सेनापति शहीद सरदार गया मुंडा की पुण्यतिथि पर सोमवार को उनके पैतृक गांव मुरहू प्रखंड के एटकेडीह में विधायक राम सूर्या मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सहित कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनो ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। गया मुंडा के शहादत दिवस पर खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा और पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा अलग-अलग समय पर उनके पैतृक गांव एटकेडीह जाकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर विधायक ने गया मुंडा के वंशज रमई मुंडा के साथ अमर शहीद गया मुंडा की पूजा-अर्चना कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले अमर शहीद बिरसा मुंडा के मुख्य सहयोगी सरदार गया मुंडा ने आजादी के लिए पूरे परिवार के साथ कुबार्नी दी थी। उनकी इस कुबार्नी को हमेशा याद रखा जाएगा। विधायक के साथ झामुमो के कई कार्यकर्ताओं ने भी सरदार गया मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। दूसरी ओर अपने कार्यकताओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सरदार गया मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम सब उनके बताए हुए मार्ग पर चलेंगे।

## श्रीरामलला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर 11 को मंदिरों में होंगे अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व हिन्दू परिषद की प्रांत कमेटी की ओर से 11 जनवरी को श्रीरामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने संपूर्ण हिंदू समाज से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ भक्ति एवं श्रद्धा के साथ मनाने का आह्वान किया है। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि कार्यकर्ता अपने प्रखंड के प्रमुख मंदिरों की साज-सज्जा, सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ, श्री रामलला की आरती, भजन-कीर्तन, भोग वितरण और कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन करेंगे। विहिप प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन ने कहा कि समारोह में साधु-संत एवं अन्य वक्ता श्रीराम मंदिर निर्माण की गाथा एवं श्रीराम और सामाजिक समरसता विषय पर गोष्ठी में अपने विचार रखेंगे। संगठन की रांची महानगर कमेटी की ओर से भी कई आयोजन होंगे। रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी एवं अन्य कार्यकर्ता आयोजन को लेकर शहर के मठ, मंदिरों के पूज्य महंत एवं अर्चक, पुरोहितों से संपर्क कर रहे हैं।

## इटकी और कर्रा के सीमावर्ती गांवों में हाथियों का उत्पात जारी


सांकेतिक चित्र

**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**
इटकी और कर्रा प्रखंड के सीमावर्ती गांव में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। रविवार की रात खुटियारी और भंडरा गांव में हाथियों ने फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। किसान सुरेश उरांव बताया कि खुटियारी गांव स्थित लगभग 20 एकड़ भूमि में मटर, फ्रेंचबीन और आलू की फसल लगाई थी जिसे हाथियों ने खाने के साथ रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों ने भोन्दू उरांव, जीतराम उरांव, घूरनदीप उरांव, बिरसा उरांव और सुरेश उरांव सहित अन्य किसानों की फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। वहीं भंडरा गांव में भी हाथियों ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है। ज्ञात हो कि एक सप्ताह के अंदर हाथी कर्रा प्रखंड के कदली गांव में 28 दिसंबर की रात खलिहान में सो रहे सोरिया उरांव को हाथियों ने कुचलकर मार डाला था। वहीं छुनकू बाखला नामक वृद्ध को उसके मकान के पास सूड़ से पटककर जान ले ली थी। ग्रामीण अपने जानमाल की सुरक्षा के लिए रतजगा कर रहे हैं। हाथियों के भय से लोग शाम होते ही ग्रामीण घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खुरियारी और भंडरा के बीच जंगल में हाथियों ने अड्डा जमा रखा है। शाम ढलते ही हाथी खेतों में पहुंचकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। हाथियों के आतंक से खुटियारी, भंडरा, सौका, हरमू और रानीडीह सहित कई अन्य गांव प्रभावित हैं।

## राजकीय मध्य विद्यालय डहेकला के खेल मैदान को बेचने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
कर्रा प्रखंड के डहकेला सिथत राजकीय मध्य विद्यालय के खेल मैदान को बेचे जाने का वहां के छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। खेल मैदान को बेचने के विरोध में सोमवार को ग्रामीणों की बैठक खेल मैदान में आयाजित की गई। बैठक में स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित कई शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 1949 ईस्वी मं जरियागढ़ के तत्कालीन राजा ठाकुर महेंद्र नाथ शाहदेव ने स्कूल के नाम पर जीन जान दी थी। उसी चार एकड़ 59 डिसमिल में स्कूल और खेल मैदान का संचालन होता है। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल मैदान बचने के विरोध में आठ जनवरी को उसी स्थान पर ग्रामीणों की विशालसभा आयोजित की जायेगी और मैदान कों बचाने के लिए आगे की रणनीति बनाई जायेगी। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय एरियल कंडुलना ने कहा कि 1949 से खेल मैदान पर स्कूल का कब्जा है। स्कूल के सभी तरह के आयोजन उसी मैदान में किया जाता है। उन्होंने कहा कि 1990 कें पंडा पर्चा में भी इसका जिक्र है।

## मछली पालन को प्रोत्साहित करने के लिए हर पंचायत में ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किए जायेंगे : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिला मत्स्य कार्यालय, खूंटी के परिसर में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला-सह-मत्स्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मत्स्य विभाग के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कृषि मंत्री पशुपालन एवं सहकारिता के दिशा-निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में निदेशक ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मछली पालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक पंचायत में ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने खूंटी जिले को मछली उत्पादन में अव्वल बनाने का लक्ष्य रखा और बताया कि जिले में 23 जलाशयों के 5000 हेक्टर क्षेत्र में मछली पालन की अपार संभावनाएं हैं। निदेशक ने बताया कि जिले के लगभग 4500 मत्स्य पालकों का नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफॉर्म पर निबंधन करना आवश्यक है। ताकि वे मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। इसके लिए किसान निकटतम प्रज्ञा केन्द्र या सीएससी सेंटर में निबंधन करा सकते हैं। कार्यशाला में उप निदेशक मत्स्य, अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य मत्स्य बीज उत्पादन के लिए फीड बैंक की स्थापना करना और किसानों को एनएफडीपी, एनएसपीएडी और केसीसी योजनाओं में निबंधन के लिए प्रेरित करना है। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक शिवानी कुमारी ने किसानों को एफएफपीओ के माध्यम से लोन प्राप्त करने और कार्यशील पूंजी जुटाने के बारे में जानकारी दी। सहायक मत्स्य निदेशक, रेवती हांसदा ने किसानों को अबंदोबस्त तालाबों का उपयोग मछली पालन के लिए करने का सुझाव दिया।कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला परियोजना समन्वयक, संजय कुमार ने मछली पालन के साथ अन्य कृषि गतिविधियों में सहयोग की जानकारी दी।

## एक नजर

### विधायक ने विस अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

**बरही।** गुजरात से वापस लौटने के क्रम में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रांची स्थित सरकारी आवास पर झारखंड विस अध्यक्ष रविन्द्र महतो शिष्टाचार भेंट किया. उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ्य जीवन की कामना किया. इस दौरान क्षेत्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चाएं हुई. नववर्ष की शुरूआत सकारात्मक ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ करनी चाहिए और यह मुलाकात उसी दिशा में एक प्रयास थी. विधानसभा अध्यक्ष ने भी विधायक श्री यादव को शुभकामनाएं देते हुए अभार जताया. इस दौरान दोनो नेताओ ने क्षेत्र और राज्य के विकास के लिए सकारात्मक पहल और आपसी सहयोग व संवाद को मजबूत बनाने पर जोर दिया.

### अमित बख़्शी हत्याकांड से सुर्खियों में आया था भरत पांडेय का नाम

**रामगढ़।** अपराधिक दुनिया में पिछले दो साल में नामी हुए भरत पांडेय के नाम का अंत दो साल में हो गया। वर्ष 2022 में भुरकुंडा थाना क्षेत्र में अमित बख्शी हत्याकांड से सुर्खियों में आए भरत पांडेय का इतिहास 2025 में पलामू में उसकी हत्या का साथ समाप्त हो गया। पांडेय गिरोह के साये में पनपने वाले भरत पांडेय को लोग उसके चाचा अशोक पांडेय के कारण जानते थे। अशोक पांडेय कभी पांडेय गिराह के खासमखास थे। बाद अशोक पांडेय की हत्या का आरोप पांडेय गिरोह पर ही लगा। इसी हत्या का बदला लेने के लिए 2022 में भरत ने अमित बख्शी की हत्या करते हुए उसका जिम्मा लिया था। विगत 8 अगस्त 2022 को सीसीएल कर्मी अमित बख्शी भुरकुंडा थाना क्षेत्र के संट्रेल सौंदा में एक जागरण में शामिल होकर आधी रात को लौट रहे थे।

### मंझला चुंबा के पेंशनधारियों को पांच माह से नहीं मिल रहा है पेंशन

**गिद्दी।** मंझला चुंबा में दर्जनों महिला पुरुष पेंशनधारियों को पांच माह से वृद्धा और विधवा पेंशन नहीं मिल रहा है। जिसके कारण उक्त सभी पेंशनधारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई वृद्ध लोग बीमार हैं और पैसे के अभाव मे दवा नहीं खरीद पा रहे हैं। भाजपा के मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिह ने बताया कि मंझला चुंबा सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अनेक महिला पुरुष को वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन नहीं मिल रहा है। मंझला चुंबा पंचायत के रामकुमार सिह, विजय सिंह, बाबूलाल रविदास, विशुन साव, इन्द्रदेव सिह, सुंदरी देवी, राधे रविदास, ललिता देवी, फतमा खातुन,हलीम मिया, सरस्वती देवी, शान्ति देवी आदि पेंशनधारियो को पेंशन नहीं मिल रहा है।

मुर्गी पालन के प्रशिक्षण के लिए 25 किसानों का पहला जत्था बेरेली रवाना

# गांव में मुर्गी पालन से बढ़ेगी आदिवासी किसानों की आमदनी : डॉ विशाल नाथ

*इस दल में 4 महिला और 21 पुरुष किसानों को शामिल किया गया है। अधिकारी का कहना है कि ऐसे 4-5 दल और भविष्य में प्रशिक्षण के लिए भेजे जायेंगे*




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- झारखंड गौरिया करमा के तत्वावधान में मुर्गी पालन के उत्तम गुण सिखने और मुर्गी पालन से आमदनी और स्वास्थ्य के सुधार को ध्यान में रखते हुए सोमवार को 25 किसानों का पहला दल केन्द्रीय कुक्कुट अनुसंधान संस्थान, बरेली के लिए रवाना किया गया। बताते चलें कि संस्थान द्वारा संचलित आदिवासी उप परियोजना के अंतर्गत यह कार्यक्रम अयोजित किया जा रहा है, जो 5 दिनों तक तक चलेगा। इस दल में हजारीबाग के दो प्रखंडों (चुरचू, बरही,) और रांची के किसानों को चयनित किया गया है। इस दल में 4 महिला और 21 पुरुष किसानों को शामिल किया गया है। संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी का कहना है कि ऐसे 4-5 दल भविष्य में प्रशिक्षण के लिए भेजे जायेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को उन्नत नस्ल के चूजों को भी मार्च में जब तापमान बढ़ जायेगा, देने का प्रावधान परियोजना में किया गया है। डॉ. विशाल नाथ ने बताया कि आदिवासी किसानो से उनके इच्छा के अनुरूप उपक्रय जैसे खेती, बागवानी, मुगीर्पालन, सुवर पालन, मशरूम आदि का विकल्प मांगा गया था, जिसमें हर क्षेत्र के लिए किसानो का चयन किया गया है और धीरे-धीरे सभी किसानों को उनके मन मुताबिक विकास में मदद की जायेगी। मुर्गी पालन के प्रशिक्षण का नेतृत्व डॉ. मोनिका कर रही है जो कुक्कुट पालन विषय की वैज्ञानिक है तथा पूरी योजना को डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, नोडल अधिकारी के नेतृत्व में किया जा रहा है। आज किसानों के दल को डॉ. विशाल नाथ (ओएसडी) और डा० सनत कुमार महन्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर, डा० मोनका, डा० दीपक कुमार गुप्ता, मनोज चौधरी, डॉ. कृष्ण प्रकाश डा० निरंजन कुमार, श्री अरुण रजक, हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बादल कुमार सहित अनेक वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षक दिनेश्वर महतो डॉक्टर ऑफ एस्ट्रोलॉजी की मानद उपाधि से हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के परबता स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश्वर महतो को डॉक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो भुवनेश्वर, ओडिशा में भृगु एस्ट्रोलॉजी संस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय चार और पांच जनवरी को 18 वां एशियन एस्ट्रोलोजर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। कॉन्फ्रेंस में ज्योतिषाचार्य/ शिक्षक दिनेश्वर महतो को भृगु ज्योतिष संस्थान के चेयरमैन आचार्य श्रीधर महाराज एवं नेपाल के महेन्द्रनाथ मुंद्रा ने डॉक्टर ऑफ एस्ट्रोलोजी के मानद उपाधि से सम्मानित किया। उन्हें ज्योतिष शास्त्र और रोजगार के अवसर विषय पर शोध को लेकर डॉक्टर के मानद उपाधि दी गई है। इसके पूर्व उन्हें ज्योतिष मार्तण्ड, ज्योतिष महर्षि के उपाधि से विभूषित हो चुके हैं। ज्योतिषाचार्य दिनेश्वर महतो ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में नेपाल, भूटान, थाईलैंड समेत भारत के लगभग 250 सौ से अधिक ज्योतिषी, हस्त रेखा विशारद, वास्तुशास्त्री, तांत्रिक शामिल हुए थे। ज्योतिषाचार्य डॉ दिनेश्वर महतो बरकट्ठा के परबत्ता स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल में प्रधानाचार्य हैं और पराशर ज्योतिष शोध संस्थान, दीपूगढ़ा के ज्योतिषाचार्य हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### पुलिस केंद्र रामगढ़ में साप्ताहिक परेड का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में पिछले सप्ताह सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार द्वारा पुलिस केन्द्र रामगढ़ में सप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया तथा परेड का निरीक्षण करते हुए परेड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एक पुलिस पदाधिकारी को सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया था। इस क्रम में आगे बढ़ाते हुए 6 जनवरी को पुलिस केन्द्र रामगढ़ में सप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण पुलिस उपाधीक्षक, (परिक्ष्यमान) फौजान अहमद रामगढ़ द्वारा किया गया तथा पुलिस कर्मियों को अगामी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के मद्देनजर उत्कृष्ठ परेड के प्रदर्शन को लेकर परेड पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

### झुरझुरी में चोरों ने बिजली फॉल्ट कर चार घरों में की चोरी




**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुरझुरी में अज्ञात चोरों ने आधी रात में बिजली फॉल्ट कर चार घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण और बर्तन समेत नगद की चोरी कर ली। बताया जाता है कि भुक्तभोगी गुलाबचंद यादव, बद्री महतो, चिंतामणि प्रसाद, पूनम कुमारी के घर परिवार के लोग आधी रात में गहरी नींद में थे उसी समय चोरी हुई। इस बाबत में भुक्तभोगियों ने पुलिस से चोरी की घटना की शिकायत की है।

### भाजपा प्रत्येक बूथ से 2 सौ सदस्य बनाएगा

**गिद्दी।** भाजपा डाड़ी प्रखंड कार्यकर्ताओं की गिद्दी में सोमवार को बैठक में प्रत्येक बूथ से दो सौ सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में उपस्थित सदस्यता अभियान के प्रवासी प्रमुख मुरारी सिंह ने प्रदेश निदेर्शानुसार इस संबंध में जानकारी दिया है। बैठक में प्रदेश के निदेर्शानुसार प्रखंड में प्रत्येक बूथ के दो-दो लोगों का नाम लिया गया। जिसे प्रदेश में भेजा जाएगा। बैठक में बताया गया बूथ के उक्त दो लोगों के उपर बूथ से दो सौ सदस्य बनाने की जिम्मेवारी होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बसंत प्रजापति ने की। जबकि बैठक में पुरुषोत्तम पांडेय, राजू रंजन तिवारी, सतीश सिंह, उमेश बेदिया, उपेंद्र सिंह, मुकेश चंद्रवंशी, कारु सिंह उपस्थित थे।

### हनुमत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में जुटे भक्तजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुईयो में श्री श्री शतचंडी महायज्ञ भगवती, हनुमत सह विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में भक्तजन जुट गए हैं। विदित हो कि उक्त कार्यक्रम के लिए प्राण प्रतिष्ठा 4 फरवरी से प्रारंभ की जायेगी।वहीं यज्ञ को लेकर कमिटी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से उत्तिम महतो को अध्यक्ष,संयोजक आई पी भारती, राजेश कुमार को उपाध्यक्ष, बसंत कुमार को सचिव, बीरेंद्र राणा को उप सचिव, नंदकिशोर कुमार को कोषाध्यक्ष, फलजीत राणा को उप कोषाध्यक्ष, बिनोद भगत को सह उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं प्रचार तथा यज्ञ शाला के लिए कामेश्वर प्रसाद, रामू राम, बिरेंद्र राणा, खिचड़ी वितरण के लिए संदीप कुमार को चुना गया। इस मौके पर मुखिया शंकर रविदास, उप प्रमुख सुरजी देवी, राम प्रसाद राम, नारायण प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, कुलदीप राणा, धीरेंद्र प्रसाद, भीखलाल राणा, लालमणि प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सागर जी महाराज का हजारीबाग में हुआ भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** परम पूज्य वाक्केशरी आचार्य 108 श्री विनिश्चय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 प्रज्ञान सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 प्रसिद्ध सागर जी महाराज का सोमवार को भव्य मंगल प्रवेश हजारीबाग नगर में हुआ। नीलांबर पीतांबर चौक से गाजे बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया जिसमें समाज के स्त्री और पुरुष वर्ग के साथ बच्चे भी शामिल हुएं। नगर प्रवेश के क्रम में बड़ा बाजार मंदिर तक जगह जगह उनकी आरती उतारी गई पाद प्रक्षालन किया गया। मुनि श्री ने बड़ा बाजार मंदिर जी में जिन दर्शन के उपरांत प्रातः 9 बजे अपना मंगल प्रवचन दिया। जिसमें समाज के अध्यक्ष महामंत्री कार्यकारिणी सदस्यों सहित काफी संख्या में स्त्री और पुरुष वर्ग के लोगों ने धर्म लाभ लिया । मंगल प्रवचन के पहले समाज के पदाधिकारी गण तथा उपस्थित श्रद्धालुगण द्वारा दोनों मुनिराजों के चरणों में श्रीफल अर्पित कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया गया । बाहर से पधारें परम मुनिभक्त अंकित जैन, नैनागिरी जिनका मुनि श्री के विहार कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा को दिगंबर जैन पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। अपने मंगल प्रवचन में मुनि श्री ने कहा की देव शास्त्र गुरु का समागम बहुत ही पुण्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है और जो इसका लाभ ले पाता है वह निश्चित ही बहुत ही पुण्यवान व्यक्ति है ।प्रवचन के पश्चात आहारचर्या का कार्यक्रम हुआ। मंगलाचरण अंकित जैन, नैनागिरी द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन विजय लुहाड़िया द्वारा किया गया। बताते चले कि प्रतिदिन प्रातः 8:30 से मंगल प्रवचन, 9:45 से आहारचर्या, दोपहर 3:00 बजे से धार्मिक कक्षा स्वाध्याय,संध्या 6:30 बजे से आनंद यात्रा, शंका समाधान तथा प्रश्न मंच , रात्रि 9:00 बजे से वैय्या वृति का कार्यक्रम होगा।

### बेड़ोकला में एसबीआइ के नए शाखा का उद्घाटन आज

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेड़ोकला में एसबीआई के नए शाखा का शुभारंभ सात जनवरी मंगलवार को होगा। शाखा उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और विधायक अमित कुमार यादव होंगे। विधायक ने बताया कि इसके पूर्व बरकट्ठा के घंघरी में ही एसबीआइ ब्रांच है। जिसके कारण लोगों को दुर दराज से आकर लेन देन करना पड़ता था। अब बेड़ोकला में नया ब्रांच होने से लोंगो को सहूलियत होगी।

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा पश्चिमी मंडल की बैठक संपन्न

**बरही ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी मंडल ने सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्पूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रवासी पदाधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सह बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने किया. बैठक के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे देश में जोर-शोर से चल रहा है. आला कमान के निर्देशानुसार राज्य के सभी विस क्षेत्र में पार्टी को विस्तारित करना है. साथ ही लोगों के पार्टी के उद्देश्यों से भी अवगत कराना है. इसी क्रम में प्रवासी अधिकारी की उपस्थिति में यह बैठक आयोजित कर सदस्यता विस्तार के कार्यक्रमो और नीतियों पर चर्चा की गई. उन्होंने बताया कि शीघ्र हो पार्टी पूर्वी मंडल क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी से नए लोगो को जोड़ने का काम करेगी. बैठक में बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, अर्जुन रविदास, मुन्ना यादव, कांति देवी, विजय राणा, इंद्रदेव यादव, राजकुमार रविदास आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

कोयला कारोबारी पर गोली की घटना को लेकर एसपी ने लिया जायजा

# अपराधी के घर की कुर्की व पिता के ठिकानों को ध्वस्त करने का दिया निर्देश

*अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कोयला कारोबारियों पर हुए हमले को लेकर प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

कुजू ओपी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में राहुल दुबे गैंग के अपराधियों द्वारा कोयला व्यवसायी अनिल केशरी को गोली मारने के बाद सोमवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार पहुंचे। साथ ही घटना स्थल का जायजा लेते हुए मौजूद पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने गोलीकांड घटना स्थल पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। साथ ही धमकी से जुड़े हुए बिंदुओं पर संतोष केसरी से पूछताछ की। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कोयला कारोबारियों पर हुए हमले को लेकर सुरक्षा की मांग की। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में लाइट व कैमरा लगाने की भी बात कही। घटना को अंजाम देने वाले अपराधी राहुल दुबे के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आवास को किराएदार से खाली कराकर कुर्की जब्ती कराने, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पिता के ठिकाना ध्वस्त करने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। एसपी ने कहा कि यह घटना को अंजाम देकर अपराधी राहुल दुबे ने अपने ऊपर शामत बुला लिया है। हमारे द्वारा कार्रवाई सभी अपराधियों के लिए एक सबक होगा। इधर मामले को लेकर कुजू ओपी में अपराधी पर मामला दर्ज किया गया। इधर गोली लगने के बाद घायल अनिल केशरी का इलाज रांची मेडिका में चल रहा है।

### शहर में सर्द रात के दौरान चोर काट रहे चांदी

**रामगढ़।** भीषण शीत लहर ने आमलोगों की परेशानी बढ़ाई है। शहर के सड़कों में शाम को ही सन्नाटा पसर जा रहा है। वहीं सुबह में धूप खिलने से पहले बाजार में रौनक नहीं लौट रही है। इसका फायदा उठाने में चोर भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। सर्द रात के दौरान चोर चांदी काटने में मशगुल हो गए हैं। वे लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। जिसने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। चोरी का खुलासा करने में पुलिस अब तक विफल दिख रही है। जिससे शहर के व्यवसायी भी हल्कान हैं। मरार रामानगर निवासी व्यवसायी तुलसी कुमार अग्रवाल के आवास पर 31 दिसंबर की रात्रि मेन गेट का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपए नगर, 800 ग्राम चांदी, 70 पीस सिक्के, 22 ग्राम सोने के आभूषण, लैपटॉप सहित करीब 5 लाख रुपए मूल्य के ज्वेलरी की चोरी हुई थी। तुलसी अग्रवाल पूरे परिवार के साथ नेपाल घुमने गए थे।

## विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में व्याख्यान का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सोमवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय -क्वांटम टू क्लासिकल क्रॉसओवरः अनवेलिंग अल्टरनेटिव रियलिटीज इन कंडेंस मैटर्स' था। कार्यक्रम का उदघाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया उसके बाद सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता रेडबॉड यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स के पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ किंग्सुक मुखुती ने व्याख्यान दिया और उन्होंने छात्रों को विभिन्न शोध गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और क्वांटम मैकेनिक्स और क्लासिकल मैकेनिक्स के बारे कई दिलचस्प तथ्य भी साझा किया और व्याख्यान से सभी छात्र प्रेरित हुए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भौतिकी विभाग को बधाई दी। परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार ने सभी अतिथियों को हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धीरज कुशवाहा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, आमंत्रित अतिथि वक्ता, शिक्षकों और छात्रों को उनके सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल चंद्र मंडल का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।

प्रकाश पर्व पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुद्वारे में टेका माथा

# गुरु गोविंद सिंह के आदर्श हमें शांति समृद्धि और भाईचारे की राह दिखाता है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

गुरु गोविंद सिंह के 358वें प्रकाश पर्व के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहर के प्रमुख गुरुद्वारे में पहुंचकर माथा टेका। इस पावन दिन की अहमियत को महसूस करते हुए सिख समुदाय के साथ मिलकर उत्सव मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारे में विशेष अरदास में भाग लिया और सिख समुदाय के विभिन्न पदाधिकारियों तथा सदस्यों से मुलाकात की। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर सिख समुदाय को गुरु गोविंद सिंह के जीवन और शिक्षाओं के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने हमें न केवल धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बल्कि उन्होंने हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का भी मार्गदर्शन किया। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है और हमें उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर समाज में शांति, समृद्धि और भाईचारे की भावना को मजबूत करना चाहिए। सिख समुदाय ने विधायक प्रदीप प्रसाद का सम्मान करते हुए उन्हें सरोपा भेंट किया, जो गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों और उनकी शिक्षाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। विधायक ने इस सम्मान को गर्व के साथ स्वीकार किया और सिख समुदाय की एकता और भाईचारे की भावना की सराहना की। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे और समाज के हर वर्ग के लिए काम करेंगे। हमें उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए न केवल अपनी ज़िंदगी को सुधारना चाहिए, बल्कि समग्र समाज में भाईचारे और सहिष्णुता की भावना फैलानी चाहिए। गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि समूचे समाज के लिए एक प्रेरणा का दिन है।

मारवाड़ी युवा मंच ने जरूरतमंदों के बीच कंबल किया वितरित

# समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाना हमारा लक्ष्य : सीए विनीत अग्रवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

मारवाड़ी युवा मंच, हजारीबाग शाखा ने अपनी सामाजिक सेवा और दायित्व को निभाते हुए रविवार को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल और नाश्ता पैकेट का वितरण किया। कड़कड़ाती सर्दी में यह पहल उन लोगों के लिए राहत का स्रोत बनी, जो आर्थिक अभाव के कारण ठंड का सामना करने में असमर्थ हैं। वितरण अभियान देर शाम से लेकर रात्रि तक शहर के प्रमुख क्षेत्रों जैसे में चलाया गया। मंच के अध्यक्ष सी. ए विनीत अग्रवाल ने कहा की ठंड का यह मौसम उन लोगों के लिए बेहद कठिन होता है, जिनके पास गर्म कपड़े और खाने का पर्याप्त साधन नहीं होता। हमारी इस पहल का उद्देश्य समाज के जरूरतमंदों को थोड़ी राहत प्रदान करना है। कंबल और नाश्ता भले ही छोटी मदद लगे, लेकिन यह उनकी जिंदगी में सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। हमारी संस्था ने हमेशा से यह प्रयास किया है कि समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचे।

गुरु गोविंद सिंह की जयंती पूरे जोश व उत्साह के साथ मनाया गया

# गुरु गोविंद सिंह के पद पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बनेगा : आचार्य तारकेश्वर राय





**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, में गुरु गोविंद सिंह जयंती पूरे जोश एवं उत्साह के साथ मनाई गई। मौके पर विद्यालय के सचिव,डॉ जयप्रकाश रविदास ने गुरु गोविंद सिंह के छायाचित्र परदीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर सचिव ने कहा गुरु गोविंद सिंह महान योद्धा, धर्म के रक्षक कवि एवं सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान कर दिया' आप सभी भैया- बहन आज संकल्प लेने की गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों एवं विचारों को अपनाकर उनके पद चिंहों पर चलते हुए देशभक्ति का संकल्प लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य नरेंद्र कुमार सिंहा ने गुरु गोविंद सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु गोविंद सिंह मुगलों को अपनी वीरता एवं पराक्रम का लोहा मनवाया। गुरु गोविंद सिंह सनातन संस्कृति के रक्षक थे। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य तारकेश्वर राय ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह भारत के वीर सपूत थे उनके पद पर चलकर भैया- बहन आप सभी भारत को फिर से विश्व गुरु बनाएंगे। मौके पर विद्यालय के प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने गुरु गोविंद सिंह को महान योद्धा एवं सच्चा देशभक्त बताया। मंच संचालन एवं अतिथियों का परिचय प्रभारी अनिल कुमार ने करवाया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने किया। मौके पर विद्यालय के आचार्य मुकेश कुमार शर्मा, संदीप कुमार, राहुल पासवान, आचार्य - बंधु भगिनी एवं भैया- बहन मौजूद थे।

# पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता तोरपा के विधायक ने जताई नाराजगी

## घटिया निर्माण कार्य पर विधायक की मौजूदगी में चलाया गया बुलडोजर





**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड के कोनसोदे प्रीतम चौक से एल्ला,तिनसोंगड़ा बरबेड़ा होते हुए पंडरापानी तक 11.575 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है साथ ही सड़क पर कई जगहों पर पुलिया निर्माण कार्य भी हो रहा है। सड़क और पुलिया निर्माण में लगातार अनियमितता की शिकायत आ रही थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बानो झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन को पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और मजदूरों को कम मजदूरी दर भुगतान करने की सूचना दी थी। सूचना के आलोक में तनवीर हुसैन कार्यस्थल पहुंचे और मामले की जानकारी तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को दी। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया,खुंटी झामुमो जिला अध्यक्ष ज़ुबैर अहमद और जिला सचिव झामुमो सिमडेगा सफीक खान कार्यस्थल पहुंचे। जहां पर निर्माण कार्य देख विधायक नाराज हो गए। उन्होंने तुरंत जेसीबी के माध्यम से घटिया निर्माण कार्य को तुड़वाया और शुरू से निर्माण करने के निर्देश दिए ।कार्यस्थल से ही उन्होंने सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह को फोन के माध्यम से कोनसोदे से लेकर पंडरीपानी पीएमजेएसवाई सड़क निर्माण कार्य के बीच में बन रहे पुलिया पर भारी अनियमितता की जानकारी दिया और अविलंब कार्यक्रम अभियंता को कार्यस्थल पर भेजकर जांच करने साथ ही कार्यवाई करने का निर्देश दिया। वहीं सिमडेगा उपायुक्त ने विधायक को शिकायत का लिखित आवेदन देने और मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर जल्दी जांच करने की बात कही। विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि पुलिया निर्माण कार्य में अनसाइज बॉल्डर,घटिया किस्म के बालू,गिट्टी एवं निम्न और लोकल स्तर के छड़,वहीं पुराने पुलिया को तोड़कर निकाले गए पत्थर का प्रयोग किया जा रहा है।आगे उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टिया से देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पुलिया बिल्कुल भी एस्टीमेट के आधार पर नहीं बनाया जा रहा है।जैसे ही तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया कार्यस्थल पर पहुंचे वैसे ही कार्य कर रहे मजदूरों ने कम मजदूरी राशि देने की बात बताया वहीं विधायक ने इंजीनियर से मजदूरी राशि की जानकारी ली ।कम मजदूरी भुगतान करते हुए पाया गया।वही विधायक ने ठेकेदार को फटकार लागते हुए मजदूरी राशि का मजदूरी भुगतान कराया और चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे गलती दोबारा न करें नहीं तो आपके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पाया कि पुलिया निर्माण में भारी अनियमित बरती गई है और इस तरह की अनियमितता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि यह जनता की गाढ़ी कमाई से बन रही है। जनता टैक्स देती है इस टैक्स के पैसे से विकास के कार्य किए जाते हैं। जनता का सेवक हूं और जनता का सेवा करना मेरा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अबुआ राज्य में हम जनता का हक किसी को मारने नहीं देंगे ।जो मजदूरों के हक को छिनने का प्रयास करेगा उनका हम विरोध करेंगे।विधानसभा क्षेत्र की जनता को उनका हक और अधिकार दिलाकर रहेंगे।संवेदक के द्वारा मजदूरों की दर में कटौती करके उन्हें कम मजदूरी दिया गया था जिसका भुगतान मजदूरों को कराया गया। मौके पर पथ प्रमंडल विभाग के जेई नंदकिशोर चौरसिया, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष खूंटी जुबैर अहमद,जेएमएम सिमडेगा जिला सचिव सफीक खान, झामुमा बानो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल केसरी,अनुज गुड़िया, उदय चौधरी,जोन्सन आइंद, मनीर खान, विदेशिया बड़ाइक, खुर्शीद खान, के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।



## 90 दिवसीय आउटरीच अभियान के तहत गांव में चलाया गया जागरुकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय जागरूकता आउटरीच अभियान के तहत विभिन्न गांवों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को कानून की जानकारी दी जा रही है। पारा लीगल वोलेंटियर गांव गांव जाकर डोर टू डोर घूमकर ग्रामीणों को विधिक सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी दे रहे हैं। सोमवार को ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कसडेगा जितिया टोली में ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं मानव तस्करी,डायन प्रथा,बाल विवाह,पोक्सो एक्ट,नशा मुक्ति, सड़क दुर्घटना,स्पॉन्सरशिप योजना,महिला उत्पीड़न, प्राधिकार द्वारा टोल फ्री नंबर 15100 के बारे बताया गया एवं वृद्धावस्था पेंशन,विकलांग पेंशन,विधवा पेंशन का लाभ लेने की जानकारी दी गई। यहां चलंत मोबाइल वैन पहुंचा और असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल ने ग्रामीणों को विभिन्न विधिक सेवाओं के बारे बताया।सुकोमल ने कहा कि मानव तस्करी रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना होगा। अपने बच्चों को काम करने के लिए बाहर नहीं भेजे। अगर कोई काम करने बाहर जाता है तो श्रम विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन जरूर कराए। केरसई के टंगरा टोली में आयोजित शिविर में पीएलवी के द्वारा श्रम कार्ड,नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे बताया गया। बोलबा प्रखंड के जेरकाटोली में पीएलवी ने डोर टू डोर जाकर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के बारे जानकारी दी। कोलेबिरा प्रखंड के गोंदलटोली में आयोजित शिविर में श्रम कानून,मोटर दुर्घटना मुआवजा, मानव तस्करी से बचाव आदि के बारे बताया गया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि 90 दिनों तक अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

## बीआरसी बोलबा प्रखंड मे दो दिवसीय रसोइया प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में दो दिवसीय रसोइया प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। जिला के एनजीओ से आए रेखा कुल्लू ने सभी रसोइया को प्रशिक्षण दिया गया।उन्होंने बताया कि खाना बनाने के समय चूड़ी नही पहननी है। चूड़ी उतारकर खाना बनाना है।वही उन्होंने बच्चो को विद्यालय के बरामदे में बैठाकर खाना खिलाने की जानकारी दी गई। बीआरपी सोनी देवी ने बच्चो को पेड़ के नीचे बैठ कर खाना नही खिलाने की. बात कही, पेड़ के नीचे खाना खाने से कोई भी अनहोनी घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने एप्रोन पहनकर खाना बनाने को कहा गया।बीपीओ निर्मला लिंडा ने भी सभी रसोइया को समय पर विद्यालय आकर खाना बनाने का जानकारी दिया गया।इस मौके पर रसोइया ने समय पर मानदेय भुगतान करने की मांग की है। साथ ही मैया सम्मान योजना से भी जोड़ने का आग्रह किया है।रसोइया सुनीता तिर्की ने बताया की रसोइया को मात्र 2000 मिल रहा है जिससे परिवार नही चल रहा है।उन्होंने बताया कि दो महीना मैया सम्मान योजना के तहत राशि मिली थी लेकिन अब नाम काट दिया गया है।उन्होंने इस बात को विधायक विक्सल कोंगड़ी से भी बात की जिस पर विधायक ने नाम नही काटने की बात कहा है।उन्होंने सभी रसोइया को मैया सम्मान योजना से जोड़ने की मांग की है। इस मौक़े पर रसोइया रोजनी सोरेंग,सम्पुनी देवी,अंजनी कुमारी,अमरमणि लकड़ा,गोरेटी कुल्लू,मंजुला तिर्की,संध्या एकका और सभी विद्यालय की रसोइया उपस्थित थी। प्रशिक्षण का समापन कल किया जायेगा। मौके पर रंजीत कुमार, बी सिंह आदि उपस्थित थे।

## 22 फरवरी को एनआई एक्ट को लेकर लगेगी विशेष लोक अदालत : जिला जज

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 22 फरवरी को एनआई एक्ट और वैवाहिक मामलों के निष्पादन के लिए आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतू सोमवार को न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में हुई। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन कराने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पीडीजे ने कहा कि झालसा के निर्देश पर आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में एनआई एक्ट और वैवाहिक मामलों का अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कराएं। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा मौका है जहां आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जा सकता है। पीडीजे ने कहा कि विभिन्न अदालतों में लंबित संबंधित मामलों में न्यायिक पदाधिकारी नोटिस जारी करते हुए विशेष लोक अदालत के बारे जानकारी देते हुए पक्षकारों को निर्धारित तिथि को उपस्थित होने का निर्देश जारी करें। इसके लिए पारा लीगल वोलेंटियर की भी मदद लेने की बात कही गई। पीडीजे ने कहा कि विशेष लोक अदालत के बारे लोगों तक जानकारी पहुंचाने का काम किया जाए। बैठक में प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने विशेष लोक अदालत के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए न्यायिक पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरंजन सिंह,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार सिंह,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सुमी बीना होरो,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा उपस्थित थे।

### छोटा नागपुरिया तेली समाज की ओर से होगा अभिनंदन समारोह

**सिमडेगा।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज जिला सिमडेगा द्वारा आगामी 8 जनवरी दिन बुधवार को तेली छात्रावास ढेबरग्राम हरिजन टोली सिमडेगा में स्वागत सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष जगदीश साहू ने बताया कि उक्त स्वागत सा अभिनंदन समारोह में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी तथा पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू तथा तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ।जहां पर समाज की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा, वहीं जिला अध्यक्ष ने कहा इस कार्यक्रम के लिए जिला के सभी शाखा एवं अधिकारी तथा सदस्यों को समय पर उपस्थित रहने के लिए अपील की गई।

## टीबी मुक्त बनाने के लिए पैदल सफर कर पहुंचे सिविल सर्जन टीम के साथ डलियामार्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** केंद्र सरकार की ओर से झारखंड के चार जिला को 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान कार्यक्रम के तहत चयन किया है जिसमें सिमडेगा भी शामिल है। 7 दिसंबर से इस अभियान की शुरुआत सिमडेगा जिला में की गई है जो 18 मार्च 2025 तक सिमडेगा में चलेगी और इस कार्यक्रम को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरे जोर-शोर से लगे हुए हैं ।इधर सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान पूरे तन्मयता के साथ इस कार्य को पूरा करने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। कभी रात में रात्रि चौपाल ,कहीं दिन में लोगों के साथ मुलाकात तो अब सुदूर ऐसे जंगल पहाड़ों के बीच क्षेत्र का भी पैदल सफर कर पहुंच रहे हैं जहां पर आज तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए चार बार सोचती है ।सिविल सर्जन की दूरगामी सोच का परिणाम है कि बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगल पहाड़ों के बीच पगडंडी के रास्ते घंटे तक पैदल चलने के बाद सिविल सर्जन एवं उनकी टीम डालियामार्चा गांव पहुंची और टीबी मुक्त अभियान कार्यक्रम के तहत सिविल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी की वजह से स्वास्थ्य सुविधा नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में मेडिकल सुविधा पहुंचाने के लिए छोटा सा प्रयास किया गया है ,ताकि ऐसे गांव में अगर कोई भी टीबी बीमारी से संक्रमित मरीज पाया जाए तो उसे समय पर इलाज किया जा सके ।उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस गांव में मेडिकल शिविर का आयोजन करते हुए लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न न हो।

### कुरडेग में आत्मा विभाग की ओर से चना बीज का हुआ वितरण

**कुरडेग।** प्रखंड के कृषि आत्मा विभाग के द्वारा एनएफएसएम योजना अन्तर्गत किसानों के बीच चना बीज वितरण किया गया।आत्मा विभाग के सहायक तकनीक प्रबंधक अनु सोफिया एक्का ने बताया कि ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से प्रखंड के 145 पंजीकृत किसानों के बीच चना बीज वितरण किया गया। एनएफएसएम टीआरएफए,राईस एवं पुसेस के द्वारा कुल 1790 किलोग्राम चना बीज उपलब्ध कराया गया था,जिससे किसानों के बीच निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।साथ ही उन्होंने बीज लेने वाले किसानों से इस बीज का सदुपयोग कर बेहतर तरीके से अपने खेतों में लगाने को कहा।

## कुडू का टेंपू मांडर चौक से दिनदहाड़े चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी निवासी मनोज साहू का टेंपो नंबर जेएच 08 डी - 4276 की रविवार दिनदहाड़े मांडर चौक से अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने बताया कि वह रांची से लौटने के क्रम में मांडर चौक में अपना टेंपो सड़क के किनारे खड़ा कर कुछ सामान खरीदने सड़क के दूसरे ओर गए थे। मुश्किल से पांच मिनट बाद लौटने पर टेंपू गायब था। मनोज ने तत्काल इसकी सूचना मांडर थाना को दी। सूचना के बाद मांडर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमे टेंपो को चानहो रोड में जाते देखा गया। हालांकि इसके बाद कहीं कोई फुटेज भी नहीं मिल पाया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अनेक जगहों पर टेंपो का पता लगने प्रयास किया, लेकिन टेंपो नहीं पता चला। ज्ञात हो कि मनोज साहू के परिवार का एकमात्र सहारा यह टेंपो था। इसके चोरी हो जाने से उसके परिवार के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है।



### मकर संक्रांति मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**कैरो।** आगामी 14 जनवरी को प्रखंड क्षेत्र के खरता में आयोजित होने वाली मकर संक्रांति मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड के खरता अखड़ा में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में रंगरोगन करने से लेकर अतिथियों को बुलाने व स्वागत करने के साथ ही मेला व्यवस्था पर चर्चा किया गया। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग के माध्यम से होने वाली रंगारंग कार्यक्रम में बढ़चढ़ सहयोग करने की बात कही। साथ ही इस बार दोपहर 11 बजे से ही झारखण्ड के मशहूर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ करने पर निर्णय लिया गया। मेला में मंत्री, सांसद, विधायक सहित दर्शकों व भक्तों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संतोष भगत, बन्धु उरांव, राजकुमार टाना भगत, राजू उरांव, सहित ग्रामीण थे।

## ठंड से बचाव के लिए वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बिमरला खनन क्षेत्र में हिंडालको सीएसआर के तहत बढ़ते ठंड से बचाव के लिए वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बिमरला अंतर्गत ग्राम बरांगपाट घोड़ा पत्थर, कोरले, डेमाडीह आदि ग्राम के वृद्ध जनों के बीच ग्रामीण के सहयोग से एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में कंबल का वितरण किया जा रहा है। अब तक 150 कंबल का वितरण वृद्ध जनों के बीच बढ़ती ठंड से बचाव हेतु उन्हें प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम का मार्गदर्शन बिमरला के खान प्रबंधक किरण शंकर सिंह ने किया एवं सहयोग अन्य अधिकारी गण जिनमें सीएसआर विभाग के अभय भारती, सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे, अनुज सिंह, भूगर्भ शास्त्री प्रत्यूष कुमार रावत, धर्मेंद्र कुमार, कृष्णा शर्मा, नागेंद्र सिंह, सुजीत झा, प्रज्वल साहू, ग्रामीण अंकित उराव, विनय भुइयां, जयमंगल उरांव, सुरेश उरांव, प्रियंका उराव, बिरसा उराव, सुखराम असुर, राजकुमार उरांव एवं महिला समूह के सदस्य गण सहयोग कर रहे हैं।

### रघुटोली में डालसा ने कंबलों का किया वितरण

**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखण्ड अंतर्गत रघुटोली में सोमवार को कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए गरीब, असहाय और जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार, हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख के नीरज कुमार व हिंडाल्को लीगल विभाग के अनिल कुमार पाठक उपस्थित रहे। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र और विभिन्न पंचायतों में हिंडाल्को लिमिटिड कंपनी के माध्यम से प्राप्त 500 कंबल का वितरण जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा किया जा रहा है। डालसा कार्यालय अंतर्गत विभिन्न थानों, ब्लॉकों, पंचायतों, सदर अस्पताल, जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, सखी वन स्टॉप सेंटर में प्रतिनियुक्ति पीएलवी के माध्यम से लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### टीबी मुक्त भारत के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय शिव मंदिर परिसर में डॉ नितेश कुमार के द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया इस दौरान उपस्थित लोगों को टीवी रोग के प्रति जागरूक किया मौके पर उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला प्रशासन के द्वारा 100 दिनों तक सिमडेगा जिला से टीबी बीमारी को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए अभियान चला रही है जिसके तहत सभी जगह पर यह अभियान चल रही है और इस प्रखंड में भी इस अभियान को चलाया जा रहा है। मौके पर उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा रेफरल अस्पताल ठेठईटाँगर टीबी का इलाज बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। 40 वर्ष के ऊपर के लोगो को लगातार खांसी हो रही है तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या रेफर अस्पताल संपर्क करे। जहाँ बिल्कुल मुफ्त में इलाज किया जा रहा है एवं दवा बिल्कुल फ्री दिया जा रहा साथ में प्रोत्साहन राशि भी 1000 दिया जा रहा है।

### वनदुर्गा पूजा समिति का किया गया मासिक बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल माँ वनदुर्गा पूजा समिति का मासिक बैठक अध्यक्ष जहूरन सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।बैठक मे आय-ब्यय, लेखा जोखा पर. चर्चा करते हुए वनदुर्गा विकास के लिए एक डिप बोरिंग, वनदुर्गा स्थल की चहरदीवारी, बाईपास रोड निर्माण के संबध मे भी विचार विमर्श किया गया. इस मौक़े पर प्रतिनियुक्त कार्यकर्ताओ का मानदेय भुगतान, बकाया लेनदेन पर बातचित किया गया। सर्व सम्मति से बजरंगबली मूर्ति को बदलने के लिए सहमति बनी इसके साथ ही आगामी बैठक फ़रवरी माह के प्रथम रविवार को तय किया गया है।इस मौक़े पर जहुरन सिंह, केशरी सिंह, प्रणव कुमार, संजय मिश्रा, शशि प्रसाद, बिनोद बड़ाइक, कलिन्द्र सिह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### 72 किसानों के बीच ठेठईटांगर आत्मा कार्यालय में चना बीज का हुआ वितरण



**ठेठईटांगर।** प्रखंड की आत्मा विभाग के कार्यालय में सोमवार को 72 किसानों के बीच 1400 किलो चना बीज का वितरण किया गया ।इस दौरान प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए ,जहां पर उन्होंने किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से यह एक योजना है, किसान अधिक से अधिक चना की खेती करते हुए आत्मनिर्भर बने और इसी के उद्देश्य से चना बीज का वितरण किया गया है ।उन्होंने कहा कि इसका इस्तेमाल केवल कृषि कार्य के लिए करें किसी अन्य कार्य के लिए ना करें ।उन्होंने कहा कि आप लोगों की खेती का निरीक्षण करने के लिए प्रखंड कृषि कार्यालय एवं जिला से पदाधिकारी आएंगे और निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि आप अधिक से अधिक खेती करते हुए इसका लाभ लें ताकि आने वाले दिनों में जिले भर का नाम रोशन हो सके ।वही इस मौके पर एटीएम बीटीएम आत्मा विभाग के अधिकारी पंचायत के मुखिया ,विधायक प्रतिनिधि, कृषक मित्र सहित किसान उपस्थित थे।

### आरोपी अब फोन पर दे रहे धमकी ग्रामीणों ने एसपी को सौंपा आवेदन

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड के कुरूमडेगी निवासी ग्रामीणों ने एसपी सौरभ कुमार को आवेदन पत्र देकर प्रतिबंधित पशु की हत्या के आरोपियों द्वारा धमकी दिए जाने की जानकारी दी है। बताया गया कि 24 दिसंबर की रात ताराबोगा पंचायत की रेंगारटोली में प्रतिबंधित पशु की हत्या की गई थी। जिसकी सूचना कुरुमडेगी के ग्रामीणों ने ठेठईटांगर पुलिस को दी थी। पुलिस के घटनास्थल पहुंचने पर आरोपी भाग निकले थे। उसी रात ठेठईटांगर थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी ने गांव पहुंचकर आरोपियों के बारे में ग्रामीणों से पूछताछ की थी। दूसरे दिन कुरुमडेगी के लोगों ने थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कुछ ग्रामीणों को मोबाइल से धमकी दी जा रही है। इससे लोग भयभीत हैं। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक भी हुई थी। कहा गया था कि एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आवेदन पत्र सौंपने वालों में कई लोग शामिल थे।

### जिला परिषद सदस्य ने पीसीसी पथ जलमीनार एवं शौचालय का किया शिलान्यास



**बानो।** प्रखण्ड के डोलडाडी में जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने डोलडाडी कालीकरण पथ से गिरजा टोली तक बनने वाली पीसीसी पथ,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोलडाडी में जलमीनार व शौचालय का शिलान्यास किया। मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा गिरजा टोली तक पीसीसी पथ की ग्रामीणों ने काफी दिनों से मांगकी जा रही थी। गाँव मे जलमीनार नही होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना पड़ रहा था।अब लोगो को दूर से पानी लाना नहीं पड़ेगा। मौके पर अनूप साहू ,पन्नालाल ओहदार आदि लोग उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ता पर कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक से की शिकायत



**रांची।** कोलेबिरा:प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएचसी के स्वास्थ्य कार्यकर्ता सत्येंद्र नारायण सिंह के खिलाफ गोलबंद हुए हैं। इस संबंध में रविवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने विधायक विक्सल कोंगाड़ी को ज्ञापन सौंपते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ता सत्येंद्र नारायण सिंह पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया कि सत्येंद्र नारायण सिंह के द्वारा कर्मचारियों को परेशान किया जाता है। कार्य सही तरीके से करने पर भी जबरदस्ती अनावश्यक रुप में त्रुटि निकाल कर कर्मियों को परेशान करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने विधायक को बताया कि इस संबंध में सीएस को लिखित आवेदन देकर सत्येंद्र नारायण सिंह को सीएचसी कोलेबिरा से अनियंत्रित कहीं हटाने की मांग की है। लेकिन आज तक स्वास्थ्य कर्मी पर किसी प्रकार की कोई Uकार्रवाई नहीं हुई है। विधायक को आवेदन सौपने वालों में मनोज कैथर, बलदेव प्रधान, हेमंती कुल्लु, प्रिस्किल्ला सोरेंग, सुनीता मिंज, सुनीता मिंज, जुर्णिला ब गे, सुनीता टोप्पो, अनुषा नेहा किंडो, सरोज तिर्की, नूतन नीलम नीलम ,कृति तोपो, प्रभु कुमार लकड़ा, उर्मिला, सीमा रेखा मिंज, अनीशा , दीप्ति निशा जोजो, लवली तिर्की, मधुर ददेल, सरोज रजनी, सीजन, शीलावती देवी, कौशल्या देवी, हेमंती देवी, आशा देवी, एनिमा डांस, सीमा, सोफिया, बसंती देवी आदि के हस्ताक्षर है।

### महाकाल महोत्सव में गूंजे मंत्र... लोगों ने सूख, समृद्धि की कामना की

# मेन रोड के मां विघ्नहरणेश्वरी मंदिर में हुई पूजा, महाकाल के दरबार में झूमे भक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से नववर्ष के पहले सोमवार 6 जनवरी को रामगढ़ जिला वासियों की सुख, समृद्धि और शांति के लिए महाकाल का पूजा किया गया। सोमवार को मेन रोड के सुभाष चौक के मां विघ्नहरणेश्वरी मंदिर परिसर में भगवान श्री महाकाल का भव्य दरबार सजाया गया। यहां पुजारी संजयेंद्र गुरु ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस के हाथो पूजा करवाता । पूजन, रुद्राभिषेक के बाद महाआरती की गई। इस महा आयोजन में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित होकर महाकाल की पूजा की एवम लोकसभा वासियो के सुख समृद्धि की कामना की। इस महोत्सव में रामगढ़ जिला के उपायुक्त चंदन कुमार ने महाकाल का आशीर्वाद लेकर लोगों के बीच प्रसाद वितरण कर महाभण्डारा का शुभारंभ किया। इस आयोजन में जिले के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता के अलावा काफी संख्या महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, गायकों के भजनों पर शिव भक्त झूमे। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि नववर्ष की शुरूआत महाकाल के साथ हो और राष्ट्र, राज्य व रामगढ़ जिला की तरक्की और जिला वासियों की समृद्धि की कामना की गई है।

## साई धुर्वा 'बी' 5 विकेट से विजयी रही



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में कुशमाही सीए बनाम साई धुर्वा 'बी' के बीच खेला गया। कुशमाही सीएने 20.5 ओवर में 10 विकेट पर 121 रन बनाया। संतोष कुमार शर्मा ने 26 रन, रोशन यादव ने 22 रन व भास्कर सिंह ने 20 रन बनाया। अरसलान फैसल ने चार विकेट लेकर 19 रन व बिनीत कुमार ने तीन विकेट लेकर 36 रन दिया। साई धुर्वा 'बी' टीम ने 20.2 ओवर में पांच विकेट पर 124 रन बनाया। अंकित कुमार ने 38 व यशराज सिंह ने 31 रन बनाया। सोनू प्रजापति ने तीन विकेट लेकर 25 रन दिया। साई धुर्वा 'बी' 5 विकेट से विजयी रही।

### टोल प्लाजा के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए पूर्व विधायक, कहा

# जब तक विधायक रहा टोल चालू नहीं होने दिया : अकेला



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 20 स्थित मदनगुंडी (चंदवारा) टोल प्लाजा से स्थानीय वाहनों के प्रवेश निःशुल्क और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने को लेकर धरना प्रदर्शन जारी है. इसी क्रम में सोमवार को सर्वदलीय धरना आयोजित किया गया. जिसमें कांग्रेस, भाजपा, सपा आदि विभिन्न दलों के नेता और कार्यकर्ता शमिल हुए. कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि बरही विस क्षेत्र में फुट डालो और शासन करो की नीति अपनाई जा रही है. जिसका खामियाजा यहां के जनता को भुगतान पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि नियम विरोध मदन गुंडी टॉल प्रारंभ किया गया है. जिसका उन्होंने हमेशा विरोध किया और अपने विधायक काल में चालू नही होने दिया. उन्होंने कहा कि रसोईया धमना से मदनगुंडी की दूरी 15 किमी के अंदर है, बाबजूद टॉल लगाना समझ से परे है. उन्होंने केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी से मामले को संज्ञान में लेते हुए टॉल निरस्त करवाने की मांग किया है.

# स्थानीय वाहनों को छूट और स्थानीय युवाओं को रोजगार को लेकर धरना-प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
एनएच 20 स्थित मदनगुंडी (चंदवारा) में चालू किए गए टॉल प्लाजा से स्थानीय वाहनों की छूट और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया. जिसमे विधायक अमित यादव सहित पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव, जानकी यादव, कांग्रेस नेता अरुण साहू आदि सहित कई लोग शामिल हुए. उपस्थित नेताओ ने सर्वप्रथम टॉल के औचित्य पर सवाल खड़ा करते हुए इसे अनुचित बताया. पूर्व विधायक श्री अकेला ने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री ने 60 किमी की दूरी पर टॉल बनाए जाने की बात कही थी. पर यह टॉल किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है. बरही विस क्षेत्र से राजधानी रांची जाने के लिए दो टॉल का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय वाहनों को छूट नहीं दिया जा रहा है और न ही स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है. कांग्रेस के श्री साहू ने कहा कि टॉल सुविधा और सुरक्षा के लिए अनिवार्य है, पर इतने कम दूरी पर बनाने का औचित्य समझ से परे है. उन्होंने भी धरणार्थियों की मांगो का समर्थन करते हुए धरना स्थल पर बैठे और स्थानीय वाहन को टॉल के लिए निःशुल्क और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग बात कही.

## खलिहान में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत के ग्राम पेशम में बीते रात ठाकुर महतो के खलिहान में रखा हुआ धान भंडारण आग लगने से पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। इस घटना की सूचना मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिन्हा ने टेलीफोन के माध्यम से अंचल अधिकारी को दी और प्रभावित किसान परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। मुखिया प्रतिनिधि ने घटना स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और बताया कि किसान परिवार अपनी मेहनत से धान को खलिहान तक लाते हैं, लेकिन इस प्रकार की घटना उनके लिए अत्यंत दुखदायी होती है। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि लालजीत यादव, संतु चौधरी, रामकिशोर चौधरी, करू चौधरी, मंगर चौधरी, भुना चौधरी, और चंसी चौधरी सहित अन्य ग्रामीण भी मौके पर उपस्थित थे। सभी ने इस घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए प्रशासन से शीघ्र मुआवजा दिलाने की अपील की।

## अभियुक्त ने पुलिस की मौजूदगी में पत्नी का किया अंतिम संस्कार

**रामगढ़।** सोमवार को रामगढ़ थाना कांड संख्या 10/2025 दिनांक 06/01/2025 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस एक्ट 2023 में प्राथमिक अभियुक्त प्रवीण कुमार पांडे, पे0 अक्षय कुमार पांडे, सा रानी बगीचा, जारा टोली रामगढ़ को माननीय न्यायालय द्वारा उपस्थापन करवाया गया। उपस्थापन उपरांत माननीय न्यायाधीश द्वारा मुखाग्नि देने हेतु स्वतः पुलिस रिमांड में छोड़ा गया है तथा 08 बजे रात्रि तक फिर से पुनः उपस्थापन करवाने का आदेश दिया गया है। उनकी पत्नी 5 जनवरी को अपने ही रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परंतु मृतका के मायके वालों द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। जिसके बाद हत्या का कांड दर्ज किया गया है।

## पैदल यात्री, साइकिल चालक को काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा की दी जानकारी



**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह श शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निदेर्शानुसार पैदल यात्री/साइकिल चालक को काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। जैसे बाइक चलाने वक्त हेलमेट का प्रयोग जरूर करें, कभी भी नाबालिक को वाहन चलाने की अनुमति ना दें, कभी भी गति सीमा को पार ना करे,रोड पर कभी भी क्रोधित होकर वाहन का प्रयोग न करें, वाहन चलानें वक्त गतिसीमा से बाहर ना जाएं, हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें। सभी लोगों से अनुरोध किया कि कभी भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को देखें तो निष्पक्ष होकर आगे बढ़कर दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को मदद करें या फिर नजदीकी अस्पताल में पहुंचा कर गुड समरितन बनें। सभी लोगों के बीच रोड सेफ्टी हैंडबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर दुगनो टोपनो, एमवीआई शुभम लाल सिंह, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन मोहम्मद वाजिद हसन एवं ट्रैफिक पुलिस पुलिस से इमरान, मंडल, अजय उपस्थित रहे।

## गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**रामगढ़।** सिक्खों के 10वें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी का 358वां प्रकाश उत्सव 6 जनवरी रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सर्व प्रथम गुरुद्वारा साहिब में हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह द्वारा पाठ किया गया। मालूम हो की दो दिन पूर्व गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ का आरम्भ किया गया था। आज सुबह अखंड पाठ की समाप्ति हुई। दिल्ली से आए प्रसिद्ध रागी इंद्रजीत सिंह ने शबद कीर्तन किया। वहीं, आज प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से झंडा चौक, वैष्णो देवी गली होते हुए गुरुद्वारा साहिब आई आज की प्रभातफेरी खालसा क्रिकेट क्लब द्वारा की गई। गुरुद्वारा साहिब में निशान साहब का चोला बदला गया जिसकी सेवा स्वर्गीय करनैल सिंह सैनी के परिवार द्वारा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरुगोविंद सिंह ने किस तरह से अपने कॉम के लिए संघर्ष किए। गुरुगोविंद सिंह का जन्म स्थान पटना साहिब में है, जहां हर साल देश विदेश से श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## स्कूल में मनाया गया श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश दिवस

**जमशेदपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बहरागोड़ा के प्रांगण में सोमवार को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश दिवस बड़े हर्षोल्लाह एवं भव्य आयोजन के साथ मनाया गया. प्रकाश दिवस के कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः कालीन वंदना सभा में भारत माता, मां भारती, सरना माता एवं ॐ के चित्रों के साथ-साथ श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र पर पुष्पार्चन, दीपार्चन एवं माल्यार्पण से किया गया. विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ-साथ बहरागोड़ा संकुल के संकुल प्रमुख अशोक कुमार नायक ने गुरु गोविंद सिंह जी प्रकाश दिवस मनाने के पीछे के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किये. इस अवसर पर शिक्षक पार्थ सारथी, हरिहर माईति, दिती मिश्र, असीम कुमार, गौरांग राणा, दर्प नारायण आदि ने भी श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने वक्तव्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों के समक्ष अपना आशीष वचन प्रदान किया. कार्यक्रम का संचालन कक्षा अष्टम की छात्रा अस्मिता साहू ने किया.

### माले नेता को जान से मारने की धमकी को लेकर बैठक आयोजित

# क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध के खिलाफ निकलेगा चेतावनी मार्च : सकलदेव



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**
गावां थाना क्षेत्र के बिश्नीतिकर गांव में भाकपा माले की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में महेंद्र सिंह के शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में माले नेता सकलदेव यादव को फोन पर जान से मारने की धमकी देने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए गावां थाना में ज्ञापन सौंपा गया कि 24 घन्टे के भीतर यदि प्रशासन धमकी देने वालों को गिरफ्तार नहीं करती है तो पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। राजकुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में चोरी डकैती की घटना आम हो गई है। अपराधी बेखौफ चोरी डकैती की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इन तमाम चीजों को देखते हुए भाकपा माले मंगलवार को गावां बाजार में चेतावनी मार्च व जोहार संकल्प यात्रा निकालेगी। बैठक में अशोक मिस्त्री, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, संतोष मरांडी, चन्दन यादव, कन्हाइ राम, अभिमन्यु यादव, राकेश यादव, संजय दास, रंजीत यादव, मंटू यादव, मनोहर यादव, पिंटू यादव, टुनटुन यादव, अजय तुरी, लखन मण्डल एवं नरेश राणा समेत कई उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई

# ग्रंथ साहिब सूक्तियों, दोहों, शबदों व लेखों का है संग्रह : प्रधानाचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सिखों के अंतिम और दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई. जयंती कार्यक्रम वंदना सभा में आयोजित किया गया. जिसकी शुरूआत पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ. कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि 1699 में गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना किया था. उन्होंने ही गुरु ग्रंथ साहिब को सिखों का गुरु घोषित किया. जो केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि सिख धर्म का अंतिम और जीवित गुरु भी माना जाता है. उन्होंने अपने मृत्यु के पूर्व 1708 में यह घोषणा कर दी थी कि उनके बाद कोई व्यक्ति गुरु नहीं होगा और गुरु ग्रंथ साहिब आखिरी गुरु होंगे. गुरु ग्रंथ साहिब सूक्तियों, दोहों, शबदों और दूसरे लेखों का एक संग्रह है. उन्होंने संगत और पंगत को भी विस्तार से बताया. कार्यक्रम को वरिष्ठ आचार्य संजीव ने भी अपने विचार रखें. उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह का पूरा जीवन सच्चाई की राह पर चलने को प्रेरित करता है. मौके पर सभी आचार्य व दीदी सहित विद्यालय के भैया बहन मौजूद थे।

## प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को दी कानून संबंधी जानकारी

**सरायकेला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां की ओर से 90 दिवसीय जागरुकता एवं आउटरीच अभियान के तहत सोमवार को नीमडीह प्रखंड के चिंगड़ा पारकीडीह गांव में प्रभात फेरी निकाली गई. इस दौरान डीएलएसए के पीएलवी शुभंकर महतो ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में जादू-टोना, नशीली दवाओं की लत और साइबर अपराध जैसे खतरों के प्रति जागरुकता फैलाना है. ताकि लोग इन खतरों से बच सकें और सुरक्षित रह सकें. उन्होंने बताया कि अभियान का एक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानें और उनका सही उपयोग कर सकें, ताकि वे अपनी जीवनशैली में सुधार लाते हुए सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा सकें. अभियान में पीएलवी साधन महतो, बंधन महतो, क्षेत्रमोहन महतो, विकास महतो, बांसती देवी, मामनी मांझी, पदो मांझी समेत कई ग्रामीण शामिल थे.

## बालीजुड़ी में मनाई गई पोटका के पूर्व विधायक सनातन माझी की 84वीं जयंती

**जादूगोड़ा।** पोटका के पूर्व विधायक सनातन माझी की 84वीं जयंती पर उनके सम्मान में जादूगोड़ा से सटे बालीजुड़ी (बस स्टैंड) में कार्यक्रम आयोजित किए गए. स्वर्गीय सनातन माझी स्मारक समिति बालीजुड़ी के अध्यक्ष अनिल मुर्मू की अगुवाई में बालीजुड़ी में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. यहां क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने स्वर्गीय सनातन माझी की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर दोनों नेताओं ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के शैक्षणिक व सामाजिक क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद किया. कार्यक्रम में अनिल मुर्मू ने कहा कि स्वर्गीय सनातन माझी ऐसी शख्शियत थे कि उन्हें हर कोई याद करता है व उनके विचारों को आत्मसात करने की कोशिश करता है. अविभाजित सिंहभूम जिला में 12 सालों तक कांग्रेस के कोल्हान जिलाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने पोटका एलवीएस डिग्री कॉलेज समेत शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र ने कई काम किए.

### ठंढ को लेकर सरकारी आदेश के बावजूद भी खुले रहते हैं निजी स्कूल

# प्रशासन की निष्क्रियता के कारण निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं




**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड में सरकार द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। हालांकि, कई निजी स्कूल इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं और मनमाने तरीके से स्कूल संचालित कर रहे हैं। इससे बच्चों को सुबह की कड़क ठंड में स्कूल पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आदेश का सख्ती से पालन हो और बच्चों को ठंड से बचाया जा सके। अभिभावकों ने भी इस पर चिंता जाहिर की है और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रशासन को ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई करनी चाहिए जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। जब इस मामले को लेकर बीईओ अशोक कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इससे शिक्षा विभाग की लापरवाही और कमजोरी साफ झलकती है। बढ़ती ठंड में स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी होने के बावजूद निरीक्षण की कमी और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण निजी स्कूल मनमानी कर रहे हैं। यह स्थिति दशार्ती है कि शिक्षा विभाग अपने कर्तव्यों का पालन करने में असफल हो रहा है। बच्चों की सुरक्षा और सुविधा को नजरअंदाज करना गंभीर मामला है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। निरीक्षण प्रक्रिया को तेज करके दोषी स्कूलों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## न्यूज | बॉक्स

### मंथन सीसी टीम ने दो रन से जीत दर्ज की



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में सीसीएल बनाम मंथन सीसी के बीच खेला गया। मंथन सीसी ने 37 ओवर में नौ विकेट पर 212 रन बनाया। वहीं ऋषिकेश 44, वैभव 26,रेहान 38 व राज ने 22 रन बनाया। प्रकाश ने दो विकेट लेकर 53 रन, हिमांशु ने दो विकेट लेकर 41 रन व श्रीचंद ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। सीसीएल की टीम ने 33.1 ओवर में 10 विकेट पर 210 रन बनाया। प्रकाश ने 45, गुलशन ने 41, अजय ने 37 व हिमांशु ने 21 रन बनाया। अर्पित ने तीन विकेट लेकर 43 रन दिया। वहीं आजाद ने चार विकेट लेकर 32 रन व अमन ने दो विकेट लेकर 22 रन दिया। मंथन सीसी टीम ने 2 रन से जीत दर्ज की।

### अचीवर्स ने 7 रन से दर्ज की जीत

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में अचीवर्स बनाम साई धुर्वा 'ए' के बीच खेला गया। अचीवर्स टीम ने 33.1 ओवर में 10 विकेट पर 183 रन बनाया। पवन कुमार ने 22 व अविनाश कुमार ने 19 रन बनाया। वहीं अनुकृष्ण ने 3 विकेट लेकर 28 रन, उज्जवल तिवारी ने 2 विकेट लेकर 19 रन व पुकार राज ने दो विकेट लेकर 29 रन दिया। साई धुर्वा 'ए' ने 34.3 ओवर में 10 विकेट पर 176 रन बनाया। मनोरंजन कुमार ने 37, ऋतुराज ने 37, अमर प्रकाश ने 26 व अनुकृष्ण ने 23 रन बनाया। वहीं किसलय सिंह ने दो विकेट लेकर 21 रन, श्याम नारायण सिंह ने दो विकेट पर 27 रन व महावीर ले दो विकेट लेकरी 26 रन दिया। अचीवर्स ने 7 रन से जीत दर्ज की।

### केडी गिरी सीए ने 93 रनों से जीत हासिल की



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट टाटीसिलवे स्थित ईईएफ ग्राउंड में केडी गिरी सीए बनाम गोस्वामी सीए के बीच खेला गया। केडी गिरी सीए टीम ने 29 ओवर में सात विकेट पर 257 रन बनाया। सूरज कुमार ने 100, सक्षम राज ने 58 व संतोष कुमार ने 41 रन बनाया। वहीं शौर्य स्कंद ने तीन विकेट लेकर 63, आलोक कुमार ने दो विकेट लेकर 46 रन दिया। गोस्वामी सीए टीम ने 30 ओवर में आठ विकेट पर 164 रन बनाया। सुमित कुमार ने 57 व लालेश्वर महतो ने 23 रन बनाया। आकाश मुंडा ने चार विकेट लेकर 15 रन व सूरज कुमार ने तीन विकेट लेकर 25 रन दिया। केडी गिरी सीए ने 93 रनों से जीत हासिल की।

### आरसीए ऑरेंज ने 8 विकेट से टूर्नामेंट जीता

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में बाजरा सीए बनाम आरसीए ऑरेंज के बीच खेला गया। बाजरा सीए की टीम ने 26 ओवर में 10 विकेट पर 72 रन बनाया। वहीं मोहम्मद फरहान ने तीन विकेट लेकर 20 रन व वाइल्डन वसीम ने दो विकेट लेकर 13 रन दिया। आरसीए ऑरेंज ने 15.1 ओवर में दो विकेट खोकर 73 रन बनाया। उमंग सिंह ने 24 रन बनाया। आरसीए ऑरेंज ने 8 विकेट से टूर्नामेंट जीता।

### विश्व हिंदू परिषद ने किया सामाजिक समरसता रथ का शुभारंभ



**हजारीबाग।** विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग के द्वारा सामाजिक समरसता रथ यात्रा का शुभारंभ बिरसा विद्यालय डेमोटंड से किया। इस यात्रा का मूल उद्देश्य श्री राम जन्मभूमि के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष पर किया गया। यह रथ हजारीबाग विभाग के हजारीबाग चतरा कोडरमा तथा गिरिडीह जिला के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण करते हुए 12 जनवरी को पुनः हजारीबाग में भव्य समापन होगा। यात्रा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री श्री अजय पारीक एवं हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अरविंद मेहता ने किया। मौके पर उपस्थित रहे अजय पारीक ने बताया इस बार पूरे भारतवर्ष में 11 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का पहला वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा श्री रामचंद्र जी सामाजिक समरसता के सबसे बड़े पुरोधा रहे हैं। उन्होंने समूचे जीवन काल में उच्च नीच छुआछूत के भेदभाव को समाप्त करके एक समरस समाज का निर्माण कर धर्म की स्थापना की, आज वर्तमान समय में उन्हीं के जीवन मूल्यों को आदर्श मानकर पुणे भारत को वैभवशाली एवं महान बनाना है। पूरे समाज में जाकर प्रभु श्री रामचंद्र जी के जीवन मूल्यों को बताना है।

## संपादकीय

### श्रीलंका में भारतीय सेना के शहीदों के सम्मान में स्मारक के मायने

चीन और अमेरिका के दबाव के बीच आर्थिक रूप से पिछड़े श्रीलंका में एक सांकेतिक घटनाक्रम के बड़े मायने हैं। श्रीलंका में आईपीकेएफ द्वारा की गई कार्रवाई हमेशा शांति और पड़ोसियों के लिए पारस्परिक सम्मान के हमारे दर्शन का मानक बनी रहेगी। वर्ष 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के तहत भारतीय शांति सेना (आईपीकेएफ) की श्रीलंका में तैनाती भारत का पहला स्वतंत्र विदेशी राजनीतिक-सैन्य उद्यम था। यह भारत के बढ़ते क्षेत्रीय प्रभुत्व का परिचायक तो था ही, क्षेत्रीय अलगाववाद को दो देशों की आपसी सहमति से खत्म करने, दो पड़ोसी देशों का क्षेत्रीय और वैश्विक शांति बनाए रखने के दायित्वों का अद्वितीय अनुसरण एवं दक्षिण एशिया में बिना किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था को शामिल किए शांति व्यवस्था बहाल करने की अद्भुत मिसाल रहा है। इस पथप्रदर्शक राजनीतिक-सैन्य पहल को चाहे क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उतनी ख्याति नहीं मिली, पर यह भारतीय सेना के पराक्रम, अदम्य साहस, अदभुत रण कौशल, उत्कृष्ट बलिदान और उच्च सैन्य नेतृत्व की खूबियों के लिए भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। आईपीकेएफ ऑपरेशन जहां एक ओर सैन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गया, वहीं भारतीय सैनिकों का बलिदान बटालियनों, रेजिमेंटों और सेना के लिए प्रेरणा का स्रोत है।भारतीय सेना की एक प्रतिष्ठित एवं जांबाज बटालियन 11, गढ़वाल राइफल्स को भी भारतीय शांति सेना का हिस्सा बनकर 1987 में श्रीलंका के उत्तर-पूर्व में सबसे दुर्गम व उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र मुल्लईतिवु में काम करने का मौका मिला। बटालियन त्रिंकोमाली में उतरकर मुल्लईतिवु तक पैदल मार्च करके तीन-चार दिनों में पहुंची थी। इस लंबे मार्च के दौरान ही लिट्टे ने बटालियन के साथ सुरक्षा के लिए चल रहे दो बीएमपी को बारूदी सुरंग से उड़ा दिया था। 11, गढ़वाल राइफल्स इस इलाके में पहुंचने वाली सबसे पहली बटालियन थी। बटालियन ने अपने अदम्य साहस व रण कौशल का परिचय देते हुए लिट्टे के शिविरों को खोज-खोजकर नष्ट किया, जो जाफना पर कब्जा होने के बाद घने जंगल के बीच बना नया जाफना के रूप में जाना जाता था। अपने 15 महीने के कार्यकाल में बटालियन ने तत्परता से काम करते हुए लिट्टे की कमर तोड़ दी थी। हालांकि बटालियन को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा और लिट्टे जैसे प्रशिक्षित कैडर के साथ लड़ने में काफी कुछ सीखने को भी मिला। बटालियन अपना हाई एल्टीट्यूड का कार्यकाल पूरा करके नए मिलिट्री स्टेशन पहुंची ही थी कि उसे चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा ड्यूटी के लिए जाने का हुक्म मिला। शुरूआती नुकसान के बावजूद बटालियन ने अपने पराक्रम का अभूतपूर्व परिचय देते हुए अपरिचित भू-भाग, अपरिचित वातावरण व भाषा के बावजूद, जंगलों में लिट्टे के महिला शिविर को बर्बाद किया। आईपीकेएफ की वापसी के बाद लिट्टे अपने को इन्हीं कैंपों को पुनर्जीवित कर श्रीलंकाई सेना से लड़ रही थी। उन क्षेत्रों में लिट्टे के 14 कैंपों की पहचान की गई है और वहां पर बारूदी सुरंग हटाने का कार्य अब भी चल रहा है। आईपीकेएफ के ऑपरेशन के दौरान 11, गढ़वाल राइफल्स बटालियन के काफी जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन दिनों मृत सैनिकों को वापस मुख्य भूमि में भेजने का प्रावधान नहीं था। बटालियन के सभी मृतकों की अंत्येष्टि श्रीलंका में ही की गई थी। उन शहीदों और बटालियन के अविस्मरणीय समर्पण एवं कौशल की यादों को समेटे बटालियन के पांच अधिकारी अपनी धर्म पत्नियों के साथ, अपने छूटे हुए साथियों को श्रद्धांजलि देने के लिए नवंबर, 2024 में श्रीलंका गए थे। छत्तीस साल बाद 11, गढ़वाल राइफल्स के वे अधिकारी, जिन्होंने आईपीकेएफ असाइनमेंट के दौरान अपने साथियों को खोया था, इस यात्रा में अपने दिवंगत साथियों के अंत्येष्टि स्थल पर पुष्प अर्पण कर प्रार्थना सभा भी की।

# लाखों केंद्रीय कर्मचारी अब कार्ड से सभी बड़े अस्पतालों में करा सकते हैं इलाज



आज की बात



सुनील बादल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की तरफ से सभी सीजीएचएस सूचीबद्ध स्वास्थ्य देखभाल संगठनों (एचसीओ) के लिए कठोर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। निदेशालय के ध्यान में ऐसी बातें आई हैं, जिनसे पता चला है कि कुछ स्वास्थ्य सेवा संगठन (एचसीओ), एनएचए पोर्टल पर बिल जमा करते समय धोखाधड़ी वाली गतिविधियों में संलग्न हैं। इतना ही नहीं, सीजीएचएस लाभार्थियों से अधिक कीमत वसूलने और इलाज से इनकार करना, आदि शिकायतें भी देखने को मिली हैं। सीजीएचएस लाभार्थियों को किसी तरह की परेशान न हो और एचसीओ, नियमानुसार काम करें, इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। सीजीएचएस के तहत सूचीबद्ध सभी एचसीओ को कड़ाई से उक्त निर्देशों का अनुपालन करना होगा।

- स्वास्थ्य देखभाल संगठनों को किसी भी पात्र सीजीएचएस लाभार्थी को सेवा देने से इनकार नहीं करना चाहिए।
- लाभार्थी/ मरीज की मृत्यु या मरीज कोमा में हो, तो ऐसे केस में डे केयर, प्रयोगशाला व डायलिसिस आदि सेवाओं सहित सभी इनडोर और ओपीडी सेवाओं के अंतिम बिलों पर लाभार्थियों के परिचारकों के हस्ताक्षर हों। बिलों पर उनके मोबाइल नंबर भी अंकित रहें।

ऐसे कई केस हैं, जिनकी रिपोर्ट एचसीओ द्वारा संबंधित अतिरिक्त निदेशक के कार्यालय को 24 घंटे के भीतर समर्पित ईमेल आईडी (संबंधित अतिरिक्त निदेशकों द्वारा साझा की जाने वाली) पर देनी होगी। इनमें गैर-रेफरल मामलों का विवरण, आपातकालीन प्रवेश और परामर्श, शामिल है।

- 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लाभार्थियों का सीधा दौरा और प्रवेश, जिसमें रोगी कार्ड विवरण भी शामिल है। जो मामले अतिरिक्त निदेशकों (एडी) को सूचित नहीं किए जाएंगे, उन्हें अनुमोदन के लिए संसाधित नहीं किया जाएगा।
- एचसीओ में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए विभिन्न वार्डों और आईसीयू में बिस्तरों की उपलब्धता को प्रमुखता से प्रदर्शित करना चाहिए।
- लाभार्थियों को नियमानुसार, उनके हक के हिसाब से वार्ड/श्रेणी प्रदान की जानी चाहिए। तय क्लास से निचली श्रेणी आवंटित करना अस्वीकार्य है।
- प्रिस्क्रिप्शन मानक के तहत, नुस्खे सामान्य नामों में और बड़े अक्षरों में लिखे जाने चाहिएं।
- एचसीओ को सीजीएचएस द्वारा आपूर्ति की गई दवाओं को स्वीकार करना होगा। ये दवाएं, उचित कोल्ड चेन रखरखाव सुनिश्चित करते हुए मानकीकृत खरीद प्रक्रियाओं के माध्यम से खरीदी जाती हैं।
- यदि कोई एचसीओ, सीजीएचएस-प्रतिबंधित दवाओं को स्वीकार करने से इनकार करता है, तो उन्हें दवाओं के लिए खरीद चालान प्रदान करना होगा। ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति, खरीद चालान लागत के आधार पर की जाएगी।
- अगर कोई लाभार्थी सीजीएचएस सीलिंग दर से अधिक कीमत वाले इम्प्लांट का चयन करता है, तो उसके लिए सूचित सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। उसमें स्पष्ट रूप से कहा गया हो कि अतिरिक्त लागत का दावा सीजीएचएस से नहीं किया जा सकता है। यह सहमति बिल के साथ संलग्न होनी चाहिए।

सभी एचसीओ को नोटिस बोर्ड और मुख्य स्थानों पर कई तरह की सूचनाएं अंकित करनी होंगी। जैसे वह एचसीओ किस शहर के सीजीएचएस सेंटर से एम्पेन्लड है। सीजीएचएस अप्रूव्ड रेट क्या हैं। क्रेडिट के लिए योग्य लाभार्थी कौन हैं। मसलन पेंशनर, पूर्व सांसद, मौजूदा सांसद, स्वतंत्रता सेनानी, सेवारत सीजीएचएस/डीजीएचएस/स्वास्थ्य मंत्रालय के कर्मचारी, अन्य सर्विंग कर्मचारी इन इमरजेंसी और सीजीएचएस कार्ड धारकों की अन्य श्रेणियां, (सरकार द्वारा नोटिफाइड) आदि। नोडल अधिकारी का नाम और संपर्क व अतिरिक्त निदेशक सीजीएचएस की ईमेल आईडी भी नोटिस बोर्ड पर अंकित होनी चाहिए। अगर नोडल अधिकारी के विवरण (नाम या फोन नंबर) में कोई भी बदलाव होता है तो उस बाबत, तुरंत संबंधित अतिरिक्त निदेशक को सूचित किया जाना चाहिए। बीआईएस/टीएमएस पोर्टल में केवल लाभार्थी का फोन नंबर दर्ज किया जाना चाहिए। सभी भर्ती (आईपीडी) मामलों की जियो-टैग की गई तस्वीरें प्रतिदिन टीएमएस पोर्टल पर अपलोड की जाएं। ओपीडी मामलों के लिए, उसी दिन ली गई तस्वीरें भी अपलोड करें। लाभार्थियों की सुविधा के लिए सभी एचसीओ को अपने परिसर में एक सीजीएचएस हेल्प डेस्क/कियोस्क स्थापित करना होगा।

एचसीओ को किसी भी लाभार्थी के सीजीएचएस कार्ड की हार्ड कॉपी एकत्र करने या अपने पास रखने की सख्त मनाही है। पैकेज दरों का अनुपालन के तहत एचसीओ को लाभार्थियों से सीजीएचएस द्वारा निर्धारित पैकेज दरों से अधिक कोई राशि एकत्र नहीं करनी चाहिए। किसी भी एचसीओ द्वारा फर्जी बिल या जाली दस्तावेज प्रस्तुत करना वित्तीय धोखाधड़ी माना जाएगा। कानून के अनुसार ऐसी संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने सहित उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। इन निर्देशों का पालन करने में विफलता के परिणामस्वरूप समझौता ज्ञापन (एमओए) के प्रावधानों के अनुसार, डी-इम्पैनलमेंट या ब्लैकलिस्टिंग सहित गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सभी सूचीबद्ध एचसीओ को उपरोक्त दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

## आपकी बात

### डिजिटल भुगतान के फायदे और जोखिम



डॉ. सत्यवान सौरभ

देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उदय परिवर्तनकारी रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में यूपीआई लेनदेन 11.5 बिलियन (26.9 लाख करोड़) से अधिक हो गया। दो थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स फोन-पे और गूगल-पे के बीच बाजार का संकेन्द्रण यूपीआई लेनदेन के 80 फीसद से अधिक को नियंत्रित करता है।यह चिंता का विषय है। निश्चिततौर पर यूपीआई के चलन ने डिजिटली भुगतान में क्रांति ला दी है। अगस्त 2024 में यूपीआई के माध्यम से 20.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ। यह भारत के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसके व्यापक महत्व को दशार्ता है। इसकी खास बात यह है कि यूपीआई यूजर को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ा। यही बात इसके पक्ष में जाती है। यूपीआई का लागत मुक्त मॉडल ग्रामीण भारत तक पहुंच गया है। इसने छोटे विक्रेताओं, व्यवसायों और उद्यमियों को सशक्त बनाया है। स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यापारी और किराना स्टोर भी अब डिजिटली भुगतान स्वीकार करने के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। यूपीआई ने पहले से बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभावी रूप से लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों ग्रामीण और वंचित भारतीय यूपीआई के माध्यम से महत्वपूर्ण डिजिटली वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम हुए हैं। यूपीआई ने सरकारी सेवाओं के साथ एकीकृत एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक प्लेटफार्म प्रदान करके निश्चिततौर पर महत्वपूर्ण काम किया है पर दो थर्ड पार्टी ऐप प्रदाताओं के बीच बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती है। कुछ खिलाड़ियों की उच्च बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण प्रणालीगत जोखिम पैदा करती है।उदाहरण के लिए अगर फोन-पे या गूगल-पे में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ जाती है तो इससे 80 फीसदी तक यूपीआई लेनदेन बाधित हो सकता है। इससे राष्ट्रीय स्तर पर व्यवधान और घबराहट पैदा हो सकती है।दो प्रमुख खिलाड़ियों के वर्चस्व वाला बाजार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बाधा डालता है। यह नवाचार भुगतान सेवाओं के विकास को हतोत्साहित करता है। फोन-पे और गूगल-पे की बाजार में जबरदस्त मौजूदगी ने पेटीएम के छक्के छुड़ा दिए हैं। विदेशी स्वामित्व वाले टीपीएपी का प्रभुत्व डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और भारतीय नागरिकों की संवेदनशील वित्तीय जानकारी तक संभावित पिछले दरवाजे से पहुंच से संबंधित जोखिम पेश करता है। वॉलमार्ट द्वारा फोन-पे और गूगल द्वारा गूगल-पे का विदेशी स्वामित्व व्यक्तिगत वित्तीय डेटा की सुरक्षा और विदेशी संस्थाओं की अनाधिकृत पहुंच की संभावना पर चिंता बढ़ाता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अलग बात

### कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा

आज की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी ऐप के सहारे आगे बढ़ने लगे हैं। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरे में लाने का काम करेगा, यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे है। इसमें कोई दोराय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को भोथरा करने में ही सहायक सिद्ध हो रहा है। यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करो तो वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म पर तलाशती है। हालांकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट पर उपलब्ध है निश्चित रूप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरीज और मॉडल पेपर का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौन सा लिंक अधिक सटीक है, यह समझना मुश्किल हो जाता है। दरअसल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगण्य हो जाती है। युवा समझने लगता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ-साफ देखा जा सकता है। सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण-2024 में यह सामने आया है कि युवा पीढ़ी डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को कॉपी पेस्ट कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। इस सर्वेक्षण के अनुसार देश में उत्तराखंड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखंड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। बिहार दूसरे क्रम पर हैं। यहां के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। यह समझने की जरूरत है कि बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त अध्ययन होती है। सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने-पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। उससे लिए गूगल गुरु ही पूजनीय है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**स्मृतियाँ लेती रहीं ,हैं, उत्सव का रूप।**
**'टुसू' चरित्र ही देख लो, गौरव का प्रतिरूप।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## देश की बात

### सांस्कृतिक परंपराओं के बीच भारत का मजबूत होता अर्थतंत्र



प्रहलाद सबनानी

आर्थिक क्षेत्र में प्रगति की दृष्टि से भारत की अपनी विशेषताएं हैं, जो अन्य देशों में नहीं दिखाई देती हैं। उदाहरण के लिए भारत में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों एवं मेलों आदि में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं द्वारा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से इन मेलों/कार्यक्रमों में भाग लिया जाता है बल्कि इन श्रद्धालुओं द्वारा इन स्थानों पर किये जाने वाले खर्च से स्थानीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने एवं रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित करने में भी अपना योगदान दिया जाता है। इसी प्रकार, धार्मिक पर्यटन भी केवल भारत की विशेषता है। प्रतिवर्ष करोड़ों परिवार धार्मिक स्थलों पर, विशेष मुहूर्तों पर, पूजा अर्चना करने के लिए इकट्ठा होते हैं। जम्मू में माता वैष्णोदेवी मंदिर, वाराणसी में भगवान भोलेनाथ मंदिर, अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर, उज्जैन में बाबा महाकाल मंदिर, दक्षिण में तिरुपति बालाजी मंदिर आदि ऐसे श्रद्धास्थल है जहां पूरे वर्ष भर ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। प्रत्येक तीन वर्षों के अंतराल पर आयोजित होने वाले कुम्भ के मेले में भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु ईश्वर की पूजा-अर्चना हेतु प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में पहुंचते हैं। शीघ्र ही 14 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुम्भ मेले का आयोजन किया जा रहा है। महाकुम्भ की 44 दिनों की इस इस पूरी अवधि में प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालुओं के भारत एवं अन्य देशों से प्रयागराज पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है, इस प्रकार, कुल मिलाकर लगभग 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुगण उक्त 44 दिनों की अवधि में प्रयागराज पहुंचेंगे। करोड़ों की संख्या में पहुंचने वाले इन श्रद्धालुगणों द्वारा इन तीर्थस्थलों पर अच्छी खासी मात्रा में खर्च भी किया जाता है। इससे विशेष रूप से स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो बल मिलता ही है, साथ ही करोड़ों की संख्या में देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होते हैं एवं होटल उद्योग, यातायात उद्योग, पर्यटन से जुड़े व्यवसाय, स्थानीय स्तर के छोटे छोटे उद्योग एवं विभिन्न उत्पादों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यापारियों के व्यवसाय में भी अतुलनीय वृद्धि होती दिखाई देती है।

इसी प्रकार, भारत में विवाहों के मौसम में सम्पन्न होने वाले विवाहों पर किए जाने वाले भारी भरकम खर्च से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। वर्ष 2024 के मध्य नवम्बर से मध्य दिसम्बर के बीच भारत में 50 लाख विवाह सम्पन्न हुए हैं। उक्त एक माह की अवधि के दौरान सम्पन्न हुए इन विवाहों पर भारतीय परिवारों द्वारा 7,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में सम्पन्न हुए विवाहों पर 5,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का खर्च किया गया था। उक्त वर्णित 50 लाख विवाहों पर औसतन प्रति विवाह 14,000 डॉलर, अर्थात लगभग 13 लाख रुपये की राशि खर्च की गयी है एवं 50,000 विवाहों पर तो एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गयी है। भारत में प्रति विवाह होने वाला औसत खर्च, परिवार की औसत प्रतिवर्ष की कुल आय का तीन गुना एवं देश में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के 5 गुना के बराबर रहता है। भारत में विवाहों पर पूरे वर्ष में कुल 13,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। चीन में प्रतिवर्ष विवाहों पर 17,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का खर्च किया जाता है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि आगामी वर्ष में भारत, विवाहों पर किए जाने वाले खर्च की दृष्टि से चीन को पीछे छोड़कर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ विवाह सम्पन्न होते हैं। भारत में सर्दियों के मौसम को विवाहों का मौसम कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं हैं क्योंकि पूरे वर्ष भर में सम्पन्न होने वाले विवाहों में से लगभग 50 प्रतिशत विवाह सर्दियों के मौसम में ही सम्पन्न होते हैं। भारत में विवाहों पर होने वाले भारी भरकम राशि के कुल खर्च में से प्रीवेडिंग फोटोग्राफी, वेडिंग फोटोग्राफी, पोस्टवेडिंग फोटोग्राफी पर लगभग 10 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जाता है। विवाह के स्थान के चयन एवं साज सज्जा पर वर्ष 2023 में 18 प्रतिशत की राशि का खर्च किया गया था, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया है क्योंकि भारतीय परिवारों द्वारा विवाह अब अन्य शहरों यथा गोवा, पुष्कर, उदयपुर एवं केरला जैसे स्थानों पर सम्पन्न किया जा रहे हैं। खानपान आदि पर कुल खर्च का लगभग 10 प्रतिशत भाग खर्च किया जा रहा है। म्यूजिक आदि पर लगभग 6 प्रतिशत की राशि का खर्च किया जा रहा है। इसी प्रकार, ज्वेलरी, ऑटो बाजार एवं सोशल मीडिया आदि पर भी अच्छी खासी राशि का खर्च किया जाता है। इससे, उक्त समस्त क्षेत्रों में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते हैं। अतः भारत में विवाहों के मौसम में होने वाले भारी भरकम राशि के खर्च से देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को तेज करने में सहायता मिलती है। हाल ही में सम्पन्न हुए विवाहों के मौसम में भारतीय परिवारों द्वारा किए गए खर्च के चलते अब ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर को गति मिलेगी जो द्वितीय तिमाही में गिरकर 5.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई थी। विनिर्माण क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में विकास दर अधिक रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

आप सोच सकते हैं कि घृणा पर विजय प्राप्त करना एवं मानव जाति को क्राइस्ट सरीखा प्रेम करने के लिए प्रेरित करना निराशाजनक है, परन्तु इसकी जितनी आवश्यकता अब है उतनी पहले कभी नहीं थी। नास्तिक विचारधाराएँ धर्म को निष्कासित करने में संघर्षरत हैं। संसार अस्तित्व के एक अनियन्त्रित नाटक की ओर बढ़ रहा है।

### अनिश्चित संसार में सुरक्षा



श्री श्री परमहंस योगानंद

परन्तु समानता को बलपूर्वक स्थापित नहीं किया जा सकता; यह हृदय से आनी चाहिए।... हमें इसे आरम्भ करना चाहिए अभी, स्वयं अपने से। हमें उन दिव्य विभूतियों की तरह बनने का प्रयास करना चाहिए जो हमें रास्ता दिखाने के लिए इस धरा पर बार-बार आई हैं। हमारे परस्पर प्रेम करने एवं अपनी समझ को स्पष्ट रखने, जैसा कि उन्होंने सिखाया एवं उदाहरण द्वारा दिखाया है, से ही शान्ति आ सकती है। आप सोच सकते हैं कि घृणा पर विजय प्राप्त करना एवं मानव जाति को क्राइस्ट सरीखा प्रेम करने के लिए प्रेरित करना निराशाजनक है, परन्तु इसकी जितनी आवश्यकता अब है उतनी पहले कभी नहीं थी। नास्तिक विचारधाराएँ धर्म को निष्कासित करने में संघर्षरत हैं। संसार अस्तित्व के एक अनियन्त्रित नाटक की ओर बढ़ रहा है। उग्र तूफानों को रोकने के प्रयास में, हम सागर में तैरती हुई नन्हीं चींटियों से अधिक कुछ भी प्रतीत नहीं होते। परन्तु अपनी शक्ति को कम न करें। एक वस्तु जो धन, मकान, या अन्य किसी भौतिक पदार्थ से अधिक संसार के दुःखों को दूर करने में सहायता करेगी-वह है ध्यान करना और जो ईश्वरीय चेतना हम अनुभव करते हैं, उसे दूसरों को प्रेषित करना। जो मेरे पास भीतर में है उसे हजारों तानाशाह भी कभी नष्ट नहीं कर सके। प्रतिदिन ईश्वरीय चेतना दूसरों को प्रेषित करें।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ खत्म होने तक नहीं होंगे काशी विश्वनाथ के स्पर्श दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**


● प्रयागराज महाकुंभ से 10 करोड़ तीर्थयात्रियों के काशी आने की संभावना

**वाराणसी।** महाकुंभ प्रयागराज में है, लेकिन वहां स्नान के बाद ज्यादातर तीर्थयात्री काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आते ही हैं। सो, प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक के महाकुंभ में स्नान के बाद तीर्थयात्रियों का रेला काशी में भी बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने आएगा।
वैसे तो, अभी से काशी में भक्तों , तीर्थयात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी है। इसके चलते प्रशासन को शहर के अंदर बड़े वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण करना पड़ रहा है। भीड़ को डायवर्ट करना पड़ रहा है। और, श्रद्धालुओं की संभावित संख्या को देखते हुए एडवाइजरी भी जारी की गई है। इसके तहत अब दर्शन-पूजन के दौरान महाशिवरात्रि व सावन का प्रोटोकॉल लागू रहेगा। प्रयागराज महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन पर 26 फरवरी तक रोक लगा दी गई है।
महाकुंभ से दस करोड़ श्रद्धालुओं के काशी आने का अनुमान है। अब महाकुंभ के दौरान बाबा विश्वनाथ के झांकी दर्शन ही मिल सकेंगे। मंदिर में महाशिवरात्रि और सावन का प्रोटोकॉल लागू रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नए साल से स्पर्श दर्शन पर रोक लगाई गई थी। अब इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मालूम हो कि एक से चार जनवरी के बीच 18 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। वर्ष 2024 में हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 1.70 लाख रहती थी, जो जनवरी 2025 में बढ़कर लगभग 2 लाख से ज्यादा हो चुकी है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा का कहना है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में दिव्य-भव्य महाकुंभ का आयोजन है। वहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी आएंगे व बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। इसलिए स्पर्श दर्शन पर रोक की अवधि बढ़ाई गई है। महाकुंभ के दौरान मंदिर में महाशिवरात्रि व सावन का प्रोटोकॉल लागू रहेगा।

## 750 किमी पैदल यात्रा कर महाकुंभ स्नान करने पहुंचे विष्णु गिरी महाराज


● नेपाल के मुक्तिनाथ गोरखा जिले के निवासी हैं
● उन्होंने लगभग 9 माह में पूरी की है यह यात्रा

**प्रयागराज।** प्रयाग क्षेत्र में न केवल नदियों के, बल्कि देश-विदेश के कोने-कोने से आए लोगों और उनकी संस्कृतियों का भी संगम होता है। विश्व के तमाम लोग भी इस प्रसिद्ध तीर्थ व त्योहार के बारे में जानने-समझने आते हैं। उन्हें यहां करोड़ों श्रद्धालुओं - तीर्थयात्रियों की भक्ति व भीड़ कुछ अजूबा जैसा लगता है। कुछ दिन पहले ही एक अमेरिकी महिला सैनिक ने यहां एक संत से संन्यास दीक्षा लेकर गेरुआ वस्त्र धारण कर लिया है। यहां गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम की रेती पर देश-विदेश से आए संत-महात्मा, जन कल्याण के लिए तरह-तरह के संकल्प लेते हैं। इन्हीं में से एक हैं नेपाल के विष्णु गिरी महाराज, जो महाकुंभ के लिए 750 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर प्रयागराज पहुंचे हैं। यह यात्रा उन्होंने लगभग 9 माह में पूरी की है। विष्णु गिरी महाराज, नेपाल के मुक्तिनाथ गोरखा जिले के रहने वाले हैं। वे निरंजनी अखाड़े के संत हैं। विष्णु गिरी महाराज ने एक साल पहले महाकुंभ के समय प्रयागराज पैदल यात्रा का संकल्प लिया था। इसे पूरा करने के लिए एक अप्रैल 2024 से यात्रा शुरू की थी। इस बीच, वह चलते-चलते रास्ता भूलकर शिमला पहुंच गए थे। जब उन्हें इसका पता चला, तो फिर से उत्तर प्रदेश की तरफ चले। वह कहते हैं कि यहां पहुंच कर संगम स्नान के बाद सारी थकावट दूर हो गई। उसके बाद निरंजनी अखाड़े जाकर साथी साधु व संतों से मिले, उनसे अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए।

## महाकुंभ नगरी के लिए जयपुर से तीन ट्रक भोजन सामग्री भेजी गई

**एजेंसी। जयपुर**



प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जयपुर से तीन ट्रक भोजन सामग्री रवाना की गई। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर से इन ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रकों की डूंगरी गणेश मंदिर, खाटू श्यामजी मंदिर और सालासर बालाजी मंदिर के ट्रस्टों ने सामूहिक प्रयास से खाद्य सामग्री की व्यवस्था की है। यही नहीं महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्व हिंदू परिषद की ओर से लाखों लोगों के भोजन की व्यवस्था की जा रही है, इसी क्रम में राजस्थान के प्रमुख मंदिरों की ओर से यह सामग्री भिजवाई जा रही है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा, 'प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा, करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व महाकुंभ होने जा रहा है। जहां करोड़ों लोग आस्था की डूबकी लगाएंगे। वहां आने वाले लोगों की सेवा करना भी हमारा धर्म है। इसको लेकर यूपी सरकार ने पूरी व्यवस्था की है। मगर हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम इसको लेकर काम करें। आगे उन्होंने कहा,'राजस्थान सरकार इसको लेकर बेहद गंभीर है। वह चाहती है कि राज्य से जाने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद और राजस्थान के प्रमुख मंदिरों के साथ-साथ देवस्थान विभाग भी सहयोग कर रहा है। देवस्थान विभाग की ओर से प्रयागराज में कैंप लगाया गया है, वहां एक टीम हमेशा मौजूद रहेगी जो इस आयोजन में पहुंचने वाले राजस्थान के लोगों के लिए व्यवस्थाएं देखेगी। वहीं सालासर बालाजी के पुजारी ने कहा, 'विश्व का सबसे बड़ा हिन्दू धर्म का मेला महाकुंभ प्रयागराज में लग रहा है और उसमें हमारे मंदिरों द्वारा खाद्य सामग्री दी जा रही है।

### पीएम ने नए जम्मू रेलवे मंडल और चरलापल्ली के नए टर्मिनल का किया उद्घाटन

# वह समय दूर नहीं, जब देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी : पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। अब वह समय दूर नहीं है, जब जल्द ही देश में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास करने के बाद संबोधित कर रहे थे।
प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तनों का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बड़ा बदलाव आया है। आज देश विकसित भारत की संकल्पसिद्धी में जुटा है और इसमें भारतीय रेलवे का विकास अहम है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला- रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। आज के इस कार्यक्रम में भी इसी विजन की झलक दिखाई दे रही है। मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले उन्होंने एक वीडियो देखा, जिसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल के तौर पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि यह देखकर सभी देशवासियों को अच्छा लग रहा है। मोदी ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है। वह समय दूर नहीं, जब देश में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे उंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नए जम्मू रेलवे मंडल और तेलंगाना में चरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन के उद्घाटन तथा ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ा रेलवे मंडल भवन के शिलान्यास किया है। नए बने जम्मू रेल डिवीजन में 742.1 किलोमीटर रेल संचालित हो रही है।




### 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। इसके अलावा, हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार किया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। साथ ही, सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए हजारों ओवरपास और अंडरपास भी बनाए गए हैं। मोदी ने कहा कि लोग कम समय में लंबी दूरी तय करना चाहते हैं, इसलिए हमने पूरे देश में हाई-स्पीड ट्रेनों की भारी मांग देखी है। आज, देशभर में 136 वंदे भारत ट्रेनें 50 से अधिक मार्गों पर चल रही हैं, जिससे लोगों को यात्रा करना आरामदायक व सुविधाजनक हो गई है।

# पटना में अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

पटना के गांधी मैदान पर दो जनवरी शाम से आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर व कुछ अन्य को आज सुबह लगभग चार बजे बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समर्थकों का आरोप है कि उन्हें जबरन हिरासत पर लिया गया। पार्टी ने दावा किया कि किशोर को पुलिसवालों ने थप्पड़ भी मारा। जन सुराज पार्टी ने कहा कि किशोर ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे थे। पुलिस उन्हें एंबुलेंस में बैठाकर अज्ञात जगह पर ले गई। बताया गया है कि प्रशांत ने इलाज कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उनका अनशन जारी रहेगा। उधर, प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी के विरोध में समर्थकों ने सड़क पर हंगामा किया है। पटना जिला प्रशासन ने कहा है कि प्रशांत किशोर को आज सुबह 3:45 बजे उनके कुछ समर्थकों के साथ गिरफ्तार किया गया है। विधिक प्रक्रिया के तहत कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की औपचारिकता पूरी की जा रही है। प्रशांत किशोर एवं कुछ अन्य लोग पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र गांधी मैदान में गांधी प्रतिमा के समक्ष अवैध ढंग से धरना दे रहे थे। प्रशासन ने उन्हें वहां से हटकर धरना के लिए निर्धारित स्थल गर्दनीबाग जाने का नोटिस दिया था। अनेक बार आग्रह करने और पर्याप्त समय देने के बाद भी प्रतिबंधित क्षेत्र को खाली नहीं किया गया। इसलिए आज सुबह उन्हें कुछ समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।



### प्रशांत किशोर की वैनिटी वैन भी जब्त, परिवहन विभाग ले जाया गया

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं परीक्षा विवाद को लेकर पटना में आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद इनको चिकित्सकीय जांच के लिए फतुहा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस दौरान प्रशांत किशोर की उस वैनिटी वैन को भी जब्त कर लिया गया है जिसे लेकर बीते कई दिनों से उन पर निशाना साधा जा रहा था। बताया गया कि जन सुराज के संस्थापक को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस पहले पटना एम्स लेकर गई। हालांकि बाद में यहां से पुलिस उन्हें लेकर बाहर निकल गयी। बताया जाता है कि यहां प्रशांत किशोर के समर्थक जमा हो गए थे, जिन्हें हटाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसके बाद पुलिस की गाड़ी प्रशांत किशोर को लेकर फतुहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां उनकी चिकित्सकीय जांच कराई गई।

### प्रशांत किशोर जमानत लेने के लिए तैयार नहीं हैं : वकील शिवानंद गिरी

**पटना।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर दो जनवरी से पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे थे। इसी बीच प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण पुलिस ने उन्हें सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उन्हें गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों बाद पटना सिविल कोर्ट ने जमानत दे दी। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को चिकित्सकीय जांच के बाद पटना सिविल कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें सिविल कोर्ट ने 25 हजार रुपए के निजी मुचलके के बाद जमानत दे दी। हालांकि, प्रशांत किशोर सशर्त जमानत को तैयार नहीं हैं। प्रशांत किशोर के वकील शिवानंद गिरी ने बताया कि अदालत से जमानत मिल गई है। लेकिन, प्रशांत किशोर सशर्त जमानत लेने के लिए तैयार नहीं हैं। प्रशांत किशोर पीआर बॉन्ड पर साइन नहीं कर रहे हैं। दरअसल, अदालत ने कहा है कि वह आगे से ऐसा कोई भी काम नहीं करेंगे, जिसकी वजह से आम लोगों को दोबारा परेशानियों का सामना करना पड़े।

### जेल में भी अनशन करेंगे प्रशांत किशोर! कोर्ट के सशर्त जमानत को किया अस्वीकार

**पटना।** जन सुराज के संस्थापक और राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर को पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन के दौरान गिरफ्तारी के बाद आज जेल भेज दिया गया। अपनी गिरफ्तारी के बाद जमानत बांड पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के बाद किशोर भूख हड़ताल पर थे। चुनावी रणनीतिकार प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बाद बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। आज उनकी भूख हड़ताल का पांचवां दिन था। किशोर को पटना सिविल कोर्ट से ले जाया गया था। प्रशांत किशोर के वकील वाईवी गिरि ने बताया कि कोर्ट ने 25,000 के मुचलके पर बेल दी थी। कुछ शर्तें भी लगाई हैं कि इस प्रकार का अपराध दोबारा नहीं करेंगे। दोबारा अनशन पर नहीं बैठेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा है कि मैं जेल में रहना पसंद करूंगा लेकिन इस बात को नहीं मानूंगा। उन्होंने कहा है कि मैं जेल में भी अनशन करूंगा। वे जेल जाने को तैयार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, विरोध प्रदर्शन को अवैध माना गया क्योंकि यह प्रतिबंधित क्षेत्र में हुआ था। पटना के जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि बार-बार नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें श्री किशोर और उनके समर्थकों से प्रदर्शन को निर्धारित विरोध स्थल गर्दनी बाग में स्थानांतरित करने का आग्रह किया गया था। किशोर और 43 समर्थकों को हिरासत में लिया गया और ऑपरेशन के दौरान ट्रैक्टरों सहित वाहनों को जब्त कर लिया गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ।

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**सिंह :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा।

**कन्या :** व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**तुला :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृश्चिक :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें।

**धनु :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें।

**मकर :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग।

**कुंभ :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

**मीन :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है। अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 2.25 लाख लूटकांड मामले में दो गिरफ्तार

**एजेंसी। अररिया**

भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के कर्मचारी से पिछले साल हथियार का भय दिखाकर 2.25 लाख रुपये और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स समान लूटकांड मामले में नगर थाना पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। 22 जुलाई 2024 को हथियारबंद दो अपराधियों ने नगर थाना क्षेत्र के संदलपुर पोखर के समीप फाइनेंस कंपनी के फील्ड स्टाफ से 2.25 लाख रुपये व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण की लूट की घटना को अंजाम दिया था।घटना के बाद पीड़ित कंपनी के कर्मचारी कटिहार जिला के बरारी थाना के सुजापुर गांव निवासी चंद्रशेखर कुमार मिस्त्री ने नगर थाना में आवेदन दिया था। नगर थाना पुलिस ने घटना के सात माह के बाद घटना में शामिल दो अपराधियों की रेकी कर गिरफ्तारी की है। जानकारी नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने देते हुए बताया कि उक्त लूटकांड की घटना में शामिल गिरफ्तार अपराधी नगर थाना क्षेत्र के संदलपुर वार्ड संख्या 15 के मो. तारिक पिता मो मुफरेजुल व संदलपुर वार्ड संख्या 13 निवासी मो. परवेज पिता स्व. अलाउद्दीन है।नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों अपराधी के पास से लूट में शामिल बैग व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण की बरामदगी हुई है। गिरफ्तारी टीम में नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक, अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार, एसआई कुमार ऋषिराज, चौकीदार करण पासवान सहित थाना के रिजर्व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## यूपी के चंदौली में टला बड़ा रेल हादसा, चेकिंग के दौरान टूटी मिली कोच की स्प्रिंग

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली में सोमवार को कालका मेल के कोच के पहिए के पास लगा स्प्रिंग टूट गया। चंदौली के पंडित दीन दयाल जंक्शन पर जांच के दौरान इसका पता चला। इस कारण बड़ा हादसा टल गया है। इस कोच को हटाकर नई बोगी लगाई जा रही है। स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि कालका मेल प्लेटफॉर्म सात पर 9 बजकर 22 में आई थी। इस दौरान रूटीन चेकिंग के दौरान पता चला कि बी1 कोच की स्प्रिंग टूटी है। कोच बदला जा रहा है। एक बड़ी दुर्घटना बची है। नया कोच लगाया जा रहा है। फिर गाड़ी रवाना होगी।

## सीएम धामी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, राष्ट्रीय खेलों के लिए किया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसकी जानकारी सीएम धामी ने सोशल मीडिया के जरिए दी। साथ ही उन्होंने इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी शेयर की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा उन्होंने राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। सीएम धामी ने पीएम मोदी को मलारी (चमोली) क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तनिर्मित शॉल और पिथौरागढ़ स्थित नारायण आश्रम की प्रतिकृति भी भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा, "उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की।

# गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महाराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। सीएम योगी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि 'चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार।' यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं।' गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छुआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने 'सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे' का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा। सीएम योगी ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेग बहादुर, गुरु गोबिंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 'विचित्र' नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोबिंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है।

## 'आप' सरकार हर साल अपने बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च कर रही है : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को किराड़ी में एक नए विश्वस्तरीय 70 कमरों और आधुनिक लैब्स वाले सरकारी स्कूल को छात्रों और जनता को समर्पित किया। इस दौरान आतिशी ने कहा कि दस साल पहले यह क्षेत्र दिल्ली का पिछड़ा इलाका माना जाता था। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज जिस सरकारी स्कूल का उद्घाटन हुआ है, वह यहां के प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली की 'आप' सरकार शिक्षा और बच्चों पर इन्वेस्टमेंट कर रही है। अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में 'आप' सरकार हर साल अपने बजट का 25 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च कर रही है। इसके साथ ही शिक्षकों को विदेशों और आईआईएम में ट्रेनिंग के लिए भेजा जा रहा है। इसका परिणाम यह है कि अब दिल्ली के सरकारी स्कूलों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर आ रहा है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ने सरकारी स्कूलों की सूरत बदल दी है। यहां के विधायक ऋतुराज और लोगों ने कोर्ट में लड़ाई लड़कर डीडीए से जमीन ली और स्कूल बनवाया गया। दस साल पहले दिल्ली के सरकारी स्कूल टूटे-फूटे और बदहाल होते थे।

## व्हीलचेयर पर बैठकर जीवन को फिर से शुरू करना बहुत मुश्किल था : अवनि लेखरा



**नई दिल्ली ।** भारतीय पैरा शूटर अवनि लेखरा ने पैरा-एथलीट बनने की चुनौतीपूर्ण यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया और चैंपियन बनने में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार किया। दो बार पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि 10 साल की उम्र में एक कार दुर्घटना के बाद कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गई थीं। चुनौतियों को अपने ऊपर हावी न होने देते हुए उन्होंने 2015 में निशानेबाजी का खेल अपनाया और तब से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट जीते। 2020 में, अवनि ने टोक्यो में पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास भी रच दिया। उन्होंने ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट पर कहा, "यह एक उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। मुझे सब कुछ नहीं दिया गया था और मुझे बिल्कुल शुरुआत से शुरुआत करनी पड़ी। दुर्घटना से पहले, मैं एक अलग बच्ची थी। मुझे डांसिंग, सिंगिंग और ऐसे ही अन्य शौक ज्यादा पसंद थे। दुर्घटना के बाद व्हीलचेयर पर जीवन को फिर से शुरू करना काफी मुश्किल था। आपकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है।

## 11 जून से शुरू होगा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल

**लॉर्ड्स ।** दक्षिण अफ़्रीका और ऑस्ट्रेलिया तीसरे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल में आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में भारत को हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में 3-1 से सीरीज़ जीतने के साथ ही फ़ाइनल में जगह बनाई। यह मुक़ाबला 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पास इस चक्र में अभी दो और मैच बचे हैं, जो इस महीने के अंत में श्रीलंका के ख़िलाफ़ श्रीलंका में होंगे। लेकिन अगर वे 0-2 से हार भी जाते हैं, तब भी भारत या श्रीलंका में से कोई भी टीम उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टेबल के शीर्ष दो स्थानों से नहीं हटा सकेगी। अगर श्रीलंका 2-0 से यह सीरीज़ जीतता है, तो वह 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में 63.73 प्रतिशत अंक पर है और वह अगले दो मैच हार भी गया तो 57.02 प्रतिशत अंक पर रहेगा। वहीं भारत इस डब्ल्यूटीसी चक्र को 50 प्रतिशत अंकों के साथ समाप्त कर चुका है। ऑस्ट्रेलिया के लिए फ़ाइनल में जगह गंवाने का एकमात्र रास्ता यह है कि वे श्रीलंका में होने वाले दोनों मैचों में आठ पेनल्टी प्वाइंट गंवाएं, जो लगभग असंभव है। दक्षिण अफ़्रीका फ़ाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी। उन्होंने वेस्टइंडीज़, बांग्लादेश (2008 के बाद एशिया में पहली सीरीज़ जीत) और श्रीलंका के ख़िलाफ़ सीरीज़ जीती, जबकि भारत के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ ड्रॉ रही और न्यूज़ीलैंड में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने कमज़ोर टीम के साथ दौरा किया था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल में जगह बनाना दक्षिण अफ़्रीका के लिए सपनों की तरह रहा, जो इस साल की शुरुआत में पुरुष और महिला टी20 वर्ल्ड कप में उपविजेता भी रहे थे।

# विराट कोहली, रोहित शर्मा, रवींद्र जडेजा का ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित शर्मा का बेहद ही खराब प्रदर्शन रहा है। हिटमैन ने इस ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3 टेस्ट की 5 पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए हैं। जबकि विराट कोहली ने 9 पारियों में 190 रन बनाए। इस दौरान एक शतक भी जमाया है। दूसरी ओर जडेजा ने 5 पारियों में 135 रन जड़े। साथ ही गेंदबाजी में जडेजा ने 4 पारियों में 4 विकेट झटके है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अपने घर में खेली गई 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 3-1 से करारी शिकस्त दी है। इसी के साथ कंगारू टीम ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। सीरीज का पांचवां यानी आखिरी टेस्ट सिडनी में खेला गया, जिसके तीसरे दिन (5 जनवरी) ही ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम कर ली। बता दें कि भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1996-97 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। मगर इस बार का ऑस्ट्रेलियाई दौरा कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के लिए आखिरी साबित होगा।

### रोहित-कोहली के संन्यास पर बोले कोच गौतम गंभीर



दरअसल, भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब अगला ऑस्ट्रेलिया दौरा 2029 में करना है। ऐसे में इन तीनों के लिए उनकी उम्र ही बाधा बनेगी। रोहित इसी साल 30 अप्रैल को 38 साल के हो जाएंगे। जबकि कोहली की उम्र 36 साल है। दूसरी ओर स्पिन ऑलराउंडर जडेजा हैं, जो पिछले ही महीने यानी 6 दिसंबर को 36 साल के हुए हैं।



### न घरेलू मैचों से गायब रहेंगे, न रेस्ट का मिलेगा ऑप्शन गंभीर की लक्ष्मण रेखा पर सहमत होंगे रोहित-कोहली?

विराट कोहली आखिरी बार नवंबर 2012 में दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच खेलने उतरे थे। जबकि रोहित ने मुंबई की ओर अपना आखिरी रणजी मुकाबला नवंबर 2016 में खेला था। यानी दोनों खिलाड़ी काफी सालों से घरेलू मैच नहीं खेल रहे। भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में 6 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी। इस हार के चलते टीम इंडिया ने 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी गंवा दी। साथ ही भारतीय टीम सिडनी टेस्ट हारकर वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा चक्र में फाइनल की रेस से भी बाहर हो गई थी। अब डब्ल्यूटीसी फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। सिडनी टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने भविष्य की रूपरेखा बताई थी। इस दौरान इशारों-इशारों में गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को खास सलाह दे डाली थी।

### रोहित को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए घरेलू मैच खेलने चाहिए : बचपन के कोच दिनेश लाड



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने सुझाव दिया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने खराब प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी के लिए कुछ घरेलू मैच खेलने चाहिए। भारत ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 से गंवा दी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार तीसरी बार जगह बनाने से चूक गया। रोहित, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पांचवें टेस्ट में आराम करने से पहले अगली पांच पारियों में 10 रन से अधिक स्कोर नहीं बना पाए। उन्होंने सीरीज की पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए और अपने खराब प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक जांच के दायरे में आ गए। इसके अलावा, पूर्व क्रिकेटरों और मीडिया ने भी उनके नेतृत्व कौशल पर सवाल उठाए, जिससे भारत को लाल गेंद वाले क्रिकेट में आईसीसी मेजर जीतने का मौका गंवाना पड़ा। दिनेश लाड ने बताया कि पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित की प्राथमिकताएं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप जीतना थीं।

## बॉर्डर ने ऑस्ट्रेलिया को ट्रॉफी दी, सुनील गावस्कर को नहीं बुलाया

- लिटिल मास्टर भड़के तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गलती मानी, बॉर्डर-गावस्कर के नाम पर है बीजीटी



**नई दिल्ली ।** बीजीटी के प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन में पूर्व भारतीय ओपनर सुनील गावस्कर को नहीं बुलाए जाने पर विवाद हो गया है। हालांकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने विवाद बढ़ता देख अपनी गलती मान ली है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी टेस्ट जीतने के बाद एलन बॉर्डर को प्राइज देने के लिए बुलाया गया। उन्होंने सीरीज जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी दी। जबकि सुनील गावस्कर 100 मीटर की दूरी पर थे, लेकिन उन्हें इस समारोह के लिए नहीं बुलाया गया। मेजबान बोर्ड ने रविवार को जारी एक स्टेटमेंट में कहा- 'गावस्कर को पता था कि अगर भारतीय टीम सिडनी टेस्ट जीत जाती और ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखती तो वे भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह को पुरस्कार प्रदान करते। हम मानते हैं कि अगर एलन बॉर्डर और सुनील गावस्कर दोनों मंच पर होते तो यह बेहतर होता। लिटिल मास्टर के नाम से मशहूर सुनील गावस्कर ने मामले पर नाराजगी जाहिर की थी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 1996 से खेली जा रही है। मौजूदा सीरीज ऑस्ट्रेलिया के नाम रही। इसे कंगारुओं ने 3-1 से जीता।

### गावस्कर ने कोड स्पोर्ट्स से कहा...



*मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है। जो कि ऑस्ट्रेलिया और भारत से जुड़ी है। मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है। सिर्फ इसलिए कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।*

## हरियाणा, पंजाब, बंगाल और तमिलनाडु ने किया नॉकआउट में प्रवेश, मुंबई बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में मयंक अग्रवाल का शानदार फ़ॉर्म जारी है और उन्होंने पांच पारियों में चार शतक जड़ते हुए कर्नाटक को नॉकआउट में प्रवेश दिला दिया। इसके अलावा पंजाब, तमिलनाडु, हरियाणा और बंगाल की टीमें भी नॉकआउट में पहुंची हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी की विजेता मुंबई अंतिम चरण में प्रवेश नहीं कर पाई। ग्रुप सी की अंक तालिका में मुंबई ने तीसरा स्थान अर्जित किया, मुंबई को सात में से पांच मैच में जीत मिली। मुंबई को दोनों हार कर्नाटक और पंजाब के ख़िलाफ़ झेलनी पड़ी जबकि उन्होंने अपने अभियान को जीत के साथ समाप्त किया, जिसमें सौराष्ट्र के विरुद्ध 290 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए युवा बल्लेबाज़ आयुष म्हात्रे ने नाबाद 148 रन बनाए। इस टूर्नामेंट में अपना लिस्ट ए डेब्यू करने वाले म्हात्रे ने मुंबई के लिए सात पारियों में सबसे ज़्यादा 458 रन बनाए, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। इसके अलावा मुंबई के लिए एकमात्र शतकवीर टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर थे, कर्नाटक के ख़िलाफ़ मिली हार में उन्होंने 55 गेंदों पर नाबाद 114 रन बनाए थे जबकि पुडुचेरी के ख़िलाफ़ उन्होंने 133 गेंदों पर नाबाद 137 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी।

## सिडनी टेस्ट से बाहर होने के बाद मार्श बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए खेलेंगे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिशेल मार्श, जिन्हें भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर कर दिया गया था, बिग बैश लीग (बीबीएल) में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मार्श, जिन्होंने आखिरी बार सिडनी सिक्सर्स पर बीबीएल सीजन 11 के फाइनल में स्कॉर्चर्स के लिए खेला था, उन्हें मंगलवार को ऑप्टस स्टेडियम में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए स्कॉर्चर्स की टीम में शामिल किया गया है।

## श्रीनू बुगाथा, ठाकोर निरमाबेन मुंबई मैराथन में भारतीय एथलीट खिताब बचाने को तैयार

एजेंसी

**मुंबई।** श्रीनू बुगाथा और ठाकोर निरमाबेन भरतजी, जो कि क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के मौजूदा चैंपियन हैं, 19 जनवरी को होने वाले मुंबई मैराथन 2025 के 20वें संस्करण के लिए सितारों से सजी भारतीय एलीट स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। मौजूदा एशियाई मैराथन चैंपियन मान सिंह, दो बार के विजेता और तीन बार के उपविजेता ओलंपियन गोपी टी और 2024 संस्करण में चौथे स्थान पर रहने वाले अनुभवी कालिदास हिरावे पुरुषों की दौड़ में प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। गोपी ने 2024 की नई दिल्ली मैराथन 2:14.40 में जीती और दूसरे स्थान पर रहने वाले आर्मी साथी बुगाथा को एक सेकंड से पीछे छोड़ा। इस बीच, 2023 के संस्करण में तीसरे स्थान पर रहने वाले महाराष्ट्र के हिरावे ने हाल ही में वसई-विरार मेयर मैराथन जीतकर अपने मौजूदा फॉर्म को रेखांकित किया। वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस में 2023 एशियाई खेलों के 10,000 मीटर रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार भी शामिल होंगे, जो मुंबई में क्लासिक दूरी पर अपनी शुरुआत करेंगे। कार्तिक का सर्वश्रेष्ठ मैराथन समय 2:22:50 है, जो उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में बेंगलुरु मैराथन में दर्ज किया था। इस दौड़ में युवा हर्षद म्हात्रे भी शामिल हैं, जो पिछले संस्करण में पांचवें स्थान पर रहे थे। 2024 नई दिल्ली मैराथन में उपविजेता और विश्व 25के कोलकाता 2024 में चौथे स्थान पर रहीं निरमाबेन को महिलाओं की दौड़ में शीर्ष सम्मान के लिए सोनिका परमार और रीनू से चुनौती मिलेगी, जो क्रमशः 2024 कोल इंडिया रांची मैराथन की विजेता और उपविजेता हैं। इस प्रतियोगिता में आरती पाटिल भी शामिल हैं, जो 2023 के संस्करण में दूसरे स्थान पर रही थीं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### ग्लोबल इंवेस्टमेंट बैंक 'गोल्डमैन सैक्स' की रिपोर्ट में लगाया गया है अनुमान

## 'भारत' 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले उभरते बाजारों में से एक होगा

नई दिल्ली (आईएएनएस)




अमेरिकन मल्टीनेशनल इंवेस्टमेंट बैंक और फाइनेंशियल सर्विस कंपनी 'गोल्डमैन सैक्स' ने अनुमान लगाया है कि भारत 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले उभरते बाजारों में से एक होगा। व्यापार की शर्तों में सुधार आधारित देश की मजबूत आर्थिक स्थिरता, प्रभावी मुद्रास्फीति का लक्ष्य और विश्वसनीय डॉमेस्टिक रिस्क कैपिटल जैसे कारकों की वजह से भारत अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगा।

ग्लोबल इंवेस्टमेंट बैंक ने अगले 4-5 वर्षों में सालाना 18-20 प्रतिशत की आय वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो उभरते निजी पूंजीगत व्यय चक्र, कॉर्पोरेट बैलेंस शीट री-लीवरेजिंग की वजह से देखा जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कारकों ने उभरते बाजारों में भारत के बीटा को लगभग 0.4 तक कम कर दिया है, जो इसके प्रीमियम वैल्यूएशन गुणकों को सही ठहराता है। इसके निवेश आय अनुमान आम सहमति से आगे बने हुए हैं और वे वैश्विक बाजारों के साथ भारतीय इक्विटी के घटते संबंध को उजागर करते हैं। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और चीन में नीतिगत कार्रवाइयों के साथ-साथ भू-राजनीतिक घटनाक्रम जैसे वैश्विक कारक भारतीय बाजारों को प्रभावित करना जारी रखेंगे। गोल्डमैन को उम्मीद है कि मैक्रो स्थिरता को राजकोषीय कंसोलिडेशन, निजी निवेश में वृद्धि और सकारात्मक वास्तविक विकास-वास्तविक दरों के अंतर के जरिए और मजबूत किया जाएगा। सेंसेक्स की आय वित्त वर्ष 2027 तक सालाना 17.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो आम सहमति से 15 प्रतिशत अधिक है। पोर्टफोलियो रणनीति के संदर्भ में, गोल्डमैन डिफेंसिव के बजाय साइक्लिकल और लार्ज कैप के बजाय एसएमआईडी कैप को फेवर करता है। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च ने पिछले महीने एक रिपोर्ट में कहा था कि उसे उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक झटकों से अपेक्षाकृत सुरक्षित रहेगी, जिसमें डोनाल्ड ट्रंप के नए प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ भी शामिल हैं।

**अगले 4-5 वर्षों में सालाना 18-20 प्रतिशत की आय वृद्धि की है संभावना**

भारत का सकल घरेलू उत्पाद लंबी अवधि में मजबूती से बढ़ता रहेगा। लेकिन, पूर्वानुमान के अनुसार अगले साल सरकारी खर्च और ऋण वृद्धि धीमी होने के कारण इसमें गतिरोध आएगा। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री शांतनु सेनगुप्ता ने अपनी टीम की रिपोर्ट में लिखा है, भारत के लिए संरचनात्मक दीर्घकालिक विकास की कहानी अनुकूल जनसांख्यिकी और स्थिर शासन द्वारा संचालित बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 और 2030 के बीच औसतन 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि भारत में हेडलाइन मुद्रास्फीति 2025 कैलेंडर वर्ष में सालाना आधार पर औसतन 4.2 प्रतिशत होगी, जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत होगी, जो कि हमारे विश्लेषकों के 2024 के लिए 7 प्रतिशत से अधिक के अनुमान से काफी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है, मौसम से जुड़ी बाधाओं के कारण फूड सप्लाई को लेकर परेशानी आ सकती है, जो इस पूर्वानुमान के लिए मुख्य जोखिम बना हुआ है। अब तक, मौसमी व्यवधानों के कारण सब्जियों की कीमतों से जुड़ी उच्च और अस्थिर खाद्य मुद्रास्फीति ने आरबीआई को मौद्रिक नीति को आसान बनाने से रोक रखा है।

## सीतारमण ने किया ट्रेड यूनियनों के साथ बजट पूर्व विचार-विमर्श



- वित्त मंत्री 1 फरवरी को संसद में पेश करेंगी केंद्रीय बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की। सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के संबंध में हुई। बजट-पूर्व परामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट के बारे में ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझना था। हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ यह बातचीत सरकार की वार्षिक बजट-पूर्व परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नीतियों को आकार देने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए विविध क्षेत्रों से इनपुट एकत्र करना है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव और श्रम मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा इस बैठक में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। इस बजट से प्रमुख आर्थिक चुनौतियों का समाधान होने और विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

मुंबई (आईएएनएस)



- एचएमपीवी की आशंका और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सेंसेक्स 1,258 अंक टूटा

भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को वैश्विक अनिश्चितताओं और ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच भारी गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक 1.5 प्रतिशत से अधिक गिर गए। निफ्टी पर पीएसयू बैंक सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा रियलिटी, मेटल, एनर्जी, पीएसई और कमोडिटी सेक्टर में भी 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,258.12 अंक या 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,964.99 पर और निफ्टी 388.70 अंक या 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स का इंट्राडे लो 77,781.62 रहा, जबकि निफ्टी का इंट्राडे लो 23,551.90 रहा। निफ्टी बैंक 1,066.80 अंक या 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,922 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,564.10 अंक या 2.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,366.9 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 608.45 अंक या 3.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,425.25 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, घरेलू बाजार में तेज बिकवाली का मुख्य कारण एचएमपीवी को लेकर चिंता है। जानकारों ने कहा, नई अमेरिकी आर्थिक नीतियों, भविष्य में ब्याज दरों में कटौती पर फेड के आक्रामक रुख, वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति में संभावित वृद्धि और डॉलर में मजबूती के कारण उभरते बाजारों में कंसोलिडेशन हो रहा है, जो सभी मार्केट सेंटीमेंट को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 657 शेयर हरे और 3,472 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि, 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर, सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। क्वांटेस रिसर्च के संस्थापक और सीईओ कार्तिक जोनागदला के अनुसार, निफ्टी अपने क्रिटिकल 200-डे एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज (200 डीईएमए) 23,650 से नीचे बंद हुआ है। उन्होंने कहा, हम सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखते हैं और निकट भविष्य में निफ्टी इंडेक्स के लिए 5-6 प्रतिशत की बढ़त की उम्मीद करते हैं, अगर प्रमुख स्तरों को फिर से हासिल किया जाता है और बाजार की हालत में जल्द सुधार होता है।

## अभूतपूर्व है भारतीय रेलवे में 10 वर्षों में आया बदलाव : एरिक सोलहेम



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** यूरोपीय देश नॉर्वे के पूर्व जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री एरिक सोलहेम ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में पिछले 10 वर्षों में अभूतपूर्व बदलाव आया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए सोलहेम ने कहा कि भारतीय रेलवे के ऑपरेशंस में प्रतिदिन सुधार हो रहा है। साथ ही, रेलवे नए दूर-दराज के क्षेत्रों में लाखों लोगों को जोड़ रही है और 21वीं सदी की एक आधुनिक परिवहन प्रणाली बन रही है। सोलहेम ने कहा कि रेल लोगों के परिवहन का सबसे सुरक्षित, सबसे अधिक जन-केंद्रित और पर्यावरण अनुकूल तरीका है, इसलिए यह देखना बहुत उत्साहजनक है कि भारतीय रेलवे एक गतिशील सरकार के तहत एक बड़ी छलांग लगा रही है।

## सर्विस सेक्टर की वृद्धि दर दिसंबर में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि दर दिसंबर में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुए एक सर्वे में दी गई। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (सर्विसेज पीएमआई), जिसे एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित किया जाता है, में कहा गया कि भारत के सर्विस सेक्टर का पीएमआई दिसंबर में 59.3 रहा है, जो कि नवंबर में 58.4 पर था। यह अगस्त 2024 के बाद सर्विसेज पीएमआई का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। सर्वे में कंपनियों ने बताया है कि सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में उछाल की वजह मजबूत मांग का होना है। सर्वे में कई कंपनियों ने संकेत दिया है कि क्षमता विस्तार ने उन्हें अत्यधिक काम स्वीकार करने की अनुमति दी है। सर्वे के मुताबिक, सकारात्मक सेंटीमेंट अपने लंबी अवधि के औसत से ऊपर बना हुआ है।

## सेविका चयन का चुनाव आठ को

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आठ जनवरी को सेविका का चयन किया जाना है। बाल विकास परियोजना कार्यलय से मिली जानकारी के अनुसार अपरिहार्य कारणवश 27 दिसंबर को जबरा आंगनबाड़ी केन्द्र में सेविका चयन से संबंधित आयोजित आम सभा रद्द की गई थी। आम सभा की अगली तिथि 8 जनवरी को पूर्वाहन 11.30 बजे यथावत रहेगी। आमसभा में संबंधित महिला पर्यवेक्षिका, संबंधित मुखिया, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दी गई है। साथ ही संबंधित एएनएम को प्रतिनियुक्त करने सहित थाना प्रभारी को अपने स्तर से पुलिस बल को प्रतिनियुक्त करने का अग्रह किया गया है।

# इनामी नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पोस्टर अभियान शुरू किया





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गारू पुलिस ने एक नई पहल शुरू की है। पुलिस अधीक्षक गौरव कुमार के निर्देश पर गारू थाना प्रभारी पारसमणि ने गारू प्रखंड के विभिन्न मुख्य चौक-चौराहों पर हार्डकोर इनामी नक्सलियों का पोस्टर चिपकाया है। इन पोस्टरों में नक्सलियों की तस्वीरें और उन पर घोषित इनाम की जानकारी दी गई है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वह इन नक्सलियों के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सूचना के आधार पर गिरफ्तारी होने पर मुखबिर को उचित इनाम राशि प्रदान की जाएगी। जिला में सक्रिय प्रमुख नक्सलियों में मनीष यादव 5 लाख रुपए का इनाम, सुखलाल बृजिया 5 लाख रुपए का इनाम, कुंदन खरवार 10 लाख रुपए का इनाम, मृत्युंजय भुइयां 10 लाख रुपए का इनाम, रविंद्र गंझू 15 लाख रुपए इनाम शामिल हैं। लातेहार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि यह नक्सली स्वयं आत्मसमर्पण करते हैं तो इनाम की राशि उन्हें प्रदान की जाएगी। थाना प्रभारी पारसमणि ने नक्सलियों से अपील की कि वह हिंसा का मार्ग छोड़कर आत्मसमर्पण करें और सामान्य जीवन जिए। उन्होंने कहा कि जंगल में भटकने के बजाय आत्मसमर्पण नीति के तहत समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर एक बेहतर जीवन व्यतीत करें।

## महावीर मंदिर में 24 घंटे का अंखड कीर्तन 10 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल के अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री संजय तिवारी ने किया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद का वार्षिक कार्यक्रम धर्म रक्षा निधि समर्पण की समीक्षा की गई। जिला के सभी प्रखंडों में कार्यकर्ताओं के लिए अभ्यास वर्ग लगाने पर विशेष चर्चा किया गया। साथ ही पौष शुक्ल द्वादशी को भगवान श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में पिछले साल 22जनवरी 2024 को हुई प्राण-प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ, जो इस वर्ष हिन्दू पंचांग के अनुसार 11 जनवरी को पड़ रहा है उस दिन भगवान श्रीराम का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिला मुख्यालय के अमवाटीकर महावीर मंदिर में 10जनवरी को 10 बजे से 11जनवरी 10 बजे तक 24 घंटे का अखंड कीर्तन और उसी स्थान से 1 बजे से हजारों के संख्या में सनातन धर्मावलंबियों के साथ लातेहार नगर भ्रमण का कार्यक्रम तय किया गया है।

## रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल में हजारीबाग रोड स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल प्रांगण में सोमवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की शुरूआत गुरु गोबिंद सिंह की तस्वीर पर निदेशक प्रवीण प्रकाश सिंह, प्राचार्य मुसाफिर सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। शिक्षिका बेबी कुमारी, सिद्धेश्वर सिंह ने गुरुवाणी का पाठ किया गया। इसके अलावा श्री गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर आधारित कई गाथाएं सुनाई गई। साथ ही उनके द्वारा किए गए वीरता भरे कार्यों के बारे में बताया गया। मंच का संचालन विद्यालय के उप प्राचार्य दीपक मिश्रा। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका साक्षी पाठक ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक सुजेश कुमार, एलिश सांगा, बेरोनिका एक्का, प्रिंसी हेरेंज, संगीता कुमारी, अंजना कुमारी, विजय टुड्डू, शीतल तिर्की, नागेश प्रसाद, संजय महतो, अरबिंद आनंद, महेश प्रसाद कुशवाहा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# गैंगवार में गोलीबारी : दो की मौत, दो घायल

- **आधी रात गोली चालन से क्षेत्र में दशहत**
- **अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कर रही छापेमारी : थाना प्रभारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरदा गांव में पांडेय गिरोह ने रविवार की रात्रि 12 बजे के आस पास अंधाधुंध फायरिंग करने से दो व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दीपक साव, भरत पांडेय रामगढ़ जिला के पतरातु के रूप में हुई है। घायलों में स्व अमरेश सिंह के 19 वर्षीय पुत्र अंशु सिंह व 38 वर्षीय महावीर सिंह है। दोनों घायलों का इलाज एमएमसीएच में चल रहा है। जानकारी के अनुसार यह गोलीबार गैंगवार में हुई है। दीपक व भरत दोनों रिश्तेदार के घर आए थे। अपराधियों द्वारा घर का दरवाजा तोड़ कर गोलीबारी किया गया है। मृतक का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। जानकारी के अनुसार आधी रात को चैनपुर के गरदा गांव में अचानक गोलीबारी से क्षेत्र में दशहत फैल गया। लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहें। करीब 35 से 40 राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है। एमएमसीएच में इलाजरत घायल महावीर सिंह ने बताया कि वह औरंगाबाद का अपनी जमीन बेंच कर मामा के यहां दूध का व्यवपार करता है। उसने बताया कि अंशु के रिश्तेदार केयहां बच्चे का बर्ड डे पार्टी था। बर्ड डे पार्टी के बाद सब सो लोग घर में ही सो गए थे। रात लगभग 12 बजे अचानक गोल चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनने के जब वह बाहर निकलने लगा तब तक गोली चल रही थी। इस दौरान एक गोली अंशु सिंह के पैर में व महावीर सिंह के हाथ में लगी। घटना स्थल पर कई खोखे भी पुलिस ने बरामद किया है। गोली चलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। उसने बताया कि दीपक साव व भरत पांडेय पहले भी पारिवारिक कार्यक्रम में यहां आते रहे हैं। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया की मृतक दीपक साव व भरत पांडेय का आपराधिक इतिहास रहा है। घटना स्थल की जांच फॉरेंसिक टीम कर रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। दोनों मृतकों का शव एमएमसीएच में पुलिस की सुरक्षा में रखा गया है। पोस्टमार्टम मंगलवार को पुलिस की निगरानी में कराया जाएगा।

## पीसीसी सड़क बनाकर बंद किया गया पानी का निकास



**नवीन मेल संवाददाता।मझिआंव**

नगर पंचायत के संवेदक द्वारा चन्द्री के सोरहबिगहवा टोले पर मुख्य पथ सुरेश मेहता के घर से प्रेम शंकर शर्मा के घर तक बिना नाली बनाये ही पीसीसी पथ बनाकर घर का पानी निकासी बंद किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में राम परीखा मेहता उर्फ रामसरेस मेहता ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर मामले की जानकारी दी है। दिए गए पत्र में कहा है कि उन्होंने 29 नवंबर 2024 को लिखित आवेदन देकर पीसीसी पथ से पहले नाली बनवाने की मांग की थी, लेकिन आवेदन देने के 10 दिन बाद ही ठेकेदार द्वारा जबरन पीसीसी पथ बना दिया गया। जबकि आवेदन देते समय कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्वासन दिया था कि नाली बनाने के बाद ही पीसीसी पथ बनेगा। उन्होंने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरे घर के पानी का निकास पश्चिम सड़क पर था और पीसीसी पथ बनने के बाद घर का पानी निकासी पूरी तरह से बंद हो गया है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पथ निर्माण विभाग को पत्र भेजकर मुख्य पथ पर नाली निर्माण कराने की मांग की है। नगर विकास विभाग ने नाली मद की राशि नहीं भेजी है। राशि आते ही नाली निर्माण की प्रक्रिया शुरू करा दिया जायेगा।

## बांसडीह क्रिकेट टीम ने बनकट को 4 विकेट से हराया

**केतार।** प्रखंड के बांसडीह में आयोजित शहीद भगत सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम लीग मुकाबले में बांसडीह खुर्द की टीम ने बनकट की टीम को चार विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनकट की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 70 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी बांसडीह खुर्द की टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 71 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बांसडीह खुर्द टीम के नीतीश कुमार को मिला। नीतीश ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लेने के साथ बल्लेबाजी में 8 गेंद पर 18 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। मौके पर आयोजनकर्ता राकेश पासवान, शिक्षक विरेन्द्र राम, देवकुमार विश्वकर्मा, इंद्रजीत विश्वकर्मा, आनंद कुमार, दिलीप पासवान, विश्महर पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विस्थापित संघर्ष समिति का प्लांट कटिंग के विरोध में 15वें दिन भी धरना जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** एशिया के सबसे बड़े क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 15वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड में सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शनकारी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर अड़े हैं। धरना स्थल पर 15वें दिन जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा भी पहुंची और उन्होंने प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया। रजनी शर्मा ने कहा मजदूरी की मांगे पूरी तरह से जायज है। विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी कीमत पर सेल के क्रशर प्लांट की नीलामी के बाद होने वाली कटिंग नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को वह कानूनी और सामाजिक रूप से पूरा समर्थन मिलेगा और श्रमिकों के हक की लड़ाई जारी रहेगा। विस्थापित संघर्ष समिति का कहना है कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो उनका संघर्ष और भी तेज किया जाएगा। धरना के दौरान प्रदर्शनकारी ठंड को नजरअंदाज करते हुए अपनी आवाज उठा रहे हैं । मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व बिस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, राजकुमार राउत, राजमोहन यादव, शमशेर अंसारी, रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, ददुली साह शंभू राम, शनीचर अगरिया, रीना देवी, सोनी देवी, प्रियंका देवी, सरिता देवी, अंजू देवी,गीत देवी, कौशल्या देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## श्री शतचंडी महायज्ञ सह सामूहिक विवाह समारोह 20 फरवरी को

# 11 बेटियों के हाथ होंगे पीले



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर के प्रांगण में आयोजित होने वाली श्री शतचंडी महायज्ञ सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर विवाह कमेटी धन संग्रह करने में जुट गई है। विवाह कमेटी के पदाधिकारी प्रतिदिन दो समूहों में बंट कर गांवों में जाकरआर्थिक राशि सहित अनाज संग्रह कर रहे है, ताकि इस मंदिर परिसर में पहली बार आगामी 20 फरवरी को 11 बहनों की शादी में कोई कसर बाकी नहीं रहे। मंदिर विकास समिति के सरंक्षक राम विचार साहू ने बताया कि सोमवार को खरौंधी प्रखंड के चौरिया गांव में धन संग्रह किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा स्वेच्छा से आर्थिक राशि सहित अन्न दान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु इस सामूहिक विवाह में दान देना चाहते हैं वह विवाह कमेटी को देकर पुण्य के भागी बन सकते है। इस सामूहिक विवाह में सबकी सहभागिता जरूरी है। सबको आगे आकर धन संग्रह करने की जरूरत है। बताते चले कि सतचंडी महायज्ञ सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम आगामी 13 फरवरी से शुरू होकर 21 फरवरी को सम्पन्न होगी। 20 फरवरी को 11 बहनों की विवाह धूमधाम से संपन्न कराई जाएगी। इस विवाह में समाज के वैसे बहन, बेटी का चयन किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से असहाय,दिव्यांग, अनाथ है। धन संग्रह में मन्दिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, राजकुमार पाठक, दिवाकर पाठक, प्रवेश ठाकुर, पप्पू पटेल उपस्थित थे।

## सब्जी बाजार में मोबाइल चोर गिरोह सक्रिय



**मेराल।** बस स्टैंड के पास सब्जी बाजार में मोबाइल चोर गिरोह का अड्डा बन गया है। आए दिन मोबाइल चोरी की घटना हो रही है, जिससे लोग परेशान है। पिछले 6 महीने के अंदर लगभग एक दर्जन मोबाइल की चोरी हो चुकी है। कुछ लोग तो चोरी को लेकर थाना में सनहा दर्ज कराते हैं, जबकि बहुत से लोग थाना में चोरी का आवेदन भी नहीं देते। 5 जनवरी की शाम छह बजे बलराम शर्मा की मोबाइल भी चोरी हो गई। उन्होंने मेराल थाना में सनहा दर्ज कराया है। मालूम हो कि इससे पूर्व प्रखंड के नाजिर सुनील कुमार का दो बार मेराल की सब्जी बाजार में ही मोबाइल चोरी हो चुकी है। इसके अलावा मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो,रोजगार सेवक अभिमन्यु तिवारी, वार्ड सदस्य संगीता देवी सहित कई लोगों की मोबाइल चोरी हो चुकी है।

## विधायक ने किया बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड स्टेट बैंक के पीछे गढ़ परिसर में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह व भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर किया। इससे पूर्व बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजक मारुति नंदन सोनी ने दोनों विधायक को शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छा देकर सम्मानित किया। दोनों विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुरूआत कराया। मैच मझिआंव बनाम विश्रामपुर के बीच खेला गया। मझिआंव की टीम ने कड़ी कड़ा मुकाबला में विश्रामपुर को पराजित किया। विश्रामपुर व डालटनगंज के बीच एक ही दिन दो सेट मैच खेला गया। जिसमें दोनों मुकाबला में डालटनगंज की टीम ने विश्रामपुर को पराजित किया। मौके पर बैडमिंटन टूर्नामेंट के संरक्षक श्री श्री 108 श्री राधा कृष्ण मंदिर के महंत केशव नारायण दास, जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, नीरज कमलापुरी, अनिल कमलापुरी सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे। बैडमिंटन टूर्नामेंट में एंपायरिंग वीरेंद्र कुमार,पप्पू खलीफा,गोपाल सोनी, रिंकू तिवारी ने किया। मंच संचालन अशोक कमलापुरी ने किया।

## पेज एक के शेष

**हमने पूरा किया...**

आमदनी को बढ़ाने का भी मौका मिलेगा। यह सिर्फ एक योजना मात्र नहीं है, बल्कि आपको आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। समारोह में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, सभी विधायक, अन्य गण्यमान्य अतिथि, राज्य सरकार के वरीय अधिकारी एवं सभी जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे मंईयां सम्मान योजना के लाभुक महिलाएं उपस्थित रहे।

**प्रतिबंधित सूची से...**

वर्तमान यात्रा से दोनों एनएसए को रक्षा, साइबर और समुद्री सुरक्षा जैसे विविध क्षेत्रों सहित अपने उच्च स्तरीय संवाद में चल रही प्रगति की समीक्षा करने का अवसर भी मिला। अमेरिकी एनएसए ने वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने ह्यएक्सह्ल पर कहा कि भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी ने प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्रों सहित नई ऊंचाइयों को छुआ है। हम अपने लोगों और वैश्विक भलाई के लाभ के लिए हमारे दोनों लोकतंत्रों के बीच संबंधों में इस गति को और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

**दंतेवाड़ा डीआरजी के...**

धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गऐ, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की, जिसके खोखे भी बरामद किए गए हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुःख व्यक्त करते हुए ह्यएक्सह्ल पर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 8 जवानों के बलिदान सहित एक वाहन चालक की मौत की खबर अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं और विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे के लिए हमारी यह लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस घटना के बाद अपने ह्यएक्सह्ल पर लिखा कि बीजापुर से आ रही खबर बेहद दुखद है। हम सब बलिदानियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके बलिदान को कोटि-कोटि नमन करते हैं।

**खूंटी में पीएलएफआई...**

दो कारतूस, 7.65 एमएम के नौ कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा पीएलएफआई का पर्चा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के उग्रवादी रोन्हे जंगल में किसी घटना को अंजाम देने के लिए बैठक करने वाले हैं। इस सूचना के अलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने रोन्हे जंगल में छापेमारी कर पीएलएफआई के विकास गोप और निमेश गोप को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। उनकी तलाशी लेने पर इनके पास से रायफल, गोली आदि बरामद किए गए। गिरफ्तार विकास गोप के खिलाफ पूर्व से कर्रा थाना में आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दोनों मामले में वह जेल जा चुका है। फिलहाल वह जमानत पर छूटा था। गिरफ्तार विकास गोप और निमेश गोप ने खूंटी में हुई फायरिंग की घटना के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि फायरिंग में होटवार जेल में बंद शिवकुमार साहु ऊर्फ चरकू तथा खूंटी और रांची क्षेत्र में सक्रिय पीएलएफआई के उग्रवादियों का हाथ है। एसडीपीओ ने बताया कि दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की गई थी। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा के अलावा पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, सब इंस्पेक्टर दीपक कांत कुमार के अलावा अनीस बारला, तालकेश्वर यादव आदि शामिल थे।

**अहमदाबाद में 2...**

बच्चों को बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराने के बाद संक्रमण की पहचान की गई। दोनों बच्चों को ब्रोंकोनिमोनिया नामक निमोनिया का इतिहास था, जो फेफड़ों में संक्रमण का एक प्रकार है। ब्रोंकोनिमोनिया फेफड़ों और ब्रांकाई दोनों में एल्वियोली को प्रभावित करता है। वहीं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों का पता लगाया है, जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। मंत्रालय ने बताया कि बच्ची को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि लड़का अब स्वस्थ है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एचएमपीवी वायरस मुख्य रूप से पीड़ित व्यक्ति के श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। इसके लक्षण कई मामलों में कोविड-19 के समान ही होते हैं। हालांकि, ये वायरस मुख्य रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों को संक्रमित करता है। इस वायरस से संक्रमित मरीज में सबसे आम लक्षण खांसी है। इसके साथ हल्का बुखार, घरघराहट, नाक बहना या गले में खराश जैसे परेशानी भी हो सकती है। वायरस से संक्रमित होने के बाद कुछ मामलों में गंभीर लक्षण आ सकते हैं। सांस लेने में तकलीफ भी हो सकती है।

**सरकार स्थिति पर...**

और स्वास्थ्य मंत्रालय गहन नजर बनाए हुए हैं। आईसीएमआर के डेटा के अनुसार मौजूदा समय में एचएमपीवी के मामलों में कोई तेज बढ़ोतरी नहीं देखी गई है। संयुक्त निगरानी समिति ने 4 जनवरी को स्थिति की समीक्षा की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन इस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और उनसे इस संबंध में जानकारी साझा करने का अनुरोध किया गया है। लोगों को किसी बात की चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है।

## लिबरल पार्टी के नेता ने खूब चलाया भारत विरोधी एजेंडा

# कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दिया इस्तीफा




**ओटावा (आईएएनएस)**

भारत विरोधी नीतियों के लिए मशहूर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वह करीब 9 वर्षों तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे। पार्टी में बढ़ते आंतरिक असंतोष और उनकी लोकप्रियता में कमी आने के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

इस्तीफा देने के बाद उन्होंने अपने बयान में कहा, कनाडा की लिबरल पार्टी हमारे महान देश और लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण संस्था है। एक नया प्रधानमंत्री और लिबरल पार्टी का नेता देश के मूल्यों और आदर्शों को अगले चुनाव में आगे बढ़ाएगा। मुझे अगले कुछ महीनों में इस प्रक्रिया को होते देख कर खुशी होगी। हमें वर्ष 2021 में तीसरी बार चुनाव में चुना गया था, ताकि हम महामारी के बाद अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकें और एक जटिल दुनिया में कनाडा के हितों को आगे बढ़ा सकें। यही वह काम है जिसे हम कनाडाई लोगों के लिए जारी रखेंगे। बता दें कि ट्रूडो 2015 से कनाडा के प्रधानमंत्री थे और उनके इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी में नए नेता की तलाश शुरू हो गई है। ट्रूडो के इस्तीफे से कनाडा में इसी साल चुनाव की संभावना भी बढ़ गई है।

### कनाडा से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा : ट्रंप

ट्रूडो ने 18 सितंबर 2023 को संसद में कहा था, पिछले कुछ हफ्तों से, कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों की सक्रिय रूप से जांच कर रही हैं। नई दिल्ली ने इन आरोपों को खारिज कर दिया और कनाडा की तरफ से कभी कोई सबूत सामने नहीं रखे गए। बता दें 18 जून 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। दूसरी तरफ, कनाडा के संबंध अमेरिका के साथ भी बेहद खराब हो गए हैं। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ओटावा को टैरिफ बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं। उनके तेवर इतने आक्रामक हैं कि वह ट्रूडो को कनाडा राज्य का गवर्नर कहकर बुला रहे हैं। बता दें ट्रंप ने ऐलान किया है कि वह जनवरी में अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।

इसके पहले ट्रूडो ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था, लेकिन पार्टी ने उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाया था और चेतावनी दी थी कि अगर वह इस्तीफा नहीं देंगे तो उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ट्रूडो के इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी अब प्रधानमंत्री के पद पर कार्यभार संभालने के लिए एक अंतरिम नेता का चयन करेगी। इसके साथ ही पार्टी एक विशेष नेतृत्व सम्मेलन भी आयोजित करेगी, लेकिन यह प्रक्रिया आमतौर पर काफी समय लेती है। यदि चुनाव इससे पहले होते हैं, तो पार्टी को ऐसे प्रधानमंत्री के अधीन काम करना पड़ेगा, जिन्हें पार्टी सदस्य नहीं चुनेंगे। यह कनाडा के इतिहास में पहली बार होगा।

### नेपाल ने कहा, भारत को अपनी पड़ोस नीति की समीक्षा करने की आवश्यकता

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की सत्तारूढ़ दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) की काठमांडू में चल रही केंद्रीय समिति की बैठक में एक राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें पार्टी अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री केपी ओली ने भारत और चीन के बीच सहमति को पूरे क्षेत्र के लिए सकारात्मक कदम बताया है। ओली ने कहा है कि भारत के अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ अच्छे संबंध नहीं होने से उसे अपनी पड़ोस नीति की समीक्षा करने की आवश्यकता है।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने जांच एजेंसी के खिलाफ खोला मोर्चा

**सियोल (हि.स.)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने भ्रष्टाचार जांच कार्यालय की हिरासत से बचने के लिए कानूनी मोर्चा खोल दिया। येओल के वकीलों ने सोमवार को महाभियोगाधीन राष्ट्रपति को हिरासत में लेने के वारंट को निष्पादित करने के पिछले सप्ताह के प्रयास पर राज्य भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी के प्रमुख और 10 अन्य लोगों के खिलाफ अभियोजन पक्ष में शिकायत दर्ज कराई है। वकील युन गैप-ग्यून ने यह जानकारी दी।

### हमास की तरफ से बंधकों की कोई सूची नहीं मिली : इजरायल

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** इजरायल ने कहा कि हमास की तरफ से रिहा किए जाने वाले इजरायली बंधकों के नाम की कोई सूची नहीं मिली है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने यह जानकारी दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने रविवार को एक बयान में कहा, हमास ने अभी तक (इजरायली) बंधकों की नामों की सूची नहीं दी है। कार्यालय ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि हमास 34 बंधकों को रिहा करने के लिए सहमत हो गया है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री के सोल दौरे के दौरान उ कोरिया ने दागी मिसाइल

**सोल (आईएएनएस)।** उत्तर कोरिया ने सोमवार को पूर्वी सागर में एक संदिग्ध हाइपरसोनिक मिसाइल दागी। यह दावा दक्षिण कोरियाई सेना ने किया है। इसे अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले नए साल में प्योंयांग की पहली उकसावे वाली कार्रवाई मानी जा रही है। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसे लगभग 12 बजे प्योंगयांग क्षेत्र से संदिग्ध मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (आईआरबीएम) के प्रक्षेपण का पता लगा। यह पानी में गिरने से पहले लगभग 1,100 किलोमीटर तक उड़ी।

### ओडिशा में सड़क हादसा, भाजपा के दो नेताओं की मौत, जांच जारी

**संबलपुर (आईएएनएस)।** ओडिशा के संबलपुर जिले में रविवार को एक डंपर ने भाजपा के दो नेताओं के वाहन को टक्कर मार दी। इसमें उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान भाजपा के गोशाला मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नायक और पूर्व सरपंच मुरलीधर छुरिया के रूप में हुई है। दोनों पूर्व विधायक नौरी नायक के करीबी सहयोगी थे।यह घटना बुर्ला थाना क्षेत्र में काटापाली ओवरब्रिज के पास रविवार की रात करीब 1:30 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि कार में चालक समेत छह लोग सवार थे और वे भुवनेश्वर से करडोला स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, दोनों भाजपा नेताओं की मौत हो गई।

## ‘पंचायत से संसद 2.0’ कार्यक्रम में शामिल हुए लोस अध्यक्ष

# एसटी महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना है : बिरला

- बोले लोकसभा अध्यक्ष, लोकतंत्र हमारे विचारों और कार्यप्रणाली में है
- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली (हि.स.)**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के विकास में महिलाओं ने योगदान को अहम बताते हुए कहा कि लोकतंत्र हमारी विरासत है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों की महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना है। वे सोमवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित ‘पंचायत से संसद 2.0’ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि आजादी की लड़ाई की पहली शुरुआत 1857 में रानी झांसी ने की थी। इस आजादी के आंदोलन के संघर्ष में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक, राजनीतिक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अहम भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोकतंत्र की सबसे मजबूत संस्था पंचायत है। इसमें महिलाओं के नेतृत्व से जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक विकास, महिलाओं को स्वावलंबी बनाना, कुटीर उद्योग को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था खास है। दुनिया के अंदर भारत ही एकमात्र देश है, जहां पंचायत में भी लोकतंत्र है और देश में सबसे बड़ी संस्था के रूप में संसद में भी लोकतंत्र है। इसलिए हम कहते हैं कि लोकतंत्र हमारी विरासत है। लोकतंत्र हमारी प्राचीन सभ्यता है। लोकतंत्र हमारे विचारों और कार्यप्रणाली में है। इसीलिए भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की विरासत और इतिहास इस बात का प्रमाण है कि इसमें महिलाओं का बड़ा योगदान रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में ओम बिरला ने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि 150 वर्ष पूर्व बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और जनजाति क्षेत्र के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने जंगल और जमीन, जनजातियों के सम्मान के लिए संघर्ष किया था। बिरसा मुंडा का जीवन हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजातियों की महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना हमारा उद्देश्य है।

इस मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर, 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों की पांच सौ से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि उपस्थित थीं।

### राष्ट्रव्यापी प्रतिबद्धता जरूरी है टीबी मुक्त भारत के लिए : नड्डा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को टीबी मुक्त भारत अभियान-100 दिवसीय सघन अभियान के लिए संबंधित मंत्रालयों के साथ संयुक्त रणनीति बैठक की अध्यक्षता की। विज्ञान भवन में आयोजित टीबी मुक्त भारत अभियान की बैठक में संबंधित 21 मंत्रालयों के सचिव और अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि जन भागीदारी की भावना के साथ 100 दिवसीय सघन अभियान टीबी उन्मूलन के लिए एकजुट दृष्टिकोण का उदाहरण है, जिसमें विविध हितधारकों की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत भागीदारी, सक्रिय भागीदारी और राष्ट्रव्यापी प्रतिबद्धता आवश्यक है। अभियान के पहले 30 दिनों में 2 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की गई। इनमें से 1.48 लाख नए टीबी मामलों की पहचान की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और स्वास्थ्य विभागों के प्रयासों ने भारत को टीबी उन्मूलन में ‘अग्रणी’ बना दिया है।




## इसरो ने 9 जनवरी तक स्थगित किया स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट

- कहा, डॉकिंग प्रक्रिया को अभी सत्यापन की आवश्यकता है

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 7 जनवरी के लिए निर्धारित दो स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) उपग्रहों की डॉकिंग को 9 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी सोमवार को इसरो ने ट्वीट कर दी। इसरो ने ट्वीट किया कि निर्धारित स्पैडेक्स डॉकिंग अब 9 तारीख तक स्थगित कर दी गई है। इसरो ने इसके पीछे के कारणों का खुलासा नहीं किया है। इसरो ने कहा कि डॉकिंग प्रक्रिया को अभी सत्यापन की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्पेडेक्स का परीक्षण भारत के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। यह अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के लिए एक बड़ा कदम है। अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कक्षा में डॉक करना एक चुनौतीपूर्ण काम है। अबतक इस उपलब्धि को रूस, अमेरिका, चीन ने हासिल किया है। यह मिशन इसरो की बढ़ती विशेषज्ञता को जाहिर करता है और भविष्य की परियोजनाओं के लिए आधार तैयार करता है। भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए डॉकिंग तकनीक बेहद अहम और जटिल तकनीक है, क्योंकि दोनों उपग्रहों को कक्षा में रखना है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें एक-दूसरे से टकराना नहीं है। इससे पहले, इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि अगर भारत को चंद्रयान-4 भेजना है, अंतरिक्ष स्टेशन बनाना है और फिर किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है, तो डॉकिंग में महारत हासिल करना एक जरूरी कदम है। डॉकिंग और अनडॉकिंग के बाद ये उपग्रह धरती की कक्षा में दो साल तक काम करते रहेंगे। इन उपग्रहों का काम अलग-अलग होगा, जैसे तस्वीर लेना, पृथ्वी के संसाधनों की जानकारी एकत्र करना और दूसरे वैज्ञानिक काम करना।




एसडीएक्स 01 उपग्रह में एक उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरा (एचआरसी) है। जबकि, एसडीएक्स 02 में दो पेलोड ‘मिनिएचर मल्टीस्पेक्ट्रल’ (एमएमएक्स) और ‘रेडिएशन मॉनिटर’ (रेडमॉन) हैं। ये पेलोड उच्च रिजॉल्यूशन की तस्वीरें, प्राकृतिक संसाधनों की निगरानी, वनस्पति अध्ययन और अंतरिक्ष में विकिरण की माप करेंगे।

## सीएए के तहत आरा में बांग्लादेशी महिला को मिली भारतीय नागरिकता

- इसके लिए किया 40 वर्षों का लंबा इंतजार
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया धन्यवाद

**आरा (आईएएनएस)**

बिहार के आरा में एक महिला ने भारतीय नागरिकता के लिए 40 वर्षों का लंबा इंतजार किया। महिला पिछले 40 वर्षों से आरा शहर के चित्र टोली रोड में वीजा लेकर रह रही थी। लेकिन, अब महिला को भारतीय नागरिकता मिल गई है। यह बिहार के लिए पहला मामला है। उन्हें नागरिकता नियम, 2009 के (11क) के उपनियम (1) और नियम (13क) के तहत राज्य स्तरीय सशक्त समिति की नागरिक निबंधन के तहत नागरिकता मिली है। महिला पिछले 40 वर्षों से अपनी नागरिकता को लेकर कभी थाने, तो कभी वीजा के लिए दूतावास का चक्कर लगा रही थी।

महिला सुमित्रा प्रसाद उर्फ रानी साहा ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए नागरिकता मिलने पर खुशी जताई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। मोदी सरकार को धन्यवाद देते हुए महिला सुमित्रा प्रसाद ने बताया कि जब वह पांच साल की थी, तब अपनी बुआ के घर बांग्लादेश गई थी। उस समय बांग्लादेश का विभाजन नहीं हुआ था। उसी दौरान सुमित्रा अपनी बुआ के घर गई। वहां उन्होंने बुआ के घर रहकर पढ़ाई पूरी की और 1985 में भारत आ गई। उन्होंने बताया कि 1985 के बाद वह कभी बांग्लादेश लौट कर नहीं गईं। वह भारत में ही वीजा लेकर रहती थीं, क्योंकि तब तक बांग्लादेश का विभाजन हो चुका था। महिला ने आगे बताया कि मेरे पिता के पास इतना पैसा नहीं था। इस वजह से सुमित्रा अपनी बुआ के घर 1970 में चली गई थीं। उस समय वो महज पांच साल की थी। इसके बाद 16 दिसंबर 1971 में बांग्लादेश विभाजित हो गया। फिर सुमित्रा 15 साल बाद जनवरी 1985 को भारत लौट आईं।

महिला ने बताया कि भारत लौटने के बाद वो बिहार के कटिहार जिले में अपने पिता के पास गई। जहां, 10 मार्च 1985 को आरा शहर के चित्र टोली रोड में उनकी शादी परमेश्वर प्रसाद से हुई। उसके बाद से ही वह आरा में अपने परिवार के साथ रहने लगीं। उन्होंने बताया कि उन्हें तीन बेटी प्रियंका प्रसाद, प्रियदर्शिनी और ऐश्वर्या हुईं। इसके बाद साल 2010 में बैक बोन कैंसर की वजह से उनके पति परमेश्वर प्रसाद की मौत हो गई। इसके बाद उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि हर साल वीजा के लिए परेशानी होती थी। सुमित्रा रानी साहा ने बताया कि 40 सालों के दौरान बहुत बार वीजा के लिए परेशान होना पड़ा। मोहल्ले में रहने वाले लोग उन्हें बार-बार बांग्लादेश जाने के लिए कहते थे। वर्ष 2023 में वीजा में देरी हो गई थी। इस वजह से उन्हें टाउन थाने में बुलाकर बांग्लादेश वापस लौटने के लिए कहा गया था। पड़ोस में रहने वाले लोग काफी डराते और धमकाते थे। धमकियां देते थे कि बांग्लादेश भेज देंगे, जेल भेज देंगे। लेकिन, अंत में कोलकाता से वीजा मिला। पिछले तीन बार से उन्हें कोलकाता से ही वीजा मिल रहा था। इसी दौरान जब 2024 में वीजा के लिए कोलकाता में आवेदन दिया, तो सुमित्रा के परिवार वालों को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के बारे में जानकारी दी गई।

### गिरिराज ने कहा माहौल खराब करना चाहते हैं कट्टरपंथी

**पटना (आईएएनएस)।** महाकुंभ का आयोजन वक्फ की जमीन पर किए जाने का दावा करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कुछ कट्टरपंथी मुसलमान देश के अंदर माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने भड़कते हुए कहा कि जब इस्लाम नहीं था, तब से कुंभ मेला लग रहा है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि कुछ लोग माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने पूछा, क्या कांग्रेस ने ऐसा करने को कहा था, क्या कांग्रेस माहौल बिगाड़ रही है कि भारत में बांग्लादेश वाली स्थिति पैदा करेंगे? जिस समय इस्लाम नहीं था, तब से कुंभ मेला लग रहा है। यह तो बेवजह हिंदुओं को उकसाना, हिंदुओं से झगड़ा करने का माहौल तैयार करना है। उन्होंने आगे कहा कि कुंभ मेला पर इस तरह का बयान देना कहीं से सही नहीं है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि इस बयान पर राहुल गांधी, उद्धव ठाकरे, लालू यादव, अखिलेश यादव की जुबान बंद क्यों है? सबकी मुंह में बर्फ क्यों जम गया? इससे पहले, ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि कुंभ के मेले में जहां तैयारियां की जा रही हैं।

## एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी

# ‘एयरो इंडिया’ 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु में

- थीम है ‘द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्च्युनिटीज’

**नई दिल्ली (हि.स.)**




एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी ‘एयरो इंडिया’ का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक कर्नाटक के बेंगलुरु में एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में आयोजित किया जाएगा। इस बार की थीम ‘द रनवे टू ए बिलियन ऑपर्च्युनिटीज’ रखी गई है, जिसमें विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के नए मार्ग तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में भारत रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार एयरो इंडिया ने 1996 से अब तक 14 संस्करणों के साथ प्रमुख एयरोस्पेस प्रदर्शनी के रूप में विश्व स्तर पर अपनी जगह बना ली है। कार्यक्रम के पहले तीन दिन 10, 11 एवं 12 फरवरी को व्यावसायिक दिन होंगे, जबकि 13 एवं 14 फरवरी को आमजन मेले के साक्षी बन सकेंगे। कार्यक्रम में रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मंथन स्टार्ट-अप कार्यक्रम, शानदार एयर शो होगा। इसके अलावा, भारत ‘ब्रिज-अंतरराष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से सुगम बनाना’ विषय पर मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री, रक्षा राज्यमंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सचिव स्तर पर कई द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस दौरान मित्र देशों के साथ रक्षा और एयरोस्पेस संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नए रास्ते तलाशे जा सकें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोलमेज सम्मेलन से विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) को भारत में विनिर्माण के लिए उचित मंच मिलने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में वैश्विक सीईओ, घरेलू सार्वजनिक उपक्रमों के सीएमडी और भारत की प्रमुख निजी रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण कंपनियों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भाग लेंगे। इंडिया पवेलियन में स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं और वैश्विक मंच के लिए तैयार अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन करके ‘मेक इन इंडिया’ पहल के लिए भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा। एयरो इंडिया में भारतीय स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर फोकस होगा। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कई सेमिनारों की भी योजना बनाई गई है। एयरो इंडिया के पिछले संस्करण में सात लाख से अधिक आगंतुक आये थे, जिसमें 98 देशों के निवेशक, स्टार्टअप और एमएसएमई सहित 809 प्रदर्शक शामिल थे।

## इजरायली शोधकर्ताओं का अनुसंधान नेचर माइक्रोबायोलॉजी में हुआ प्रकाशित

# समुद्री बैक्टीरिया में वायरस प्रतिरोधक तंत्र की हुई खोज

**यरुशलम (आईएएनएस)**

- वायरस के खिलाफ एक निष्क्रिय रक्षा तंत्र का उपयोग करते हैं बैक्टीरिया



इजरायल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने एक बयान में बताया कि इजरायली शोधकर्ताओं ने समुद्री बैक्टीरिया में एक ऐसी प्रणाली की खोज की है, जो उन्हें वायरस के हमलों से बचाती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार नेचर माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने बैक्टीरिया और फेज, जो बैक्टीरिया को संक्रमित करने वाला वायरस है, के बीच संघर्ष पर फोकस किया। इस निरंतर संघर्ष से समुद्री वातावरण में इन दोनों आबादी का आपसी विकास होता है। कुछ क्षेत्रों में वायरल संक्रमण से बैक्टीरिया की बड़ी आबादी में बहुत कमी आ जाती है और बिना प्रतिरोध तंत्र के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। अध्ययन से पता चला है कि बैक्टीरिया वायरस के खिलाफ एक निष्क्रिय रक्षा तंत्र का उपयोग करते हैं, जिसमें प्रोटीन निर्माण में अणुओं की अत्यंत कम खुराक शामिल है। शोध में समुद्री जीवाणु सिनेकोकस और फेज सिन9 के बीच के संबंधों की भी जांच की गई। सिनेकोकस इसमें बेहद ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह प्रकाश से ऊर्जा प्राप्त करता है और ऑक्सीजन का उत्पादन करता है, जो समुद्री जीवन के लिए इसे बेहद ही महत्वपूर्ण बनाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि सिनेकोकस सिन9 का प्रतिरोध करके ट्रांसफर आरएनए के स्तर को कम करता है, जो जीन के लिए एक आवश्यक अणु है। जब टीआरएनए का स्तर सामान्य होता है, तो बैक्टीरिया वायरस के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, लेकिन जब टीआरएनए का स्तर कम हो जाता है, तो प्रतिरोध बढ़ जाता है। प्रतिरोध का यह पैटर्न निष्क्रिय है, जिसमें कुछ अंतःकोशिकीय कार्यों का खत्म होना बैक्टीरिया की वायरल संक्रमण से बचने की क्षमता को बढ़ाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि यह प्रतिरोध फेज को बैक्टीरिया कोशिका में प्रवेश करने से नहीं रोकता है, बल्कि नए वायरस के निर्माण को रोकता है, जिससे बैक्टीरिया जीवित रह पाता है। शोधकर्ताओं ने इस शोध में पाया कि बैक्टीरिया ने धीरे-धीरे वायरस के हमले से बचने के लिए एक तरीका खोजा है, जिसका अर्थ है कि कम टीआरएनए स्तर वाले बैक्टीरिया लंबे समय तक जीवित रहे और इससे वायरस से सुरक्षित बैक्टीरिया की नई पीढ़ियां उत्पन्न हुई हैं। शोध में पाया गया कि यह प्रतिरोध की तकनीक केवल सिनेकोकस और सिन9 के बीच ही काम नहीं करती, बल्कि यह अन्य चीजों पर भी काम करती है।

## बांग्लादेश ने शेख हसीना के खिलाफ जारी किया दूसरा गिरफ्तारी वारंट

**ढाका (आईएएनएस)**



- पिछले वर्ष छात्र आंदोलन से उभरे आक्रोश के बाद सत्ता छोड़कर भागना पड़ा था

बांग्लादेश की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस बार वारंट जबरन गायब किए गए लोगों के मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए जारी किया गया। 77 वर्षीय हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप में एक गिरफ्तारी वारंट पहले ही जारी हो चुका है। हसीना को पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन से उभरे आक्रोश के बाद सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने कहा कि दूसरा वारंट उनके शासन के दौरान जबरन गायब किए गए लोगों से संबंधित है। आरोप है कि बांग्लादेशी सुरक्षाकर्मियों ने कथित तौर पर 500 से अधिक लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कुछ को कई सालों तक गुप्त ठिकानों पर हिरासत में रखा गया।